22 may 2022:Layout 1 6/30/2022 1:59 AM Page 1

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 262 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 30 जून 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

## बिहार में हुआ बड़ा राजनीतिक उलटफेर, एआईएमआईएम के चार विधायक राजद में शामिल हुए

**समाज जागरण पटना से बिहार हेड (राजेंद्र कुमार पांडेय की रिपोर्ट)**

पटना बिहार में बड़ा राजनितिक उलटफेर हुआ है. बुधवार को एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायक राजद में शामिल हो गए. वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में बिहार में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन मुस्लिम विधायकों के जीतने में आंकड़े में दूसरे नंबर है. अक्टक्ट को बिहार की पांच सीटों पर जीत मिली है, जिनमें अमौर, कोचाधाम, जोकीहाट, बायसी और बहादुरगंज सीट है. इनमें से चार सीटों पर जीते विधायक अब राजद में शामिल हो गए हैं। पार्टी के जो विधायक राजद में शामिल हो रहे हैं उनके नाम कोचाधामन सीट से विधायक मुहम्मद इजहार अस्फी, जोकीहाट से विधायक शाहनबाज आलम, बायसी से विधायक रुकनुद्दीन अहमद, बहादुरगंज से विधायक अनजार नईमी हैं. हालांकि, एआईएमआईएम नेता अख्तरुल इमाम ने हाल ही में कहा था कि बिहार में एक छोटी पार्टी होने के नाते, बड़ी पार्टियां 2020 के विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद से हमारी पार्टी के विधायकों से संपर्क कर रही हैं। लेकिन वे कहीं नहीं जा रहे हैं। अब इमाम के दावों की हवा निकल गई है। उनके पांच में से चार विधायक अब राजद में शामिल हो गए हैं। इमाम को छोड़कर सारे विधायक अब राजद के सदस्य हो जाएंगे। ओवैसी के विधायकों के राजद में शामिल होने की स्वीकृति मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सभी 4 विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा के चैम्बर में गए।




## जिलाधिकारी उदिता सिंह ने मिडिया कर्मियों से जिले के विकास को लेकर फिडबैक लिया

**समाज जागरण नवादा (आर्यन मोहन)**

नवादाः- जिला पदाधिकारी उदिता सिंह, नवादा के द्वारा बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के सम्मानित प्रतिनिधियों से जिले के विकास के संबंध में फिडबैक प्राप्त किया।उन्होंने सर्वप्रथम सभी पत्रकारों से परिचय प्राप्त किया और जिले के उत्तरोत्तर विकास के लिए पत्रकारों से महत्वपूर्ण फिडबैक प्राप्त किया। जिसमें पत्रकारों ने जिले के हो रहे समस्या जैसे खराब सड़कें,बुधौल में सुरक्षा के लिए पुलिस पिकेट की आवयकता,शहर की जाम की समस्या, ककोलत के सौन्दर्यीकरण। ऐसे तमाम परेशानियां बताया गया।जिलाधिकारी ने मीडिया बन्धुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ककोलत जल प्रपात का जमीन वन विभाग के अंतर्गत आता है।फिलहाल ककोलत की सुरक्षा वन विभाग के गार्डों के माध्यम से करायी जा रही है। उर्वरकों की कालाबाजारी के संबंध में पत्रकारों का फिडबैक प्राप्त हुआ। नल जल योजना को लागू ठीक से रख-रखाव नहीं करने के संबंध में प्रकाश डाला गया। पेय जल की बबार्दी को रोकने के लिए, सभी पत्रकारों के द्वारा एक स्वर से उपाय करने का आग्रह किये। नया बस स्टैंड बुधौल में स्थानान्तरण के संबंध में भी विस्तृत चर्चा हुई। बिजली की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा हुई।जिलाधिकारी ने सभी पत्रकारों से आग्रह किया कि जिले की विकास से संबंधित महत्वपूर्ण फीडबैक लिखकर सुझाव दें, जिससे कि जिले का विकास तीव्र गति से हो सके। कादिरगंज में सिल्क बुनकरों की समस्या के संबंध में जिलाधिकारी ने फिडबैक प्राप्त किये। पत्रकारों ने बताया कि बाजार की कमी से बुनकरों को उचित लाभ नहीं मिल पाता है। खुरी नदी को अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में चर्चा हुई। कचरा प्रबंधन के संबंध में भी पत्रकारों के द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में श्री सत्येन्द्र प्रसाद जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के साथ-साथ दैनिक समाज जागरण के संवाददाता आर्यन मोहन एवं जिले के सम्मानित अन्य प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।




## बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद ने उदयपुर कांड के दोषियों के लिए फांसी की मांग की

**(हरेश उपाध्याय)** दिल्लीः- आज जंतर मंतर पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के अनेकों कार्यकताओं ने उदयपुर कांड के दोषियों को सरेआम फांसी की सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं में बड़ा ही रोष व्याप्त था।उन्होंने कन्हैया के हत्यारोपियों को तड़पा तड़पा कर फांसी देने की मांग कर गहलोत सरकार को बर्खास्त करने की मांग भी की। यद्यपि पुलिस ने धारा 144 व धरने प्रदर्शन पर रोक लगा रखी थी। लेकिन बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के बुलंद हौसले, उन्हें ऐसा करने से नहीं रोक पाए। पुलिस ने कार्यकताओं को रोका और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।




# भारत के इन शहरों में कमरतोड़ महंगाई, रहने-खाने में ही जेब हो जाती है खाली!

***देश और दुनिया में महंगाई बढ़ती ही जा रही है. वहीं देश में कुछ ऐसे शहर भी हैं जो रहने और खाने के लिहाज से काफी महंगे हैं.***

महंगाई हर दिन बढ़ती जा रही है. देश और दुनिया में कई ऐसे शहर है जहां बुनियादी चीजें हासिल करने में भी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं दुनिया के कई ऐसे शहर भी हैं जहां रहना और खाना काफी महंगा है. इन शहरों में भारत के भी कुछ शहर शामिल है.

### ये शहर है महंगे

भारत की बात की जाए देश की वित्तीय राजधानी मुंबई अन्य शहरों के लोगों के लिए रहने-खाने की दृष्टि से सबसे महंगा शहर है. इसके अलावा रहने और खाने के मामले में दिल्ली दूसरे स्थान पर है. हालांकि, ये दोनों शहर वैश्विक शहरों की तुलना में किफायती है. मर्सर के 'कॉस्ट ऑफ लिविंग सर्वेक्षण 2022' के अनुसार मुंबई 127वीं रैंकिंग के साथ देश में रहने और खाने के मामले में सबसे महंगा शहर है.

### ये है दुनिया का सबसे महंगा शहर

वहीं, इस सूची में दिल्ली 155वें, चेन्नई



177वें और बेंगलुरु 178वें स्थान पर है. सर्वेक्षण में पाया गया कि पुणे 201वीं और कोलकाता 203वीं रैंकिंग के साथ देश के सबसे किफायती या कम खर्चीले शहर हैं. वैश्विक शहरों की सूची में ये सभी भारतीय शहर रहन-सहन के मामले में प्रवासियों के लिए सबसे कम लागत वाले स्थानों में से एक है. वहीं, वैश्विक स्तर पर हांगकांग में रहने के लिए दुनिया के अन्य शहरों की तुलना जेब पर सबसे अधिक भार पड़ेगा.

### पसंदीदा शहर

**सर्वे के अनुसार, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए देश में वित्तीय राजधानी मुंबई अपने कारोबार को स्थापित करने के लिए सबसे पसंदीदा शहर है. इसके अलावा हैदराबाद में रहना सबसे सस्ता है. हालांकि, यह रहन-सहन के मामले में पुणे और कोलकाता से महंगा है. वहीं, मुंबई में किराये पर घर लेना सबसे महंगा है. इसके बाद नई दिल्ली और बेंगलुरु का नंबर आता है.**

### कीमतों की हुई तुलना

जिनेवा का ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड का बासेल और बर्न, इजराइल का तेल अवीव, अमेरिका का न्यूयॉर्क, सिंगापुर, जापान का टोक्यो और चीन का बीजिंग भी सबसे खर्चीले शहरों में शामिल है. मर्सर की तरफ से यह सर्वेक्षण इस साल मार्च में किया गया था. इस वर्ष की रैंकिंग में पांच महाद्वीपों में फैले 227 शहरों में आवास, परिवहन, भोजन, कपड़े, घरेलू सामान और मनोरंजन समेत 200 से अधिक वस्तुओं की कीमतों की तुलना की गई है.

## कानपुर के बंसठी में भी होते बचा सांप्रदायिक बवाल : फोर्स तैनात

### धार्मिक स्थल का रंग बदलने को लेकर सामने आए दो संप्रदाय

**सुनील बाजपेई**

कानपुर । यहां कानपुर शहर की परेड में हुई हिंसा पर पूर्ण नियंत्रण पाने के बाद आउटर जिले की चौबेपुर थाने के अंतर्गत बंसठी गांव में भी सांप्रदायिक बवाल होते होते बाल-बाल बच गया।

सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने मामले को शांत कराने के बाद वहां बड़ी संख्या में फोर्स भी तैनात कर दिया है।

घटनाक्रम के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक वंशी गांव में बहुत पुराना धार्मिक स्थल बना हुआ है। यहां दोनों ही संप्रदायों के लोग पूजा-पाठ और इबादत करते हैं । बीते सोमवार की रात को किसी धार्मिक स्थल चबूतरे का एक वर्ग ने पुताई करके उसका रंग बदल दिया उसका रंग बदल दिया।

इसकी जानकारी जब दूसरे संप्रदाय के लोगों को हुई तो वह चबूतरे की पुताई करने वाले लोगों के खिलाफ भड़क उठे ' इसके पहले कि मामला और तूल पकड़ पाता । इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को मिल गई और उन्होंने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। यही नहीं इसके लिए पुलिस को चबूतरे

## शंशाक मिश्रा बने प्रसपा युवजन सभा के प्रयागराज जिला अध्यक्ष

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव व राष्ट्रीय महासचिव आदित्य यादव की संस्तुति के आधार पर प्रसपा युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी के द्वारा शशांक मिश्रा को जिलाध्यक्ष युवजन सभा प्रयागराज के पद पर नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर शशांक मिश्रा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहाँ कि पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए पार्टी को मजबूत करने का हर संभव प्रयास करूंगा जिस प्रकार देश व प्रदेश में बढ़ती महगाई से लोग परेशान हैं वहीं बेरोजगारी से भी परेशान हैं सरकार केवल बुलडोजर का डर दिखाकर आमजनता की जुबान बंद करना चाहती हैं लेकिन प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया ) महगाई ,भ्रष्टाचार ,लूट ,हत्या जैसे मामले को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर आम जनता के हक हुकुम की लडाई लडने का काम करेगीं।

जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने के बाद उनके



आवास पर पार्टी के तमाम कार्यकर्ता युवा साथी उपस्थित होकर बधाई दिया बधाई देने वालो में सर्व श्री भानू यादव,गुलाम रसूल, गोलू चौधरी, शिवम् पांडेय, प्रदीप पासी, आनन्द पाण्डेय, माउद महमद आदि।

## क्षेत्र में निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**समाज जागरण नवादा (आर्यन मोहन)** नवादाः- जिले में बुधवार को स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मण्डप मंदिर से पंचमुखी महावीर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कलश शोभा यात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, विश्व का कल्याण हो.. जय मां जगदंबे की जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जय माता दी एवं जय श्री राम की जयकारे के साथ कलश यात्रा मिजार्पुर स्थित सूर्य कुंड से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद शोभा यात्रा दुर्गा मंडप पहुंची। जहां कलश स्थापना कराई गई।गाजे-बाजे के साथ निकली यात्रा में सजी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रवि रंजन ने बताया कि जय श्रीराम के जयघोष से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



# किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक

### भाईचारे व शांति को भंग करने वाले समाज के हितैशी नहीं होते : पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक ने सदभावना कमेटी के सदस्यों के साथ की बैठक

नूंह जुबैर खान नूंह। जिले में गठित सदभावना कमेटी के सदस्यों के साथ पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने अपने कार्यालय में एक बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में अमन शांति व भाईचारे को मजबूत करना था। इस दौरान जिला की सदभावना कमेटी के सदस्यों ने राजस्थान के उदयपुर की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई। सभी ने देश की अमन शांति बनाने के लिए लोगों से अपील की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने कमेटी के सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इससे जनता और अधिकारियों के बीच के फासले को खत्म करके उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा सकता है। जिला स्तरीय सदभावना कमेटी न्याय और शांतिपूर्ण समाज के लिए जनता और पुलिस के बीच शांति और भाईचारा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय सद्भावना कमेटी में जिले के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शामिल किया गया है और जिला पुलिस के साथ आमजन से तालमेल बनाने के उद्देश्य से यह कमेटी बनाई गई हैं। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से कहा कि बिना किसी भय-दबाव के आपराधिक मामलों, अवैध शराब बेचने वालों, नशा करने, नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालो और कानून व्यवस्था बनाए रखने में बाधा उत्पन करने वालों की सूचना संबन्धित थाना प्रबंधक, उप-पुलिस अधीक्षक और मुझे सीधे फोन पर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस समिति के गठन से क्षेत्र में होने वाले सामान्य अपराधों को पंचायती तरीके से निपटाया जा रहा है। जिला में होने वाले संगीन अपराध (साम्प्रदायिक) अपराधों के निपटान में इस समिति का सहयोग लिया भी ले रहे हैं। इस प्रकार के मामले हल किए जाने से लोगों का आपसी भाईचारा कायम रहेगा और सामाजिक तानाबाना भी मजबूत होगा। इस बैठक में सदभावना कमेटी के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त के संबन्ध में गलत अफवाह फैलाता है तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने जिला पुलिस के सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाडड्ढे की कोशिश करता तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी उप-पुलिस अधीक्षकों व थाना प्रबन्धकों ने अपने-2 कार्यालयों में उप-मंडल स्तर के पीस कमेटी के सदस्टों की मीटिंग ली।



फोटो : सदभावना कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला।

## प्रयागराजः मृत बेटी को तांत्रिक के जरिए 5 दिन तक ज़िंदा करने का होता रहा प्रयास

**राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो**
**दैनिक समाज जागरण**

#प्रयागराजः #करछना इलाके के डीहा गांव के एक परिवार में बेटी की मौत होने पर उसकी लाश को 5 दिन तक घर में ढोंगी तांत्रिक के जरिए झाड़ फूंक कर जिंदा करने का प्रयास होता रहा। जब मकान के अंदर से बहुत तेज दुर्गंध आने लगी तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद शव को पोस्ट्मॉर्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के अनुसार अभय राज यादव की बेटी दीपिका की मौत पांच दिन पहले रहस्यमय स्थिति में हो गयी थी। लेकिन शव का अंतिम संस्कार नही किया गया बल्कि तांत्रिक के जरिए घर के भीतर ही रखकर तंत्र-मंत्र के सहारे उसे जीवित करने की कोशिश होती रही। ढोंगी तांत्रिक भी परिवार को लगातार लड़की के ज़िंदा होने का आश्वासन देता रहा।

जब घर से बहुत तेज दुर्गंध निकालने लगी तो मंगलवार शाम को ग्रामीणों को शक हुआ। उन्होंने करछना थाने में जानकारी दी। पुलिस फोर्स घर पहुंची तो परिवार ने उन्हें



अंदर आने से रोका और शव को उठाने में भी बाधा डाली। पुलिस ने घरवालों से पूछताछ कर किसी तरह से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिर परिवार के लोगों की मानसिक स्थिति को देखते हुए उनको भी समझा बुझाकर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि अभी दीपिका की मौत का कारण साफ नहीं है।पोस्टमार्टम होने पर सच सामने आएगा।















# साधना पथ (भाग 181)



देव मणि शुक्ल



साधकों - हमने देखा है कि सनातन धर्म का पालन करने वाले बुद्धिमान व्यक्ति स्वयं को प्रयत्नपूर्वक विभिन्न प्रकार के नियमों में खुद को बांधते हैं. समय पर ध्यान, पूजा, उपासना, व्रत आदि आदि । प्रायः तथाकथित आधुनिक जीवन पद्धति के हिमायती इसका मजाक उड़ाते हुए दिखाई देते हैं. उन्हें लगता है स्वच्छंदता ही सुख है. लेकिन ऐसा है नहीं.

साधकों - कोई और हमारे लिए नियम बनाए इससे बेहतर हैं कि हम ही अपने लिए नियम तय कर लें । दरअसल धार्मिक नियमों के पालन के पीछे उद्देश्य का है, अपने जीवन को संयमित करते हुए जीवन के लक्ष्य तथा वास्तविक सुख के साधन को प्राप्त करना. वास्तविक सुख का साधन तो धर्म-कर्म और अध्यात्म से ही प्राप्त होता है. क्योंकि यह मनुष्य को सभी सुखों के आधार ईश्वर से जोड़ता है । सिर्फ सुखों के पीछे भागने से सुख की प्राप्ति नही होती. बल्कि कई बार घोर दुख का भी सामना करना पड़ता है. लेकिन सनातन धर्म के नियम हमारा स्वतः उपकार करते हैं । धर्मनिष्ठ व्यक्ति का स्वतः उपकार कुछ इस तरह होता है. , जीवन को सुव्यवस्थित करना ही साधना है. जहाँ कहीं अव्यवस्था पाएं तय मानिए वहां साधना नहीं है. बस कामचलाऊ व्यवस्था में लोग दिन काट रहे हैं. साधना से मन सधता है और सधा मन सधे हुए कार्य करता है. क्योंकि मन को साधना ही सुख का आधार है. यही शांति और सुख के मार्ग की शुरूआत है. सुख और दुख मन से ही संचालित होते हैं ।धर्म को धारण करने से सुख का मार्ग खुलता है । जिन नियमों को हम धारण करते हैं वही धर्म है. जो नियमों को पालन नहीं करता और जिस व्यक्ति में टालमटोल का रोग लग गया जीवन में उसके सब काम अधूरे पड़े रह जाते हैं. यद्यपि ऐसे लोग हर समय व्यस्त रहते दिखाई पड़ते हैं, फिर भी अपना काम पूरा नहीं कर पाते. कामों का बोझ उनके सिर पर लदा रहता है और वे उससे डरते हुए कामों को आगे धकेलने की कोशिश करते रहते हैं. ऐसे लोगों के कल्याण का एक ही रास्ता है उन्हें नियमों में बांधकर संतुलित करो. उन्हें व्यवस्थित करने के लिए उन्हें धार्मिक नियमों के बंधन में बांध दिया जाए. जैसे ही जीवन में व्यवस्था आएगी, उन्नति का मार्ग स्वयं ही प्रशस्त हो जाएगा।

धर्मनिष्ठ व्यक्ति तो स्वतः संतुलित नियमों में बंधा होता है. उसे इस्के लिए अतिरिक्त प्रयत्न की जरूरत ही नहीं. उसका स्वतः उपकार होता रहेगा । धर्मनिष्ठ व्यक्ति का स्व अनुशासन ही उस्का मार्ग प्रशस्त करते चला जाता है। उसे किसी बाहरी बंधन की आवश्यकता नहीं होती।

ये भी पढ़ें-परमात्मा से मिलकर संपूर्ण हो जाइए, तभी मिलेगा असली आनंद।

# भारत की अंदरूनी सामाजिक आर्थिक विषमताएं। देश की वैश्विक छवि के लिए अवरोधक

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2022 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है' वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया' वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए' संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया' हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा' केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है' गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है' हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा' यह सर्व-विदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है' भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है' जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है' इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया है' जिस्का फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैं' 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैं' हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है ' भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी है' संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही है' सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही है' आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी है' भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी है' हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया है' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित है' महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया है' पर यह शत-प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई है' इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन,श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गया' भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।



संजीव ठाकुर,स्वतंत्र लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,

# 30 जून/पुण्यतिथि प्रात:स्मरणीय दादा भाई नौरोजी

दादा भाई नौरोजी का जन्म चार सितम्बर, 1825 को मुम्बई के एक पारसी परिवार में हुआ था। उनके पिता श्री नौरोजी पालनजी दोर्दी तथा माता श्रीमती मानिकबाई थीं। जब वे छोटे ही थे, तो उनके पिता का देहान्त हो गया; पर उनकी माता ने बड़े धैर्य से उनकी देखभाल की। यद्यपि वे शिक्षित नहीं थीं; पर उनके दिये गये संस्कारों ने दादा भाई के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी।

पिता के देहान्त के बाद घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ने से इन्हें पढ़ने में कठिनाई आ गयी। ऐसे में उनके अध्यापक श्री मेहता ने सहारा दिया। वे सम्पन्न छात्रों की पुस्तकें लाकर इन्हें देते थे। निर्धन छात्रों की इस कठिनाई को समझने के कारण आगे चलकर दादाभाई निःशुल्क शिक्षा के बड़े समर्थक बने।

11 वर्ष की अवस्था में इनका विवाह हो गया। इनकी योग्यता देखकर मुम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सर एर्सकिनपेरी ने इन्हें इंग्लैण्ड जाकर बैरिस्टर बनने को प्रेरित किया; पर कुछ समय पूर्व ही बैरिस्टर बनने के लिए इंग्लैण्ड गये दो पारसी युवकों की मजबूरी का लाभ उठाकर उन्हें ईसाई बना लिया गया था। इस कारण इनके परिवारजनों ने इन्हें वहाँ नहीं भेजा।

आगे चलकर जब ये व्यापार के लिए इंग्लैण्ड गये, तो इन्होंने वहाँ भारतीय छात्रों के भोजन और आवास का उचित प्रबन्ध किया, जिससे किसी को मजबूरी में ईसाई न बनना पड़े। गान्धी जी की इंग्लैण्ड में शिक्षा पूर्ण कराने में दादाभाई का बहुत योगदान था। दादा भाई व्यापार में ईमानदारी के पक्षधर थे। इससे उनके अपनी फर्म के साथ मतभेद उत्पन्न हो गये। अतः वे अपनी निजी फर्म बनाकर व्यापार करने लगे।

अमरीकी गृहयुद्ध के दौरान इन्हें व्यापार में बहुत लाभ हुआ; पर गृहयुद्ध समाप्त होते ही एकदम से बहुत घाटा भी हो गया। बैंकों का भारी कर्ज होने पर दादाभाई ने अपने खाते सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खोल दिये। यह पारदर्शिता देखकर बैंकों तथा उनके कर्जदाताओं ने कर्ज माफ कर दिया। कुछ ही समय में उनकी प्रतिष्ठा भारत की तरह इंग्लैण्ड में भी सर्वत्र फैल गयी।

दादाभाई का मत था कि अंग्रेजी शासन को समझाकर ही हम अधिकाधिक लाभ उठा सकते हैं। अतः वे समाचार पत्रों में लेख तथा तर्कपूर्ण ज्ञापनों से शासकों का ध्यान भारतीय समस्याओं की ओर दिलाते रहते थे। जब एक अंग्रेज अधिकारी ए.ओ.ह्यूम ने 27 दिसम्बर, 1885 को मुम्बई में कांग्रेस की स्थापना की, तो दादाभाई ने उसमें बहुत सहयोग दिया। अगले साल कोलकाता में हुए दूसरे अधिवेशन में वे कांग्रेस के अध्यक्ष बनाये गये।

दादाभाई नौरोजी की इंग्लैण्ड में लोकप्रियता को देखकर उन्हें कुछ लोगों ने इंग्लैण्ड की संसद के लिए चुनाव लड़ने को प्रेरित किया। शुभचिन्तकों की बात मानकर वे पहली बार चुनाव हारे; पर दूसरे प्रयास में विजयी हुए। इस प्रकार वे भारत तथा इंग्लैण्ड के बीच सेतु बन गये। उन्होंने ब्रिटिश संसद में भारत से सम्बन्धित अनेक विषय उठाये तथा शासन की गलत नीतियों को बदलवाया। ब्रिटिश शासन के अन्य उपनिवेशों में रहने वाले भारतीयों के अधिकारों के लिए भी उन्होंने संघर्ष किया। उन्हें रेल की उच्च श्रेणी में यात्रा तथा अंग्रेजों की तरह अच्छे मकानों में रहने की सुविधा दिलायी।

91 वर्ष के सक्रिय जीवन के बाद 30 जून, 1917 को दादाभाई नौरोजी ने आँखें मूँद लीं। पारसी परम्पराओं के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को ह्यशान्ति मीनारह्न पर विसर्जित कर दिया गया।

# 30 जून महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1855 - संथाल परगना में स्वाधीनता संग्राम हुआ '
1868 - क्रिस्टोफर श्लेस ने टाइपराइटर के लिए पेटेंट अधिकार हासिल किया।
1870 - अदा केपले यूएस में लॉ कॉलेज से ग्रेजुएट करने वाली पहली महिला बनीं।
1894 - सोलबॉन पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना हुई।
1894 - लंदन में टॉवर ब्रिज को खोला गया।
1914 - दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के अधिकारों के लिये आंदोलन करने के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पहली बार गिरफ्तार किया गया।
1937 - दुनिया का पहला इमरजैंसी नंबर 999 लंदन में जारी किया गया था।
1938 - बच्चों का पसंदीदा कार्टून सुपरमैन पहली बार कॉमिक्स (डीसी कॉमिक्स एक्शन सीरीज भाग-1) में नजर आया।
1947 - भारत के विभाजन की घोषणा के बाद बंगाल और पंजाब के विभाजन के लिए बाउंडरी कमीशन के सदस्यों की घोषणा की गई।
1962 - रवांडा और बुरूंडी देश स्वतंत्र हुये।
1966 - अमेरिका का पहला महिला संगठन नेशनल ऑर्गनाइदेशन फॉर वुमेन का गठन किया गया।
1990 - पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी ने अपनी अर्थव्यवस्था का विलय किया।
1997 - हांगकांग पर से ब्रिटिश हुकूमत खत्म हुई।
2000 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर को कानूनी मान्यता दी।
2005 - स्पेन में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दी गयी।
2007 - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आम सहमति से शांति रक्षण विभाग के बंटवारे का निर्णय किया।
2008 - पाकिस्तान सरकार ने कबाइली खैबर दर्रा क्षेत्र में दहशत फैला रहे तीन आतंकी गुटों पर प्रतिबन्ध लगाया।

**जन्मदिवस**

1903 - भारतीय राजनीतिज्ञ तथा लोक सभा के सदस्य मुकुट बिहारी लाल भार्गव का जन्म हुआ।
1911 - भारतीय साहित्यकार नागार्जुन का जन्म हुआ।
1928 - हिन्दी फि ल्मों के प्रसिद्ध संगीतकर कल्याणजी का जन्म हुआ।
1934 - भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सी. एन. आर. राव का जन्म हुआ।

# 30 जून/इतिहास-स्मृति संथाल परगना में स्वाधीनता संग्राम


स्वाधीनता संग्राम में 1857 ई. एक मील का पत्थर है; पर वस्तुतः यह समर इससे भी पहले प्रारम्भ हो गया था। वर्तमान झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में हुआ ह्यसंथाल हूलह्न या ह्यसंथाल विद्रोहह्न इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

संथाल परगना उपजाऊ भूमि वाला वनवासी क्षेत्र है। वनवासी स्वभाव से धर्म और प्रकृति के प्रेमी तथा सरल होते हैं। इसका जमींदारों ने सदा लाभ उठाया है। कीमती वन उपज लेकर उसी के भार के बराबर नमक जैसी सस्ती चीज देना वहां आम बात थी। अंग्रेजों के आने के बाद ये जमींदार उनसे मिल गये और संथालों पर दोहरी मार पड़ने लगी। घरेलू आवश्यकता हेतु लिये गये कर्ज पर कई बार साहूकार 50 से 500 प्रतिशत तक ब्याज ले लेते थे।

1789 में संथाल क्षेत्र के एक वीर बाबा तिलका मांझी ने अपने साथियों के साथ अंग्रेजों के विरुद्ध कई सप्ताह तक सशस्त्र संघर्ष किया था। उन्हें पकड़ कर अंग्रेजों ने घोड़े की पूंछ से बांधकर सड़क पर घसीटा और फिर उनकी खून से लथपथ देह को भागलपुर में पेड़ पर लटकाकर फांसी दे दी।

30 जून, 1855 को तिलका मांझी की परम्परा के अनुगामी दो सगे भाई सिद्धू और कान्हू मुर्मु के नेतृत्व में 10,000 संथालों ने इस शोषण के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। इनका जन्म भोगनाडीह गांव में हुआ था। उन्होंने एक सभा में ह्यसंथाल राज्यह्न की घोषणा कर अपने प्रतिनिधि द्वारा भागलपुर में अंग्रेज कमिश्नर को सूचना भेज दी कि वे 15 दिन में अपना बोरिया-बिस्तर समेट लें।

इससे बौखला कर शासन ने उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया; पर ग्रामीणों के विरोध के कारण



वे असफल रहे। अब दोनों भाइयों ने सीधे संघर्ष का निश्चय कर लिया। इसके लिए शालवृक्ष की टहनी घुमाकर क्रांति का संदेश घर-घर पहुंचा दिया गया। इस परिणाम यह हुआ कि उस क्षेत्र से अंग्रेज शासन लगभग समाप्त ही हो गया। इससे उत्साहित होकर एक दिन 50,000 संथाल वीर अंग्रेजों को मारते-काटते कोलकाता की ओर चल दिये।


यह देखकर शासन ने मेजर बूरी के नेतृत्व में सेना भेज दी। पांच घंटे के खूनी संघर्ष में शासन की पराजय हुई और संथाल वीरों ने पकूर किले पर कब्जा कर लिया। सैकड़ों अंग्रेज सैनिक मारे गये। इसके कम्पनी के अधिकारी घबरा गये। अतः पूरे क्षेत्र में ह्यमार्शल लाह्न लगाकर उसे सेना के हवाले कर दिया गया। अब अंग्रेज सेना को खुली छूट मिल गयी। अंग्रेज सेना के पास आधुनिक शस्त्रास्त्र थे, जबकि संथाल वीरों के पास तीर-कमान जैसे परम्परागत हथियार। अतः बाजी पलट गयी और चारों ओर खून की नदी बहने लगी।

इस युद्ध में लगभग 20,000 वनवासी वीरों ने प्राणाहुति दी। प्रसिद्ध अंग्रेज इतिहासकार हंटर ने इस युद्ध के बारे में अपनी पुस्तक ह्यएनल्स ऑफ रूरल बंगालह्न में लिखा है, ह्यह्यसंथालों को आत्मसमर्पण जैसे किसी शब्द का ज्ञान नहीं था। जब तक उनका ड्रम बजता रहता था, वे लड़ते रहते थे। जब तक उनमें से एक भी शेष रहा, वह लड़ता रहा। ब्रिटिश सेना में एक भी ऐसा सैनिक नहीं था, जो इस साहसपूर्ण बलिदान पर शर्मिन्दा न हुआ हो।

इस संघर्ष में सिद्धू और कान्हू के साथ उनके अन्य दो भाई चांद और भैरव भी मारे गये। इस घटना की याद में 30 जून को प्रतिवर्ष ह्यहूल दिवसह्न मनाया जाता है। कार्ल मार्क्स ने अपनी पुस्तक ह्यनोट्स ऑफ इंडियन हिस्ट्रीह्न में इस घटना को जनक्रांति कहा है। भारत सरकार ने भी वीर सिद्धू और कान्हू की स्मृति को चिरस्थायी बनाये रखने के लिए एक डाक टिकट जारी किया है।

# गणेश गीता (गीता भाग 98)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी जब राजा बरेण्य को भक्ति के सम्बंध में बातें बता रहे थे तभी वरेण्य ने गजानन से पूछा :--

किं क्षेत्रं कश्चन तद्वेत्ति,
किं तज्ज्ञानं गजानन`
एतदाचक्ष्व मह्यं त्वं,
पृच्छते करुणाम्बुधे`

वरेण्य ने कहा हे करुणा निधान,क्षेत्र क्या है ? उस क्षेत्र को जानने वाला कौन है ,उस्का ज्ञान क्या है ?कृपा करके मुझ प्रश्नकर्ता को आप बताएं

`
वरेण्य के पूछने के बाद गजानन ने कहा :-

पंच भूतानि तन्मात्राः,
पंच कर्मेंद्रियाणि च
`
अहंकारो मनो बुद्धिः,
पंच ज्ञानेन्द्रियाणि च

पृथ्वी जल आदि पांच महाभूत उनकी रस गंधादि तंमात्राएं, पांच कर्मेंद्रियां, अहंकार, मन, बुद्धि और पांच ज्ञानेन्द्रियां




इच्छाव्यक्तं ,श्रुउतिद्वेषौ ,
सुख दुखे तथैव च`
चेतनासहितस्यचायं,
समूहःक्षेत्रमुच्यते`

अव्यक्त( मूल प्रकृति) इच्छा धैर्य द्वेष सुख व दुख ,चेतना सहित यह सारा समूह क्षेत्र कहलाता है`
तज्ज्ञानं त्वं विद्धि मां,
भूप सर्वांतर्यामिण विभुम्
क्यों समूहोऽहं चांपि
यज्ज्ञान विषयौ नृपः
हे राजन्! उसको जाने वाला सर्वांतयामीं,सर्वव्यापक मुझे ही जानो मैं और यह समूह ये दोनों ज्ञान के विषय हैं`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## कोविड मामलों को नियंत्रित करने की बजाय केजरीवाल हिमाचल व गुजरात में चुनावी तैयारियों में व्यस्त है- चौ0 अनिल कुमार

( हरेश उपाध्याय)दिल्ली :-दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि जहां दिल्ली में एक बार फिर कोविड संक्रमितों के आंकड़ों में वृद्धि हो रही है। वहीं मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल दिल्ली छोड़ गुजरात और हिमाचल प्रदेश के आगामी चुनावों के लिए लोगों को गुमराह करने रणनीति बना रहे है। उन्होंने कहा कि कल दिल्ली में 874 नए कोरोना के मामले सामने आए है,जबकि 4 लोगों की मौते हुई है। राजधानी में संक्रमण दर 5.18 प्रतिशत हो गई,जबकि सोमवार को कोविड टेस्ट सिर्फ 16886 हुए। सरकार जानबूझ कर टेस्ट कम करा रही है।चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में ऐसा पहली बार नही हो रहा है कि जब दिल्लीवासी संकट में है और मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों में चुनावी रणनीति में व्यस्त है। उन्होंने केजरीवाल दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने की बात करके इसकी तुलना सिंगापुर, लंदन, पेरिस और न्यूयॉर्क से करते हैं।केजरीवाल कोविड संक्रमण से निपटने के लिए विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा दिल्लीवासियां को मुहैया कराने में क्यों विफल साबित हो रहे है? उन्होंने कहा कि केजरीवाल मौहल्ला क्लीनिकों में कोविड वैक्सीनेशन लगाने की घोषणा करके दिल्लीवासियों को गुमराह कर रहे हैं, जबकि उन्हें मौहल्ला क्लीनिकों में कोविड आरटीपीसीआर टेस्ट की सुविधा लागू करनी चाहिए।चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और उनके मंत्री प्रतिदिन कोई न कोई घोषणा करके दिल्लीवालों को राजधानी की मुख्य समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए भ्रमित कर रहे है जबकि राजधानी में कोविड और डेंगू के बढ़ते मामलों पर केजरीवाल सहित किसी भी मंत्री का कोई बयान नही आया है।



## अलीगढ़ डीएम ने लगाया - जनता दर्शन

**अलीगढ़ ब्यूरो लक्ष्मन सिंह राघव**

अलीगढ़ डीएम ने कलक्ट्रेट में फरियादियों की समस्याओं को सुना, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश। अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने आज कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन में सुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी जनता दर्शन में आये फरियादियो की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु डीएम श्री सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।



## सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव को दी जन्मदिन की बधाई

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य सभा सांसद राम गोपाले यादव का 76 वों जन्म दिन समाज वादी पार्टी द्वारा धूमधाम से मनाया गया। समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश यादव व सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने पार्टी नेताओं के साथ दिल्ली स्थित उनके आवास पर गुलदस्ता व पौधा भेंटकर उन्हें जन्मे दिने की बधाई दी। इस अवसर पर प्रोफेसर रामगोपाले यादव ने जन्मे दिने पर शुभकामनायें देने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी ने उनके स्वस्थ और लंबी उम्र की कामना की साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की वह ऐसे ही हमेशा गरीब ,मजदूर, किसान,नौजवान की आवाज को बुलंद करते रहें। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, मुकेश यादव, प्रमोद यादव मौजूद रहे।



## अलीगढ़ एडीएम सिटी व एसपी सिटी -ने किया पैदल मार्च

**अलीगढ़ ब्यूरो लक्ष्मन सिंह राघव**

अलीगढ़ एडीएम सिटी राकेश कुमार पटेल,एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुनावत ने अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर सिटी मजिस्ट्रेट प्रदीप वर्मा के साथ ऊपरकोट कोतवाली से लेकर रेलवे रोड तक पैदल मार्च करते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



## हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में टाप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लागू सरकार की योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूकता बढ़ाये जाने तथा पठन-पाठन के स्तर में वृद्धि लाने विषयक जनपद बांदा में
आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । उक्त बैठक में विभिन्न योजनाओं से
सम्बन्धित विभाग के जनपदीय अधिकारियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में / विद्यार्थी हित में चलाई जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूकता लाने हेतु जनपद बांदा के समस्त प्रधानाचार्यों को योजनाओं से अवगत कराया गया, जिससे प्रधानाचार्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुये अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित कर सकें। उक्त कार्यक्रम में परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022 में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश सूची में टाप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले एवं जनपद स्तरीय टाप टेन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी बांदा, संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल, वेद प्रकाश मौर्य मुख्य
विकास अधिकारी बांदा, मंशाराम उपशिक्षा निदेशक झांसी मण्डल, अम्बुजा त्रिवेदी पुलिस उपाधीक्षक पुलिस लाइन बांदा, गीता सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी बांदा, जिला प्रोबेशन अधिकारी बांदा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बांदा, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी बांदा, मुख्य चिकित्साधिकारी बांदा, जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा, आदि उपस्थित रहे।

## सेंट मार्क सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण



(हरेश उपाध्याय):-उत्तर पूर्वी दिल्ली:-सेंट मार्क सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल हर्ष विहार में आज वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें स्कूल के चेयरमैन अभिषेक राणा एडवोकेट, प्रधानाचार्य सुमन सिंह,स्कूल डायरेक्टर विनोद राणा व सत्यवीर सिंह तथा स्कूल एडवाइजर नेपाल सिंह और ने सभी स्टाफ मैम्बर ने सैकड़ों पौधे लगाए। हर स्टाफ मैम्बर ने अपने नाम से एक-एक पौधा लगाया और उन्हें सुरक्षित रखने की प्रतिज्ञा ली। स्कूल चेयरमैन अभिषेक राणा एडवोकेट ने सभी को संबोधित करते कहा कि पेड़ लगाना आज के समय हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि जिस तरीके से पर्यावरण पेड़ पौधे ना होने के कारण कारण नष्ट हो रहा है।यह आने वाले समय में एक बहुत ही खतरनाक संकेत है।इसे रोकने का यही तरीका है कि हर व्यक्ति अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुमन सिंह ने पेड़ लगाते हुए कहा कि पेड़ लगाने से हमें बहुत ज्यादा फायदा होगा और स्कूल में हरियाली भी होगी व पोलूशन से भी राहत मिलेगी।स्कूल डायरेक्टर विनोद राणा व सत्यवीर सिंह ने सभी का पेड़ लगाने के लिए धन्यवाद किया।

## डाक विभाग ने स्वामी करपात्री जी महाराज की स्मृति में जारी किया डाक टिकट

(पंकज पांडे, हरेश उपाध्याय)
दिल्लीः-




भारतीय डाक विभाग द्वारा स्वामी करपात्री जी महाराज की स्मृति में 29 जून को एक स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लाक में उक्त डाक टिकट भारत सरकार के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा संचार विभाग के राज्य मंत्री श्री देबु सिंह चौहान, रक्षा एवं पर्यटन विभाग के राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, चीफ पोस्टमास्टर जनरल दिल्ली परिमंडल श्रीमती मंजू कुमार की उपस्थिति में जारी किया गया। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 5 रुपए का उक्त डाक टिकट वाराणसी प्रधान डाकघर में बिक्री के लिए उपलब्ध है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में जन्मे स्वामी करपात्री जी महाराज ने काशी में यथोचित ज्ञान प्राप्त किया और पूर्ण रूप से सन्यासी बन गए। अपनी धार्मिक यात्राओं के माध्यम से समाज में ज्ञान का प्रचार-प्रसार करने वाले स्वामी करपात्री जी महाराज ने तमाम महत्वपूर्ण पुस्तकें और ग्रन्थ भी लिखे। उन्होंने 1940 में धर्म संघ की स्थापना की। श्री धर्म संघ शिक्षा मंडल, काशी की स्थापना कर इसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर संस्कृत विद्यालयों की स्थापना का श्रेय भी उन्हें जाता है। जीवन के अंतिम समय तक आसक्ति, अहंकार और कर्मासक्ति से स्वतंत्र रहते हुए वे उत्साहपूर्वक वैदिक धर्म संस्कृति के संवर्धन में लगे रहे।

## आगरा जिला प्रशासने ` भू- माफियाओं का साथ दे रहा है ` - कपिल बाजपेई




आगरा। जॉन्स मिल जमीन घोटाले में भू- माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी का धरना एवं प्रदर्शन छठे दिन भी` जारी रहा ।

इस अवसर पर आप नेताओं ने जिला प्रशासन से` भू- माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई कराने की बात को कहो । जब पूरा मामला सरकार के संज्ञान में है रिपोर्ट बन चुकी है तब किस प्रकार से यहां पर अभी भी भू - माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।

धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता कपिल बाजपेई ने कहा कि हमने आज बाबाजी के बुलडोजर का खिलौना प्रशासन को भेंट करने के लिए धरना स्थल पर लाए हैं, क्योंकि आगरा में बुलडोजर भू माफियाओं के लिए नहीं गरीब के ऊपर कारवाई करने के लिए गरजता है। मालूम होने के बावजूद भी आगरा विकास प्राधिकरण के द्वारा इजाजत देकर भू-माफियाओं को संरक्षित करा गया है, अगर भू -माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती है तो हमारा धरना यथास्थिति चलता रहेगा।

इस मौके पर कपिल बाजपेई , डॉ वीरेंद्र सिंह, कैलाश चंद्र एडवोकेट ,अतुल दीक्षित, सुनील तिमोरी, अब्दुल रहमान ,अश्वनी शर्मा, एडवोकेट विष्णु पंडित प्रवेंद्र यादव हर्ष यादव अनुज गुप्ता ,योगेश सत्संगी, छोटे लाल शर्मा, नीरज शर्मा, गौरव बघेल, रामसेवक धाकरे, अनिल कुमार, अमित कुमार ,माधुरी शर्मा, बिट्टू , सत्य प्रकाश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस का आयोजन



देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिलाधिकारी सुहास एलवाई के निदेशों के क्रम में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत "नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा व स्वास्थ्य विभाग की और से राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, रणविजय सिंह एडीशनल डी०सी०पी० एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में महिला थाना की एच० एच० ओ०, नीरज उपस्थित रही। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राजकीय आयुविज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के डॉयरेक्टर डॉ० विग्रेडियर राकेश गुप्ता एवं डॉ० सुनील कुमार शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया।

राजकीय आयुविज्ञान संस्थान की चिकित्सक डॉ० पायल जैन ने नशे के दुरूपयोग के बारे में बताया व इसके साथ ही साथ नशाखोरी की चपेट में आने वाले युवा वर्ग इस तरह जाल में फंसता है कि उसके सोचने समझने की क्षमता भी नष्ट हो जाती है, जिससे वह अपने जीवन में कोई भी निर्णय नहीं ले पाता है। नशा करने के लिये अनेक मादक पदार्थों का सेवन जैसे-शराब, गांजा, चरस, स्मैक, अफीम, बीडी, सिगरेट एवं तम्बाकू आदि का सेवन करने लगता है। नशाखोरी से व्यक्ति अनेक ऐसे गलत कार्यों को करने लगता है जो समाज के खिलाफ होते है। रणविजय सिंह, एडशिनल डी०सी०पी० ने बताया कि भारतीय समाज मे सबसे अधिक संख्या युवा वर्ग की है। युवा वर्ग देश के विकास का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। वर्तमान मे हमारे देश के युवा नशाखोरी की समस्या से जूझ रहे है नशाखोरी मे डूबा हुआ व्यक्ति अनेक समस्याओं का सामना करने की अपेक्षा, समस्याओं को भुलाने के लिये नशे का सहारा लेता है और यह नशा उसके जीवन के शारीरिक, मानसिक, समाजिक एवं आर्थिक स्तर को नीचे गिराता है।

आई०एम०ए० के अध्यक्ष, प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ० सुनील अवाना ने मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक बीमारियों का प्रमुख कारण नशे की लत की वजह से मानसिक बीमारियां बढ़ रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों को नशा छोड़ने के लिये प्रोत्साहित किया और बताया कि नशा हमारे सम्पूर्ण जीवन को बर्बाद कर देता है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी (नोडल अधिकारी, नशा मुक्त भारत अभियान) ने बताया गया कि नशे से होने वाली मानसिक एवं शारीरिक बीमारियों के बारे में जागरूक किया। डॉ० सुनील कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा बताया गया कि हमारे जिले मे मानसिक स्वास्थ्य विभाग संयुक्त जिला चिकित्सालय, सैक्टर-30, नोएडा में 03 दिवस ओ० पी० डी० सेवायें दी जाती है एवं 03 दिन मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा क्षेत्रीय गतिविधियां, स्कूल / कॉलेज, सामुदायिक / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों स्वंय सेवी संस्थान इत्यादि में दी जाती है।

डॉ० श्वेता खुराना, जनपदीय सलाहकार द्वारा आये समस्त अतिथिगण को भारत सरकार द्वारा निर्देशित नशा मुक्त अभियान की शपथ दिलवाई गई। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। डॉ० सुनील दोहरे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी, एन०सी०डी० द्वारा आभार व्यक्त करते हुये सभी को धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम का समापन किया।

## जनपद में शांति व कानून व्यवस्था पर खतरा बने माफियाओं पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव**

बांदा - जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियत्रंण लगाये जाने, सहित मिशन शक्ति के तहत महिला सम्बन्धी अपराधो पर कार्यवाही करने, साथ ही थानों में कार्य के प्रति अनुकुल वातावरण तैयार करने तथा सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित करने जैसे कई त्वरित एवं प्रभावी कार्य किये गए पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया गया कि जनपद बांदा में शासन के मनसा रूप जनता को पुलिस से जोड़ना व थानों की साफ सफाई, जन शिकायतों का निस्तारण, खुले में कोई भी धार्मिक गतिविधि ना हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के द्वारा बताया गया कि अभी तक जनपद में एनएसए के तहत 5 लोगों पर कार्यवाही की गई है। 152 मामले धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज किए गए है। साथ ही 16 अपराधियों को जिला बदर किया गया था जिसमें 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिला बदर होने के बावजूद अपने गांव में निवास कर रहे थे। अभी तक लगभग 10 करोड़ की अवैध संपत्ति जप्त की गई है। साथ ही जनता से जुड़ने के कार्यक्रम के अंतर्गत सी प्लान ऐप के तहत लगभग 20 हजार लोगों को जोड़ा जा चुका है जिसमें पुलिसकर्मी संभ्रांत व्यक्तियों के साथ संपर्क रखते हैं वह उनका पद मोबाइल नंबर सहित सभी जानकारी रखते हैं और उनसे समय-समय पर जानकारियां लेते रहते हैं।

## नकली पुलिस वाले बन कर महिला से उतरवाई सोने की चूड़ियां

(हरेश उपाध्याय,अमरजीत सिंह) दिल्लीः- बुजुर्ग महिला से चार सोने के कड़े लेकर थमाईं पीतल की तीन चूड़ियां।ईस्ट दिल्ली के मधु विहार में एक बुजुर्ग महिला कबूतरों को दाना डालने निकली लेकिन उसे मिल गए नकली पुलिसवाले 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला को डकैती और चाकूबाजी का डर दिखाकर उनके सोने के चार कड़े उतरवा लिए। फिर उसके बदले में आरोपी ने उन्हें एक रूमाल में पीतल की तीन चूड़ियां लपेटकर दे दीं। महिला ने जब घर जाकर रुमाल खोला, तो अपने साथ ठगी होने का पता चला। तब उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दी। पुलिस ने पीड़िता प्रेमलता के बयान पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।प्रेमलता परिवार समेत आईपी एक्स्टेंशन स्थित एक अपार्टमेंट में रहती है। सोमवार सुबह कबूतरों को दाना डालने के लिए निकलीं थीं तभी रास्ते में कुछ लड़कों ने उनसे कहा आपको वह पुलिसवाला बुला रहा है। महिला सादे कपड़ों में खड़े उस शख्स के पास चली गई। आरोपी ने भी खुद को पुलिसवाला बताया। साथ ही महिला से कहा कि कल रात यहां डकैती हुई है और चाकू मारे गए हैं। हमें ऑर्डर मिला है कि आते-जाते लोगों को चेक करो ।आरोपी ने महिला को जाल में फंसाने के लिए पहले से उसके पास खड़े कुछ लड़कों की जूलरी उतरवाकर रुमाल में रखकर उनके हाथ में दी। आरोपी ने महिला को भी अपने कड़े उतारने को कहा। महिला ने कहा कि उनके हाथ की हड्डी टूटी हुई है।कड़े बहुत टाइट हैं। इसलिए उतरेंगे नहीं। इसके बाद आरोपी ने अपनी जेब से चिकना पदार्थ निकालकर महिला की कलाई पर डाल दिया। महिला के कड़े आसानी से उतर गए।उन्होंने कड़े उतारकर अपने ब्लाउज में रख लिए। मगर आरोपी ने उन्हें कड़े रुमाल में रखने के लिए कहा। महिला ने 7 तोले सोने के कड़े निकालकर आरोपी को दे दिए।आरोपी ने कड़े रुमाल में रखकर महिला को वापस तो किए, मगर घर जानकर रुमाल खोला तो महिला के होश उड़ गए क्योंकि उसमें कड़े की जगह पीतल की तीन चूड़ियां निकलीं।

## निगम का 'मेरा प्लास्टिक, मेरी जिम्मेदारी' अभियान शुरू

*मेयर और नगर आयुक्त ने की सफाई, प्लास्टिक के पुतले की निकाली अर्थी*



आगरा (वी एन मिश्र) आगरा नगर निगम ने बुधवार को ताजमहल के पास दशहरा घाट की सफाई की और शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने के लिए 'मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी' अभियान की शुरूआत की। शहर में अब सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जाएगा। दशहरा घाट पर सफाई के बाद प्लास्टिक के पुतले की अर्थी निकाल कर उसे डिस्पोज किया गया।

मेयर नवीन जैन, नगर आयुक्त निखिल फुंड़े समेत तमाम अधिकारियों ने प्लास्टिक को दानव बताते हुए प्लास्टिक के पुतले की अर्थी निकाली। राम नाम सत्य है... बोलते हुए उसे डिस्पोज किया गया। ताजमहल के साए में पुतले की अंत्येष्टि के साथ प्लास्टिक इस्तेमाल न करने की शपथ ली गई। मेयर ने कहा कि प्लास्टिक की अर्थी निकालने का मतलब प्लास्टिक को जड़ से समाप्त करना है।

इसके बाद मेयर नवीन जैन और नगर आयुक्त निखिल टी फुंडे व नगर निगम के आला अधिकारियों ने खुद दशहरा घाट पर से प्लास्टिक, पॉलिथीन और गंदगी को साफ किया। मेयर ने कहा कि यह शहर सभी लोगों का है। सभी का हक बनता है कि वह शहर को साफ और स्वच्छ बनाए रखने का सहयोग करें। इसी को लेकर प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरूआत की गई है। यमुना के तल पर प्लास्टिक और गंदगी का अंबार रहता था, लेकिन अब से यह अंबार नहीं दिखेगा, सभी लोग अपने अपने एरिया में इस अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक करें और स्वयं प्लास्टिक इग्नोर करते हुए उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड करें।

नवीन जैन ने कहा कि इससे लोगों में जागरूकता होगी। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के इस्तेमाल से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। जब प्लास्टिक नहीं थी तो भी सब काम होते थे। लोगों को यह ध्यान रखना होगा कि प्लास्टिक का सामान टूटने पर प्लास्टिक को सही तरीके से डिस्पोज किया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक का बिल्कुल इस्तेमाल न किया जाए।

**तीन जुलाई तक चलेगा प्लास्टिक मुक्त अभियान**

दशहरा घाट पर कार्यक्रम के दौरान महापौर नवीन जैन के लोगों को प्लास्टिक मुक्त अभियान की शपथ दिलाई और अन्य लोगों को भी शपथ दिलाने का आह्वान किया। इसके बाद सभी लोगों के द्वारा बोर्ड पर हस्ताक्षर भी किए गए, और यह निर्णय लिया गया कि आज से न हम प्लास्टिक का इस्तेमाल करेंगे और न किसी को करने देंगे। शहर के 100 वार्डो में अलग-अलग तरीके से लोगों को जागरूक करने का काम किया जायेगा। अगर उसके बाद भी लोग प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हुए पाया जायेंगे तो उन पर कार्यवाही भी की जायेगी। आज से हमने आगरा में प्लास्टिक को पूरी तरह से समाप्त करने का निर्णय लिया है।

## श्रीकांत श्रीवास्तव को पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष के पद पर किया गया नियुक्त

**रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव**

बांदा - पत्रकार एकता महासंघ फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित अवस्थि के द्वारा श्रीकांत श्रीवास्तव को जनपद बांदा उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन द्वारा मनोनयन की हृदय से बधाई देते हुए आशा की है। कि श्रीकांत श्रीवास्तव के सहयोग से पत्रकार एकता महासंघ फाऊंडेशन (रजि) पत्रकारों को संगठित करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। आपको बतादे की पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित अवस्थी के द्वारा श्रीकांत श्रीवास्तव को पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि पत्रकार एकता महासंघ हमेशा से पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न के प्रति आवाज उठाता रहा है। पत्रकारों की समस्याओं को लेकर हमेशा पत्रकारों के साथ खड़ा रहा है। श्रीकांत श्रीवास्तव के द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया है। उन्होंने ने कहा कि हम अपने जनपद में पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन का विस्तार करेंगे एवं पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी का निर्वाहन पूरी जिम्मेदारी से करेंगे।



## ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, काटे चालान

### यातायात नियम पालन करने व कागजात रखने की सख्त चेतावनी दी

**दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा नूरपुर।** यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों की खैर नहीं है। यातायात पुलिस की नजर हर वाहनों पर है।यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने शहर के झंडा चोक स्थित चैकिंग जांच अभियान चलाकर चालान काटे अभियान के दौरान कमर्शियल वाहनों की जांच की गई जांच के क्रम में वाहन चालकों की ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस, ओवरलोड और प्रदूषण समेत अन्य कागजात जांच की गई। जिनके कागजात सही नहीं पाए गए उनसे जुमार्ना वसूले गया।मौके पर मौजूद यातयात प्रभारी सोहेल अब्बास ने बताया कि दर्जनों वाहनों का ऑनलाइन व ऑफलाइन चालान काटा गया। वाहन चालकों को यातायात नियम पालन करने और वाहन संबंधित कागजात साथ रखने की सख्त हिदायत दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।इस दौरान उनके साथ मितेश कुमार व प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने पशुओ से भरे वाहन को पकडा दो का चालान।

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा नूरपुर।पुलिस ने बेजुबान पशुओ को वाहन मे भर कर ले जा रहे दो व्यक्तियो को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस उपमहानिरीक्षक योगेश कुमार ने बताया की व पुलिस कर्मियो के साथ वाहन चैकिंग अभियान के अंतर्गत चैकिंग कर रहे थे।इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम हकूमतपुर के निकट कुछ व्यक्ति एक वाहन मे पशुओ को भर कर लेषजा रहे थे।सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने वाहन को रोककर चैकिंग की तो उसमे आठ पशुओ को ठूंस कर भर रखा था।पुलिस पशुओ से भरे वाहन को थाना ले गई।पूछताछ के दौरान वाहन चालक बाबू खान पुत्र अब्दुल मजीद निवासी शिवाला कलाँ व दूसरे अनिल कुमार पुत्र राजवीर सिंह ने बताया की वह पशुओ को जंगल मे छोडने जा रहे थे।पुलिस ने उक्त दोनो व्यक्तियो के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत उनका चालान कर दिया।थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी ने चालान किए जाने की पुष्टी की है।

## केवटरा डेरा में बस से गिरकर शिक्षिका गम्भीर रूप से हुई घायल, कानपुर ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

**रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव**

बांदा - जसपुरा थाना क्षेत्र के सिकहुला गांव के मजरा केवटरा डेरा में बस से गिरकर शिक्षिका गम्भीर रूप से घायल हो गई राहगीरों ने देखा तो तुंरत ही 108 एम्बुलेंस तथा स्थनीय पुलिस को जानकारी दी।मौके पर पहुँची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल शिक्षिका को 108 एम्बुलेंस से जसपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा जहाँ पर प्राथमिक उपचार के डॉक्टरों ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया।पड़ोसी जनपद हमीरपुर के ललपुरा थाना क्षेत्र के सुआसा गांव की सुरभि सिंह सेंगर पत्नी कृष्ण कुमार सिंह सेंगर जसपुरा ब्लॉक के सिकहुला गांव के मजरा केवटरा डेरा के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका के पद में कार्यरत हैं जो कि आज बुधवार को विद्यालय की छुट्टी के बाद प्राइवेट बस में सवार होकर अपने घर जा रही थी।बस चित्रकूट से वापस घाटमपुर जा रही थी तभी केवटरा डेरा में शिक्षिका ने बस रुकवाकर उसमें चढ़ गई लेकिन बस में सीटें खाली न होने पर उससे उतरने लगी इस दौरान बस के चलने से वह गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गई और बस चालक ने मौके से गाड़ी बढ़ाकर भाग निकला,वही निकल रहे राहगीरों ने शिक्षिका को गम्भीर रूप से घायल देखा तो तुंरत ही जसपुरा पुलिस एवं 108 एम्बुलेंस को जानकारी दी।108 एम्बुलेंस ने घायल शिक्षिका को जसपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहाँ से प्राथमिक उपचार कर बाद हालत गंभीर होते देख डॉक्टरों ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। वही जसपुरा पुलिस ने बस व उसके चालक को सुमेरपुर पुलिस की मदद से सुमेरपुर कस्बे में पकड़वाकर जसपुरा थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है।

# लापता आई टी आई छात्र का शव नहर में मिला, क्षेत्र में मचा हड़कंप

### *इकलौते बेटे का शव देखकर परिजनों में मचा कोहराम*

समाज जागरण /अखिलेश सिंह/कृष्णा सिंह

**पिहानी/हरदोई।** कोतवाली पिहानी में पसिगवां थाना क्षेत्र से लापता चल रहे आईटीआई के छात्र का शव तीसरे दिन शारदा नहर की निपनिया झाल से बरामद हुआ। बताया जाता है कि सोमवार की शाम से छात्र लापता था।लखीमपुर खीरी जिले के पसिगवां थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वा की पूर्व प्रधान सुशीला देवी का पुत्र प्रियांशु कुमार (20) पुत्र अशोक कुमार हरदोई में आ-ईटीआई का छात्र है। परिजनों ने बताया कि किसी से कोई रंजिश भी नहीं थी। कोतवाल बेनी माधव के साथ एस एस आई रमेश सिंह के साथ पुलिस बल ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रविवार को वह हर-दोई से घर वापस आया था। सोमवार शाम लगभग चार बजे वह घर से किसी बात पर गुस्सा होकर



मोबाइल छोड़ कर साइकिल से निकला था और तब से वापस नहीं लौटा। इस बीच परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। उसका कुछ पता नहीं चलने पर पिता अशोक कुमार ने पसिगवां थाने में प्रियांशु की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तलाश के दौरान प्रियांशु की साइकिल और चप्पल शारदा नहर के पास पड़े मिले थे। बुधवार को तीसरे दिन घटनास्थल से लगभग पचास किमी दूर पिहानी कोतवाली क्षेत्र में शारदा नहर की निपनिया झाल में उसका शव उतराता मिला। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने बताया कि सूचना पर पहुंचे पिता अशोक कुमार, चाचा राहुल, सत्येंद्र व कुलदीप ने शव की शिनाख्त प्रियांशु के रूप में कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शव मिलने की सूचना पर नहर के आसपास लोगों की भीड़ जमा रही। मृतक माता-पिता का इकलौटा पुत्र था। उसकी दो छोटी बहनें हैं।

## बृहद रोजगार मेले का आयोजन 30 जून को-मीता गुप्ता

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

**हरदोई।** जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया है कि शासन की मंशानुसार रोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय हरदोई द्वारा 30 जून 20 को प्रातः 10 बजे से एक बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की कम्पनियां लगभग 6 कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है। जो हाई स्कूल/इन्टर मीडिएट/स्नातक/परास्नातक/ आईटीआई/डिप्लोमा/कौशल विकास प्रशिक्षिति योग्यताधारी अभ्यर्थी की आयु 18-40 वर्ष के पुरूष व महिला अभ्यर्थियों का चयन करेगी। इस सम्बन्ध में इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन www.sewayojan.up.nic.in पोर्टल पर पंजीकरण कराकर कम्पनियों में आवेदन करे। सेवायोजन पंजीकरण कार्ड एवं शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी समस्त स्व प्रमाणित एक सेट बायोडाटा तथा पासपोर्ट साइज फोटो सहित 30 जून को प्रातः 10 बजे कार्यालय परिसर में उपस्थित हो। आवश्यक जानकारियां एवं शर्तें कम्पनी अधिकारियों द्वारा तत्समय ही प्रदान की जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिए सेवायोजन पोर्टल पर लॉगिन करे।

## आम महोत्सव-2022 का आयोजन अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में 4 जुलाई सेः-सुरेश कुमार

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

हरदोई। जिला उद्यान अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया है कि 4जुलाई से 7 जुलाई 2022 तक आम महोत्सव-2022 का आयोजन अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर-9 अमर शहीद पथ, लखनऊ में आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री उत्तर द्वारा 4 जुलाई एवं समापन राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा 7 जुलाई को किया जाना है जिसमें उच्चकोटि के आम उत्पादकों को सम्मानित किया जायेगा।इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद के उत्कृष्ट इच्छुक आम उत्पादक कृषकों/बागवानों को सूचित किया जाता है कि वह आम महोत्सव-22 में अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर-9 अमर शहीद पथ, लखनऊ में प्रतिभाग कर अपने-अपने बागों से उच्चकोटि के आम के प्रदर्शन के लिए स्टाल लगा सकते हैं और आम तथा पौध की बिक्री भी कर सकते हैं।

## मलेरिया के बचाव में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समाज जागरण/ रामेंद्र सैनी

**कछौना(हरदोई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में एचसीएल फाउंडेशन सेवा मोब राजकुमारी फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एंटी मलेरिया के बचाव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत मोबाइल हेल्थ क्लीनिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गई। मरीजों का परीक्षण, जांच व चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर डॉ प्रमोद ने बताया कि मलेरिया से बचाव के लिए आसपास पानी एकत्र न होने दें। खाली पड़े टायर, गमलों में पानी न जमा होने दें। फ्रिज की ट्रे की नियमित सफाई आवश्यक है। हमेशा फुल कपड़े पहने। मच्छर से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। इलाज हमेशा प्रशिक्षित डॉक्टर से ही कराएं। इस शिविर का दूरदराज के नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लगभग एक सैकड़ा मरीजों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ किसलय बाजपेई, एचसीएल फाउंडेशन के हेड योगेश कुमार, फैक अल्वी, जयशंकर राय, सौरव तिवारी, नर्स स्नेह लता, रीटा राणा, विजय कुमार, मंजू आदि ने प्रतिभाग किया।

## ग्राम सभा महरी व लोन्हारा में भाजपा नेता ने फीता काटकर अस्थाई गौआश्रय स्थल का किया उद्घाटन

समाज जागरण

**हरदोई।** विकास खण्ड कछौना में छुट्टा जानवरों की समस्या के निजात के लिए ग्राम सभा लोन्हारा व महरी में भाजपा नेता संचित अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। युवा भाजपा नेता में बताया सरकार गौवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सतत प्रयासरत है। छुट्टा जानवरों को किसानों से निजात दिलाने के लिए ग्राम सभा में अस्थाई गौआश्रय स्थल बनवाए जा रहे हैं। वही उपयोगी पशुओं को सुपुर्द कर पालन के लिए 30 रुपये प्रतिदिन की आर्थिक सहायता की जा रही है। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद



अग्रवाल ने कहा छुट्टा जानवरों की समस्या ज्वलंत समस्या है, जो वर्तमान परिवेश में कृषि कार्य आधुनिकीकरण के कारण पशुपालकों ने छोड़ दिए हैं। इन पशुओं की उपयोगिता का लाभ लोगों को उठाना है। इनके गोबर से जैविक खेती में बढ़ावा दिया जा सकता है। जिससे हम सब अनजाने में खेती में रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कर बीमार पड़ रहे हैं। वही खेती की उर्वरक क्षमता भी कमजोर पड़ रही है। गौ-आश्रय स्थल छुट्टा जानवरों के लिए है। उनका चिन्हीकरण कर गौशाला में लिया जाएगा। कोई पशुपालक अपना पालतू जानवर छोड़ेगा तो उसके खिलाफ पशु क्रूरत अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। ग्राम प्रधान महरी आशीष कुमार ने बताया आप सभी की सहमति से आदर्श गौ-आश्रय स्थल चलाया जाएगा। ग्राम सभा की खाली पड़ी चरागाह की भूमि पर गांव के किसानों द्वारा फसल उत्पादन कर सहभागिता से गौआश्रय स्थल का संचालन किया जाएगा। जिससे गौवंशों को आसानी से चारा मिल सकेगा। गौवंशों के गोबर व मूत्र से जैविक खेती के लिए किसानों को जागरूक किया जाएगा। इन गौआश्रय स्थल खुलने से ग्राम सभा महरी व लोन्हारा के किसानों को छुट्टा गौवंशों से निजात मिलेगी।इस अवसर पर लोन्हारा ग्राम प्रधान पति बृजलाल, ग्राम प्रधान महरी आशीष कुमार, ग्राम सचिव विवेक कुमार सिंह, एडीओ पंचायत संतोष कुमार, सचिव पवन कुमार, सचिव प्रदीप कुमार, ग्राम प्रधान महेश गुप्ता, ओम प्रकाश, राजेंद्र गौतम, मटरू, श्रीश मिश्रा, अरविंद कुमार रोजगार, सेवक रजनीश कुमार, दिनेश कुमार, प्रधान प्रतिनिधि कौशल, युवा भाजपा नेता राहुल अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अपर जिला अधिकारी ने पॉलीथिन बहिष्कार को दिलाई शपथ

दैनिक समाज जागरण संभल

नगर पालिका परिषद संभल की ओर से चयनित होने पर अब्बासी सोसाइटी सदस्यों ने शपथ लेकर किया जागरूकता रैली व स्वच्छता कार्यक्रम में सहयोगशासन के आदेश अनुसार पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा पांच दिवसीय सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके संबंध में प्रथम दिन एन सीसी कैटेड नगर पालिका कर्मचारी व अब्बासी सोसाइटी सदस्यों को शपथ दिलाकर जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली शहर में निकाली गई, जिसमें लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक यूज न करने की अपील की गई। सम्भल में बुधवार को पांच दिवसीय सिंगल यूज



प्लास्टिक पर प्रभावी प्रतिबंध हेतु महाशपथ अभियान व नगर पालिका मैदान में स्वच्छता कार्यक्रम के साथ-साथ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिला अधिकारी कमलेश कुमार अवस्थी ने शपथ दिलाकर एनसीसी कैडेट व अब्बासी सोसाइटी सदस्यों की रैली को रवाना किया इस दौरान उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी रामपाल, एनसीसी कैडेट, समाजसेवियों ने रैली में भाग लेकर शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए लोगों को जागरूक किया। प्रथम दिन नगर पालिका परिषद के परिसर मैं से प्लास्टिक को एकत्रित किया गया। उसके बाद सभी लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का यूज न करने की शपथ दिलाकर शहर में रैली निकाली गई। इस दौरान एनसीसी कैडेटों व अब्बासी सोसाइटी ने नारो के माध्यम से शहर वासियों को जागरूक किया। रैली के समापन के बाद उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्र ने रैली में शामिल सभी लोगों को संबोधित करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रामपाल ने बताया कि शासन के आदेश अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में पांच दिवसीय कार्यक्रम रहेगा जिसमें लोगों को तरह-तरह के माध्यम से जागरूक किया

# संभल सदर बाजार में रास्ते में खड़ी मोटर साईकलों को प्रभारी ने फ्लैग मार्च के दौरान भिजवाया कोतवाली

दैनिक समाज जागरण संभल

सदर कोतवाली पुलिस द्वारा बाजार में सुरक्षा के मद्देनजर फ्लैगमार्च किया गया। इस दौरान रास्ते मे जो वाहन आड़े तिरछे दिखाई दिए उन्हें कोतवाली भिजवा दिया गया।बता दें कि बाजार में अतिक्रमण तो हटवा दिया गया है किंतु अभी भी लोग नही मानते अपनी मोटर साईकल आडी तिरछी सड़क की साइडों में लगा देते हैं, इससे आने जाने वालों को परेशानी होती है।वहीं जब कोतवाली प्रभारी सूरज प्लाजा के पास पहुंचे तब मार्किट के बाहर कई मोटरसा-इकिल देख कर रुक गए और इनके मालिकों को आवाज लगवाई गई। कुछ मोटर साईकल स्वामी तो आकर अपनी बाइक उठा कर ले गए लेकिन जो नही आ पाए उनके वाहनों को कोतवाली भिजवा दिया गया।जिस समय मोटरसाइकिल कोटवाली भेजी जा रही थीं उसी समय उनके मालिक



भी आ पहुंचे और बाइक छोड़ने का आग्रह प्रभारी से करने लगे लेकिन किसी की एक न चली प्रभारी ने इंकार कर दिया और कोतवाली भेज दिया।लेकिन मजे की बात ये थी कि प्रभारी के जाने के बाद फिर से बाइक वहां खड़ी होने लगी।सवाल ये उठता है कि बाइकों के खड़ा होने का कारण क्या है और इसे किस प्रकार रोका जा सकता है। क्योंकि पहले काफी समय से लोग अपनी बाइके यहीं खड़ी करते आये हैं, अब जब तक यहां या तो कोई नोटिस या फिर किसी गार्ड को नही बैठाया जाता तब तक लोग जागरूक नहीं होंगे और लोग अपनी बाइकों के चालान यूं ही कटवाते रहेंगे।इसीलिए अगर बाजार में मोटरसाइकिल या अन्य वाहन द्वारा जाम न लगे इसके लिए प्रशासन को जगह जगह नोटिस बोर्ड लगवाने होंगे या फिर किसी गार्ड की ड्यूटी मार्किट स्वामी या प्लाजा स्वामी को खुद ही लगवानी चाहिए। क्योंकि अनभिज्ञता के कारण जब किसी बाइक स्वामी की बाइक उठा ली जाती है तब उसे मानसिक कष्ट झेलना पड़ता है। बता दें कि सूरज प्लाजा के निकट ही बाइक पार्किंग भी है। पार्किंग वाला सिर्फ 10 रुपये लेता है बाइक भी सुरक्षित और न ही कोई चालान कटने का डर। लेकिन बाहर से आये लोगों को पता नही होता कि बराबर में कोई पार्किंग भी है, जिस कारण अपना चलन कटवा बैठते हैं। बाहरहाल पुलिस को भी व्यवस्था बनानी होती है, लेकिन यदि अस्पताल के बाहर कोई गाड़ी खड़ी करता है और कोई मरीज उसके साथ है तब जानकारी करने के बाद सहानुभूति भी जरूरी है।

# नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें- अध्यक्ष

### *नाली-नालों को पानी के अवरोध से बचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें- सुखसागर*
### *सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर जुमार्ना वसूली के साथ कड़ी कार्यवाही भी होगी- मिश्र*

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

**हरदोई।** सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शासन के निर्देशानुसार 29 जून से 03 जुलाई तक सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रण तथा प्लास्टिक पर लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित जन-जागरूकता कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री सुखसागर मिश्र ने उपस्थित समस्त सभासद, सफाई नायक एवं अन्य कर्मचारियों को आम जनमानस के सहयोग से नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने तथा वृक्षारोपण करने की शपथ दिलायी।



जन-जागरूकता कार्यक्रम के शुभ अवसर पर श्री मिश्र ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें और घर के बाहर कूड़ा आदि में फेकें बल्कि सुबह-शाम वार्ड में आने वाले कूड़ा वाहन में सुखा व गीला कचरा अलग-अलग डस्टबीन में डालें तथा नाली-नालों को पानी के अवरोध से बचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें और इसके लोगों को भी प्रेरित करें औा खरी-ददारी करने हेतु घर एवं कार्यालय से बाजार जाते समय झोला लेकर अवश्य जाये तथा पर्यावरण बचाने हेतु अधिक से अधिक वृक्षा-रोपण करें और जल संरक्षण करें। उन्होने नगर के दुकानदारों से कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक की रोक-थाम को प्रभारी ढ़ग से लागू करने हेतु व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया जायेगा और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले दुकानदार आदि पर जुमार्ना वसूली के साथ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके उपरान्त अध्यक्ष ने सभासद एवं सफाई नायकों के साथ प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिसर से रोडवेज बस स्टेशन तक सिंगल यूज प्लास्टिक को उठाकर साफ किया और नगर-वासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक न करने के प्रति जागरूक करने वाले वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# योजनाओं का लाभ लेने हेतु 10 जुलाई तक करे आवेदनः-श्रद्धा पाण्डेय

समाज जागरण।

जिला प्रबन्धक, उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमाइटेड, श्रद्धा पाण्डेय ने बताया है अनुसूचित जातियों के आर्थिक उत्थान हेतु उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों/परिवार जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में रू 46080/- एवं नगरीय क्षेत्र में रू0 56460/- से अधिक न हो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु योजनायें संचालित हैं। सभी योजनाओं में आधार कार्ड, पहचान पत्र, दो फोटो तथा तहसील स्तर से निर्गत आय, जाति व निवास प्रमाण-पत्र आदि संलग्न करना आवश्यक है। निगम द्वारा संचालित पं दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना (स्वरोजगार योजना ) इस योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के पात्र व्यक्तियों को स्वरोजगार करने हेतु रू० 20,000/-से 15 लाख तक का परियोजना अनुसार ग्रामीण एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध करायी जाती है जिसमें अधिकतम रू0 10,000/- अनुदान एवं परियोजना लागत का 25 प्रतिशत मार्जिन मनी ऋण 4 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाता। नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना अनुसूचित जाति के ऐसे परिवार जिनके पास 13.32 वर्गमी० व्यवसायिक स्थल पर भूमि उपलब्ध हो उन्हें दुकान निर्माण कराने हेतु दो किश्तों में (58500$19500) कुल रू० 78,000/-ऋण की सुविधा उपलब्ध है जिसमें रू0 10,000/- अनुदान एवं रू0 68,000/-ब्याज मुक्त ऋण के रूप में है जिसकी अदायगी 120 समान मासिक किश्तों में करनी होती है। इस योजना में उपरोक्त सभी प्रपत्रों के साथ-साथ भूमि का स्वामित्व प्रमाण-पत्र (रजिस्ट्री) की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में लागत रू० 2,16,000/-तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू० 1,00,000/-ऋण सीमा निर्धारित है जिसमें रू0 10,000/- अनुदान तथा शेष ब्याज मुक्त ऋण के रूप में दिया जाता है जिसकी 60 समान मासिक किश्तों में अदायगी करनी हाती है। धोबी समाज के व्यक्ति को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। टेलरिंग शॉप योजना अनुसूचित जाति के युवक/युवतियों के आर्थिक उत्थान हेतु टेलरिंग शॉप योजना संचालित हैं, जिसकी योजना लागत रू० 20,000/- है, जिसमें रू0 10,000/-अनुदान एवं रू० 10,000/-ब्याज मुक्त ऋण जिसकी अदायगी 36 समान मासिक किश्तों के रूप में करनी होती है। इन सभी योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र के पात्र अनुसूचित जाति के व्यक्ति अपने विकास खण्ड में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी (स०क०) अथवा खण्ड विकास अधिकारी से एवं नगरीय क्षेत्र के पात्र व्यक्ति कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक, उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि०, कमरा नं० 9, विकास भवन, हरदोई में 10 जुलाई तक किसी भी कार्य दिवस में उक्त योजनाओं में लाभान्वित होने हेतु आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

# परिवार नियोजन की सेवाओं को शहरी मलिन बस्तियों में जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

### *पीएसआई इंडिया के सहयोग से गोष्ठी आयोजित*

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

**हरदोई।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल(पीएसआई), इंडिया के सहयोग से मंगलवार को शहरी स्वास्थ्य पर विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी का उद्देश्य सभी मुख्य विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर द चौलेंज इनिशियेटिव फॉर हेल्दी सिटीज (टीसीआईएचसी) परियोजना के माध्यम से शहरी मलिन बस्तियों में परिवार नियोजन की सेवाओं को अंतिम लाभार्थी तक पहुंचाना है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. सुशील कुमार ने कहा कि इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ नियमित रूप से बैठक करनी चा-हए। इससे परिवार नियोजन कार्यक्रम को लागू करने में जो कमियाँ आ रही हैं उन्हें दूर कर एक व्यापक कार्ययोजना बनाई जाए जिसके अनुरूप कार्य किया जाए।बैठक में सभी विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति होनी




चाहिए ताकि कार्यक्रम सफल हो सके। इस मौके पर शहरी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डा. राणा प्रताप ने कहा कि परिवार नियोजन साधनों के बारे में किशोर/किशोरियों, गर्भवती को बताना चाहिए। स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों, स्टाफ नर्स, स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रसव के लिए जो गर्भवती आती हैं उन्हें बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में बताकर किसी भी एक साधन को अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। किशोर/किशोरियों को बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में जागरूक करना इसलिए आवश्यक है क्योंकि भविष्य में वह ही नवविवाहित दंपति होंगे। जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक असित श्रीवास्तव ने बताया कि ट-ीसीआईएचसी परियोजना के सहयोग से शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के लिए सभी विभागों से बैठक करके कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाये। इस मौके परजिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. प्रशांत रंजन, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी प्रेमचंद यादव, जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा. विनीता चतुर्वेदी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत कुमार, एफपीएलएमआ-ईएस मैनेजर किंदरलाल, सभी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी, यूनिसेफ के संजू कश्यप,पीएसआई इंडिया से मीनाक्षी, दीपक तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, गणेश शुक्ला और उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई से बरुन राऊत उपस्थित रहे।

# ट्रेन में बच्चे की गूंजी किलकारी

### *जच्चा बच्चा को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती आरपीएफ ने आनन-फानन में कराया भर्ती*

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

**हरदोई ।** रेलवे स्टेशन पर कंट्रोल की सूचना का आरपीएफ ने गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर मदद करते हुए जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया हैं।ट्रेन संख्या 12332 हिमगिरि एक्सप्रेस में बरेली से बिहार जाने के लिए एक गर्भवती महिला अपने पति व दो बच्चों के साथ यात्रा कर रही थी कि तभी अचानक प्रसव पीड़ा होने पर रेल यात्रियों ने इसकी सूचना रेल कर्मियों को दी।कंट्रोल द्वारा आरपीएफ को महिला की मदद के निर्देश दिए गए।आरपीएफ के जवान संतोष कुमार, पंकज तिवारी व महिला कांस्टेबल नितिन डूडी ने एम्बुलेंस की



मदद से प्रसूता व उसके नवजात बच्चे को अकुशल ट्रेन से उतरवाकर जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ जच्चा व बच्चा दोनों पूरी तरह से सुरक्षित हैं।आरपीएफ प्रभारी ने आर बी सिंह ने बताया कि ट्रेन से उतारने से पूर्व ही महिला का प्रसव हो गया था।जच्चा- बच्चा को महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं जहाँ दोनों की हालत सामान्य हैं

## एसबीआई के शाखा प्रबंधक पर गिरवी रखे जेवर बदलने का आरोप

समाज जागरण

**हरदोई।**थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रज्जनलाल पुत्र स्वर्गीय किशनलाल ने भारतीय स्टेट बैंक हरपालपुर के शाखा प्रबंधक पर गोल्ड लोन के तहत गिरवी रखे सोने के जेवरात बदलने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।हरपालपुर कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उसने करीब 18 माह पूर्व अपनी पत्नी कंचन के सोने के जेवरात चार चूड़ी व एक जोड़ी झाले गिरवी रखकर 65 हजार रुपए का ऋण लिया था। रज्जनलाल का आरोप है कि उसने लोन की धनराशि 24 जून 2022 को ब्याज सहित बैंक में जमा कर दी। इसके बाद भी बैंक कर्मी उसके जेवरात नहीं दे रहे हैं। जब वह कई बार बैंक गया तो बैंककर्मियों ने उसकी पत्नी के जेवर के बदले दूसरे जेवर देने का प्रयास किया तो उसने मना कर दिया।जिस पर शाखा प्रबंधक ने गाली-गलौज कर उसे भगा दिया। उसने बैंक के आला अफसरों को शिकायती पत्र भेजकर अपने जेवर दिलवाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में शाखा प्रबंधक हरिनाम सिंह ने लगाए आरोपों को निराधार बताया।

## जन जागरण जागरूकता अभियान की बैठक आयोजित

समाज जागरण

**शाहाबाद हरदोई ।** नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में एक बैठक अधिश-ासी अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में नगर के समस्त सभासद गण व कर्मचारियों को वृहद जन जागरण अभियान की पूर्ण जानकारी के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक के पॉलिथीन बैग पर प्रतिबंध की शपथ दिलाई गई अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने नगर क्षेत्र के निवासियों बाद दुकानदारों से अपील की गई है कि कोई भी



दुकानदार अपनी दुकान पर पॉलिथीन बैग नर्क है और ना ही ग्राहकों को कोई भी घरेलू सामान पॉलिथीन बैग में ना दें उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेशों का पालन करते हुए 29 जून से 3 जुलाई तक पॉलिथीन बैग की बिक्री पर पूर्णतया रोक लगा दी जाएगी उन्होंने कहा कि समस्त दुकानदारों को 29 जून से 30 जून तक छूट दी गई है कि वह अपने अपने प्रतिष्ठानों से पॉलिथीन हटा लें 1 जुलाई से 3 जुलाई तक प्रत्येक प्रतिष्ठानों पर चेकिंग करने के दौरान पॉलिथीन बैग निकलने पर जुमार्ना वसूल किया जाएगा श्री कुमार ने सभासदों से भी अपील की है कि वह अपने अपने वादों के लोगों को जागरूक करें तथा पॉलिथीन बैग का विरोध करें इस मौके पर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं करेंगे तथा प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग और कपड़े के बैग का इस्तेमाल करेंगे इस मौके पर सफाई इंस्पेक्टर दीपक कुमार सफाई नायक अजीब था वही सभासद रामचंद्र गुप्ता देवेंद्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का हुआ आयोजन

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

**हरदोई।**मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक सभी विभागों ने अपने विभाग की कार्ययोजना मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होने कहा कि पंचायती राज विभाग और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में एन्टी लार्वा का छिड़काव कराये तथा व्यापक स्तर पर साफ सफाई की जाये। झा-ड़ियों की कटाई की जाये



ताकि स्क्रब टाईफस की बीमारी को पनपने से रोका जा सके। संचारी रोगो से बचाव को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये व सभी क्षेत्रों में क्या करे, क्या न करे के पोस्टर लगवाये जाये। सोर्स रिडेक्शन पर जोर दिया जाये। जल जमाव न होने दिया जाये।इस अवसर पर नोडल अधिकारी आरबीएसके डॉ प्रशान्त रंजन, जिला कृषि रक्षा अधिकारी एसएन राम, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक व समस्त अधिशासी अधिकारी सहित समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उप जिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में ग्राम भरिगवां में चौपाल का आयोजन किया गया

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

**हरदोई।** उप जिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में ग्राम भरिगवां में चौपाल का आयोजन किया गया। मौके पर उप जिलाधिकारी सदर के साथ पूर्ति निरीक्षक, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों की टीम तथा हल्का सिपाही मौजूद रहे। उपस्थित लोगों द्वारा 12 प्रार्थना पत्र दिए गए जिनमें से अधिकतर प्रार्थनापत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया जिनमे से 2 लोगो द्वारा मिंलेजुले गाटे की पैमाईश के लिए शि-कायत प्राप्त हुई जिनसे मौके पर उपस्थित राजस्व निरीक्षक को जिलाधिकारी को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर दो चकरोड़ो का चिन्हांकन कराकर उस पर मिट्टी कार्य कराने हेतु मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान को तथा ग्राम



पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। एक बंजर गाटे में अतिक्रमण पाया गया जिसके संबंध में लेखपाल को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण जारी किया गया, ग्राम भ्रमण के दौरान गांव में बहुत ज्यादा गंदगी पाए गए जिसके संबंध में उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में साफ सफाई कराकर मय फोटोग्राफ आख्या उपलब्ध कराए। ग्राम में निर्मित नया स्वास्थ्य केंद्र भरिगवां में चिकित्सक की नियुक्ति हेतु ग्रामवासियों द्वारा अनुरोध किया गया जिसके संबंध में पृथक से पत्राचार किया जा रहा है। ग्राम में खतौनी पढ़ी गई जिसमे 46 विरासत करा दिये गए जिनमें से 20 लोगो की खतौनी भी प्रिंट हो चुकी है शेष को पूर्ण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। तीन चकरोट व एक बंजर गाटे को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

## अवैध असलहा लहराने का युवाओं में चल रहा है ट्रेंड दहशत में दिखे ग्रामीण

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी पीपर पुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगर डीह क दो युवकों की अवैध असलहे के साथ शक्ति प्रदर्शन एवं लहारते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिससे क्षेत्र में भय का माहौल है एवं चचाओं का बाजार गर्म है सूत्रों के मुताबिक वायरल फोटो में जो युवक अवैध असलहा लिये दिख रहे है उनकी पहचान पीपरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगर डीह निवासी अखलेश मौर्य



ऊर्फ पलू सुत राम नवाज मौर्य एंव दूसरे की पहचान विजय मौर्य ऊर्फ शुभम सुत राघवाराम मौर्य पीपरपुर थानाक्षेत्र में आए दिन अवैध असलहों के साथ अपराधियों को पुलिस पकड़कर सलाखों के पीछे भेज रही है। लेकिन उसके बाद भी अवैध हथियार रखने वालों के हौसले बुलंद है। अब देखना है पीपरपुर पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई होती है। इस प्रकरण के सम्बंध में थानाध्यक्ष पीपरपुर नें बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाही की जाएगी।

## सरकारी अस्पताल में आज भी करीले तार से सुरक्षा , मवेशी हो रहे घायल

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी विकास खंड भे टुआ के गांव भेटुआ चौराहे पर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बना है1978 में सरकारी अस्पताल बनी लेकिन चाहार दीवार नहीं बन पायी। अस्पताल के आवासीय कालोनी की छत जर्जर है। इस नाते चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी रात्रि प्रवास नहीं कर रहे हैं फार्मासिस्ट छत की मरम्मत करवायी। पच्चास हजार रुपये अपने खर्च कर लोगों का इलाज कर रहे है। कर्मचरियों की



शिकायत पर मोरंग , गिट्टी , बालू को उप जिलाधिकारी ने सरहंगो का अवैध कब्जाकर हटवाई अब कटीले तार लग गये है जिससे गाय, बछडे, मवेशी तार के चपेट मे आने से घायल हो रहे प्रधान प्रवीण कुमार मौर्य ने सांसद , विधायक , एम एल सी से भवन के मरम्मत , चाहार दीवार निर्माण की मांग उठाई है। संदीप तिवारी , अरुण कुमार पाण्डेय , पहलद शुक्ल ,प्रदीप कुमार तिवारी आदि ने अस्पताल परिसर की सुविधा बहाल करवायी जाय ।सरकार को ग्रामीणो ने चेवातनी दी है। सुविधा नहीं दे पा रहे है सांसद एम एल सी विधायक अपनी कुर्सी छोड़ दे जनता की अनदेखी ना करे ।शपथ ली तो पूरा क करे।

## संघर्ष और मेहनत जीवन में सफलता की कुँजी-शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी

समाज जागरण कुंडा,प्रतापगढ़।कुंडा तहसील क्षेत्र के कलावती शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज टिकऊ दुबे का पुरवा रैयापुर कॉलेज का कक्षा 10 का छात्र योगेश कुमार विश्वकर्मा यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 में जनपद स्तरीय टॉप टेन सूची में 9 वें स्थान पर रहा।कॉलेज के मेधावी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने मेधावी छात्र योगेश कुमार विश्वकर्मा को शील्ड एवं रेंजर साईकिल देकर सम्मानित किया।मेधावी छात्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।छात्र के आगे की पढ़ाई के लिए सहयोग करने के लिए भरोसा दिलाया।कॉलेज तक मेधावी के नाम पक्का सड़क मार्ग बनाने की घोषणा किया।

समाजसेवी आनन्द मिश्रा,विपिन कुमार ने माल्यार्पण कर शिक्षक विधायक का सम्मान किया।कार्यक्रम का संचालन पण्डित अरविन्द शुक्ला ने किया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य इन्द्र प्रकाश द्विवेदी ने आए हुए अभिभावकों,शिक्षकों,अतिथियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।इस दौरान शिक्षक नेता मनोज गुप्ता,पंकज श्रीवास्तव,महेन्द्र सिंह,दिवाकर मिश्रा,प्रमोद मिश्रा(मोनू),राजन आदि मौजूद रहे।

## *बंद कमरे में बुजुर्ग महिला की मिली अधजली लाश, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका*

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो

दैनिक समाज जागरण प्रयागराज। कोरांव थाने के बड़ोखर गांव की रहने वाली 62 वर्षीय गुलाब कली की पत्नी मीरू का जारीपुर गांव में घर के अंदर अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गयी। करीब पांच दिन पहले वह गांव आयी थी। बुधवार की सुबह ग्रामीणों को मकान के अंदर से दुर्गंध आयी तो उन्होंने सूचना पुलिस को दी। बताया जाता है कि घर के बाहर ताला बंद था। मौके पर पहुंची पुलिस ने ताला तोड़कर महिला का शव बाहर निकाला। इस दौरान मौके पर काफी भीड़ इकटठा हो गयी। पुलिस ने इस घटना के लिए फोरेसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया। पुलिस ने बताया कि महिला के शरीर पर सिर्फ एक ही कपड़ा लिपटा था।

और कुछ दिन पहले उसका बेटा घर आया था। मकान




में ताला लगा देख वह वापस लौट गया। एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इस घटना का खुलासा हो पायेगा। फिलहाल परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है।

## अमेठी लेखपाल पर हमले के एक आरोपित को भेजा गया जेल

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

संवादसूत्र, रामगंज( अमेठी) : त्रिलोकपुर गांव में तीन दिन पहले जमीन की पैमाइश के दौरान लेखपाल पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने नामजद तीन आरोपितों में से एक को यूको बैंक भादर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त लोहे की राड बरामद किया है। साथ ही आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया। रामगंज थाने के इस गांव में 26 जून को लेखपाल वीरेंद्र कुमार कानूनगो लालमणि के साथ धारा 24 के तहत जमीन की हदबरारी करने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान लेखपाल पर लाठी- डंडे, धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया था। हमले में लेखपाल

त्रिलोकपुर में जमीन की पैमाइश के दौरान तीन दिन पहले हुआ था हमला लेखपाल की तहरीर पर संतोष और उसके दो भाई गिरफ्तार

को चोटें भी आई थीं। लेखपाल के मुताबिक उन्हें जान




से खत्म कर देने की धमकी भी दी गई थी। एसडीएम सचिन यादव ने सीएचसी भादर पहुंचकर लेखपाल के इलाज के साथ ही घटना की जानकारी ली थी ।

लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने संतोष और उनके दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने बताया कि हमले के आरोपित संतोष कुमार अग्रवाल उर्फ पिंटू को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

## पानी की समस्या को लेकर आप के नेतृत्व में एसडीएम से मिले नगरवासी ।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशाम्बी सिराथू नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में पानी की व्याप्त समस्या और जल निकासी से परेशान नगर वासियों ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ एसडीएम सिराथू से मुलाकात की है और उन्हें ज्ञापन देते हुए पानी की समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है । नगर वासियों ने उप जिला अधिकारी सिराथू से कहा कि हमारे वार्ड में विगत 6 माह से नागरिक पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लोगो के नलों में 6 महीने से पानी का आना बंद है नगर पंचायत के अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद बार-बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक लोगों के नलों में पानी नहीं आया व्यवस्था इतनी खराब है। की पूरी गर्मी बीत रही है लेकिन नगर प्रशासक मूकदर्शक बना हुआ है लोगों की पीड़ा से उनका कोई सरोकार ही नहीं रह गया लोग पानी के लिए समरसेबल वालों के यहां लाइन लगाकर के पानी ढोते हैं अथवा दूर दराज के हैंडपंपों का सहारा लेते हैं वार्ड में नगर के बीच में तालाब होने के कारण उस तालाब का पानी बरसात में जब ओवरफ्लो हो जाता है और सात वर्षों से लोगों के घरों में तालाब का पानी प्रवेश करने लगता है ऐसी स्थिति में लोगों को अपना घर छोड़ने के



लिए मजबूर होना पड़ता है। फिर भी नगर प्रशासक और तहसील प्रशासन इस बाबत आज तक कोई कदम नहीं उठा सका आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने उप जिला अधिकारी से जिम्मेदार विभागों से जल समस्याओं के निदान के लिए आग्रह किया ताकि लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े इस अवसर पर विधानसभा संगठन निर्माण प्रभारी पार्टी नेता विष्णु कुमार जयसवाल ने भी उप जिला अधिकारी से समस्या के निदान के लिए लापरवाह विभागों के प्रति सख्त कठोर कदम उठाते हुए जनता के हित में आदेशित करने की मांग की इस अवसर पर जितेंद्र चौरसिया अजय कुमार सरोज राज शेखर श्रीवास्तव रवि यादव जया सिंह अर्कवंशी राहुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरूक।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी
दैनिक समाज जागरण

कौशाम्बी महिलाओं बालिकाओं पर बढ़ रहे अपराधों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा उन्हें जागरूक करने के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिससे महिलाएं बालिकाएं सुरक्षित रहें और अपराध करने वालों को कानून के दायरे में लाकर जवाब दें जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मिशन शक्ति योजना के



तहत महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा के तरीके से अवगत कराया है। मिशन शक्ति के तहत सराय अकिल थाना एण्टी रोमियो पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं से मिलकर वार्ता कर महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया साथ ही पैंपलेट बांटकर महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी।।

## कठौरा गांव में हुआ घरौनी सर्वे, जुटी ग्रामीणों की भीड़

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो

अमेठी खबर अमेठी के जगदीशपुर क्षेत्र की है जहां कठौरा गांव में बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने ड्रोन कैमरे से स्वामित्व योजना के तहत गांवों में आबादी की भूमि की घरौनी तैयार करने के लिए सर्वे किया। ड्रोन कैमरे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घरौनी में संपत्ति के स्वामी का जिला, तहसील, ब्लाक, थाना, ग्राम पंचायत का नाम दर्ज होगा। प्रत्येक भूखंड का 13 अंकों का यूनिक आइडी नंबर भी इसमें अंकित किया जाएगा। सर्वे के दौरान ड्रोन कैमरे से इन गांवों के मकानों को कैमरे में कैद किया गया। जिसमें ग्राम कठौरा के प्रधान मोहम्मद नासिर ने अपनी ग्राम सभा में



मंगलवार शाम को ही इसके लिए चूना फैला कर तैयारी की थी। ड्रोन कैमरे को संचालित करने वाले कर्मचारी गांव के सेन्टर केन्द्र से कम्प्यूटर मैप पर सर्वे किया। ड्रोन कैमरा टीम में हेड प्रमोद कुमार,आशीष सिंह, संतोष यादव वहीं राजस्व विभाग की ओर से लेखपाल दीनानाथ ओझा शामिल थे। जिन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत गांव की आबादी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दी जाने वाली घरौनी ग्रामीण आवासीय अभिलेख में उसकी आवासीय संपत्ति का पूरा ब्योरा दर्ज होगा। ग्रामीणों को घरौनी मुहैया कराने की प्रक्रिया को अमली जामा पहनाने के लिए शासन ने उत्तर प्रदेश आबादी सर्वेक्षण व अभिलेख इकठ्ठा कर रहा है।इस सम्बन्ध में ड्रोन टीम हेड प्रमोद कुमार ने बताया सर्वे तेरह दिन में पूरा हो गया है ।एक दिन में पांच गांव का किया जाता है अब तक तहसील क्षेत्र के 65 गांवों में ड्रोन सर्वे हुआ है।

## संग्रामपुर थाने में नवनिर्मित मंदिर का एसपी ने किया लोकापर्ण

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो
अमेठी

संग्रामपुर ।थाना परिसर में नवनिर्मित काम धाम मंदिर का बुधवार को अमेठी एसपी दिनेश सिंह ने लोकार्पण कर उद्घाटन किया। मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ बीते 3 महीने पहले संग्रामपुर थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रहे अमर सिंह द्वारा किया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह के स्थानांतरण के बाद नए प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक परशुराम ओझा ने मंदिर के निर्माण को अंतिम रूप देते हुए मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद



श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया । जिसके बाद बुधवार की दोपहर अमेठी एसपी दिनेश सिंह ने पहुंच कर काम धाम (काशी अयोध्या मथुरा )मंदिर का उद्घाटन करते हुए मंदिर में स्थापित मूर्तियों की पूजा अर्चना की । इस मौके पर क्षेत्राधिकारी पुलिस मनोज कुमार यादव जिला पंचायत सदस्य उदय राज यादव हरि प्रसाद यादव पवन कुमार तिवारी विजय यादव मनोज यादव भाजपा नेता सुधांशु शुक्ला सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान व समाजसेवी मौजूद रहे ।वही संग्रामपुर थाने पर श्रीरामचरितमानस पाठ के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## जय श्रीराम' का नारा लगाने वालों पर जानलेवा हमले के आरोपी इरफान को हाईकोर्ट से मिली जमानत

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो

दैनिक समाज जागरण प्रयागराज। हापुड़ जिले में ह्यजय श्रीरामह्न का नारा लगाते हुए घर जा रहे लोगों पर हमले के आरोपी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ह्यजय श्रीरामह्न का नारे लगाते घर जा रहे लोगों पर जानलेवा हमले व मारपीट के आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है।

कोर्ट ने आरोपी को पचास हजार रुपये के व्यक्तिगत मुचलके व दो प्रतिभूति पर रिहा करने का भी आदेश दिया है। यह आदेश जस्टिस जयंत बनर्जी की सिंगल बेंच ने सिंभौली, हापुड़ के निवासी इरफान की अर्जी पर सुनवाई के बाद दिया है। गौरतलब है कि हापुड़ जिले के सिंभौली में यासीन के घर के सामने सड़क से जय श्रीराम का नारा लगाते घर जा रहे लोगों का विरोध किया गया, जिसको लेकर दोनों पक्षों में झड़प हुई।

दोनों तरफ से हुई मारपीट और हिंसक झड़प में कई लोग



घायल भी हुए। इस घटना को लेकर हापुड़ के सिंभौली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।इस मामले में याची इरफान का कहना था कि इस घटना से पहले उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। याची ने दलील दी कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाया गया है, जबकि वह घटना स्थल पर मौजूद नहीं था।

## पीपरपुर नकली तमंचा दिखाकर लोगों में भय पैदा करने वाला अभियुक्त 01 अदद नकली तमंचे के साथ गिरफ्तार

समाज जागरण
मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 प्रेमचन्द थाना पीपरपुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वारण्टी/वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त



शुभम मौर्या पुत्र राघवराम मौर्या नि0 ग्राम नगरडीह थाना पीपरपुर जनपद अमेठी को नगरडीह मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नकली तमंचा बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि इस तमंचे को दिखाकर लोगों को डरा-धमका कर दहशत पैदा करता हूँ ।थाना पीपरपुर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## *प्रयागराज में एसटीएफ ने 2.25 करोड़ का गांजा पकड़ा, 3 तस्कर गिरफ्तार*

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो

दैनिक समाज जागरण प्रयागराज : स्पेशल टास्क फोर्स की प्रयागराज यूनिट ने मादक पदार्थ तस्करी मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने बुधवार को कोरांव क्षेत्र में एक ट्रक के अंदर छिपाकर रखे गए 2.25 करोड़ रुपए के गांजा के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने तस्करी के आरोपी अनूप कुमार मिश्रा, पवन कुमार सिंह और हरीकान्त सिंह उर्फ. ब्बलू को गिरफ्तार कर ट्रक भी सीज कर किया है। तीनों ट्रक में गांजा लेकर आंध्र प्रदेश सप्लाई के लिए ले जा रहे थे।

## अमेठी सुल्तानपुर जिला कारागार का निरीक्षण

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह द्वारा जिला कारागार सुल्तानपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधि0/कर्म0गण को आवश्यक आदेश निर्देश दिए । तदोपरान्त जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार परिसर में वृक्षारोपण किया गया ।महोदय द्वारा बताया गया कि वृक्ष मानवता की रक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं ।प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा




पौधे लगाने एवं वातावरण के लिए खतरनाक प्लास्टिक जैसे कई पदार्थों का उपयोग बंद करना चाहिए तथा पर्यावरण को प्रदूषणमुक्त रखना चाहिए ।

## अध्यक्ष पद के 2 प्रत्याशियों को मिले बराबर मत हेड और टेल से घोषित हुआ परिणाम।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी
दैनिक समाज जागरण

*अभिसार भारतीय अध्यक्ष महामंत्री जिया रिजवी कोषाध्यक्ष मो० यासीन जिला उपाध्यक्ष इंतजार रिजवी संगठन मंत्री अरविंद तिवारी आय व्याय मंत्री अमर नाथ झा चुने गए।*

कौशाम्बी ! इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रेस क्लब के चुनाव में अभिसार भारतीय जिला अध्यक्ष पद पर विजई हुए हैं उनके जीत के बाद समर्थकों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया है बुधवार को कलेक्ट्रेट सूचना ऑफिस ने प्रशासन की मौजूदगी में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का मतदान संपन्न हुआ अध्यक्ष पद पर अभिसार भारतीय और अली मुक्तेदा दो प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे समय 11:00 से 3:00 तक मतदान संपन्न कराया गया।जिसमें कुल 30 लोगो ने मतदान किया अध्यक्ष पद के दो



प्रत्यासियों को बराबर बराबर मत मिले।जिसके बाद जिला सूचना अधिकारी द्वारा सिक्के से हेड और टेल करके परिणाम घोषित हुआ।जिसमे अभिसार भारतीय विजयी घोषित हुए दूसरे प्रतिद्वंदी अली मुक्तेदा को हार का सामना करना पड़ा।महामंत्री पद पर जिया रिजवी, कोषाध्यक्ष मो० यासीन ,जिला उपाध्यक्ष इंतजार रिजवी,संगठन मंत्री अरविंद तिवारी आय व्याय मंत्री अमर नाथ झा चुने गए है।

## कोखराज ग्राम में मनरेगा के तहत हुए कार्यो की हुई जांच।

*वीआरपी मनरेगा के तहत कोखराज ग्राम के अंदर 12 ग्रामों की मनोज सिंह ने की घूम घूमकर की जांच।।*

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण कौशांबी सिराथू बिकास खण्ड के कोखराज ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्यो की जांच करने अधिकारी गांव पहुंचे हैं और गांव की गलियों में घूमकर मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्यों की जांच की है। मनरेगा योजना से कराए गए कार्यों की जांच के दौरान चकरोड बाबूजी के खेत से कच्चा निर्माण पाया गया कोखराज पुल से गैस एजेंसी तक पक्का नाला निर्माण नफीस के खेत तक कच्चा निर्माण राजा तालाब की सिल्ट सफाई, आवास की निर्माण सत्यापन आदि कोखराज के 12 पुरवा में ग्रामीणों के साथ बैठकर जांच अधिकारियों ने मनरेगा योजना से कराए गए कार्यों की लोगों से जानकारी ली जिसमें सभी कालोनियों का पूर्ण भुगतान पाया गया।

## पंचायत भवन, महिला काम्पलेक्स में कब्जा

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः

बाबागंज ब्लॉक के डिहवा जलालपुर गांव में पंचायत भवन और महिला काम्पलेक्स में गांव के ही एक व्यक्ति ने अरसे से कब्जा जमा रखा है। महिला काम्पलेक्स में झाल में भरकर भूसा रखा है। महिलाओं को शौच के लिए बांहर जाना पड़ता है। पंचायत भवन में चारपाई व अन्य सामान




रखकर कब्जा किया गया है। मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रभारी इंचार्ज बीडीओ राम अंजोर पाण्डेय का कहना है कि मामले की जांच कराके दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नाली की सफाई जेसीबी द्वारा कराने पर ग्रामीणों में फूटा गुस्सा

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः

पहले से बनी नाली की सफाई जेसीबी से कराने का ग्रामीणों ने विरोध किया। उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई जिसके बाद पुलिस पहुंची तो मामला शांत हुआ। मानिकपुर थानाक्षेत्र के डंडौली गांव के भरचक में सड़क किनारे पहले से ही नाली बनी है। मंगलवार को उसी नाली की सफाई जेसीबी से कराई जा रही थी। जिससे नाली नाले का रूप लेती जा रही थी। दुकानों के सामने बने चौड़े नाले को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत की तो पुलिस पहुंची। एसओ मनीष पाण्डेय का कहना है कि नाली की सफाई जेसीबी से कराने को लेकर ग्रामीणों का विरोध था, मामला शांत हो गया है।

## जांच के डर से भागे मजदूर,बंद रहा काम

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ मामला प्रतापगढ़ के गांव शिवमय में बन रहे सरकारी इंजीनियरिंग कालेज का। है जहां जून को क्षेत्रीय विधायक तक आर के शर्मा ने भवन निर्माण की गुणवत्ता को जांचने के लिए दीवार पर धक्का देने से भरा कर गिर गयी थी` विधायक के साहसिक कार्य का वी डि ओ सोसल मीडिया पर खूब वायरल हुआ और सरकार की भद्दी पिटने लगी` निर्माण एजेंसी अपनी कमी को छिपाने के लिए विधायक पर मुकदमा दर्ज करा दिया` इधर सरकार भी अपनी शाख बचाने के लिए जांच बैठा दी` आते दिन जांच टीम गुणवत्ता जानने के लिए विभिन्न प्रकार से पूछताछ करने लगी` जांच के दौरान मजदूर स्वयं फंसने के भय से कुछ तो पहले ही भाग चुके थे बचे भी अब काम छोड़ कर भाग ग्रे जिससे काम। बंद हो गया है` जांच टीम नमूने की जांच प्रयाग राज के सरकारी इंजीनियरिंग कालेज में क्या रही है`

## ब स पा हर विधानसभा में बनाएगी ७५ हजार सदस्य`

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि प्रतापगढ़ बसपा अपनी हार से परेशान अब सदस्यता की ओर फोकस कर रही है` इस बार उसका लक्ष्य हर विधानसभा में ७५ हजार सदस्य बनाने का है` इसी उद्देश्य की पूर्ति हे तु अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है` यह जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष लालचंद गौतम ने बताया कि विश्वनाथ गंज विधानसभा क्षेत्र मे अमित कुमार गौतम की देख देख में सदस्यता अभियान का आरम्भ किया जा चुका है जिसमें काफी संख्या में नये लोग भी जुड़ रहे हैं

## समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छविनानाथ का विद्यालय सील

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ गढ़

विधान सभा चुनाव के बाद बेलगाम बोल वाले छविनाथ की मुश्किलें बढ़ने लगी है` जहां उनके ऊपर कमी मुकदमे दर्ज हुए वहीं कर उनकी अवैध सम्पत्ति का भी हिसाब किताब शुरू हो चुका है`

छविनाथ को बचाने के लिए जिले के सफाई राम बंद है ,धरना व ज्ञापन का दौर चल रहा है` बता दें कि कुंडा तहसील के ग्राम करेंगी में एक गरीब परिवार में जन्मे छविनाथ अचानक करोड़ पत्ती कैसे बन गये इसका सूत्र खोजने में सरकारी अमला जुटा हुआ है` इनके घर का कोई सदस्य न तो सरकारी नौकर है और कोई ऊंचा धंधा फिर करोड़ों का मालिकाना कहां से आया` किसी समय छविनाथ राजा भ इय्या के खास से लेकिन ऐसा बिगाड़ हुआ की राजा को ही चुनाव में चुनौती दे बैठे` राजा अब हार मानने वाले, विधानसभा सभा चुनाव में ऐसी पटकनी दी कि अखिलेश नहीं मुलायम तक की चीख निकल गयी` पता चला है कि दस करोड़ की अवैध सम्पत्ति का पता चला है जिसमें इनका विद्यालय भी सामिल है उसे जिला प्रशासन ने आज शील कर दिया`

## करन्ट की चमेंट में आने से युवती की मौत '

समाज जागरण अरुण शुक्ल सांगीपुर ,,उदयपुर थाना छेत्र के पिपरी मुस्तफाबाद गाँव निवासी हंसराज यादव की लडकी रेखा देवी उर्फ सालू 30 वर्ष बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे घर पर चावल साफ करने हेतु हवा के लिये पंखा लगा रही थी ' इसी बीच वह पंखे मे उतरे करंट की चपेट में आ गयी ' युवती की चीख पुकार सुनकर घर के लोग भाग कर वहा पहुँचें ' पन्खे का बटन बन्द किया ' स्वजन युवती को अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन उसकी मौत हो गयी ,यह सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया ' युवती



लालगंज के एक स्कूल मे जी, एन, एम कोर्स की पढ़ाई कर रही थी जो दूसरा वर्ष चल रहा था ' मृतिका का पांच वर्ष पूर्व पूरे पुनीतलाल राहाटीकर मे अर्विन्द कुमार यादव के साथ हुई थी ' सूचना मिलने पर ससुराल के लोग आकर लाश को अपने साथ ले गये, पति हरियाणा शहर मे नौकरी करता है, सुचना पर पति गाँव आ रहा है ' \एस, ओ, अहसानुल हक ने घटना की जानकारी से इंकार किया है '

## विद्युत विभाग ने बदला बिल वसूली का तरीका उपभोक्ताओं से गाने की धुन से पसारे हाथ।

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

बुधवार को नगर पंचायत पट्टी की कस्बे में विद्युत विभाग का एक जागरूकता वाहन भ्रमण करके उपभोक्ताओं को जागरूक करने का काम कर रहा था। भोजपुरी गीत घरवा में होई ना ही उजाला भैया बिजली बिना माइक्रोफोन के जरिए उपभोक्ताओं से दिल की भरपाई करने के लिए निवेदन कर रहा था गीत की धुन पर नगर वासियों को मंत्रमुग्ध भी होता देखा गया गीत को सुनकर कयास लगाना सुनिश्चित है कि बिजली विभाग के हाथ ठंडे हो गए हैं। तो फिर बिजली विभाग के बड़े बकायेदारों के लिए भी एक सुनहरा अवसर है कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे एकमुश्त समाधान योजना में अब महत्व 1 दिन ही शेष हैं। यह जानकारी एसडीओ पट्टी ने दी है।

## अमेठी,जायस जन जागरुकता अभियान

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

बृहत जन जागरूकता अभियान के तहत कस्बा जायस के बस स्टॉप से लेकर पूरे कस्बा व चौराहों पर प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से बस स्टॉप व सड़क के किनारे पड़ी पन्नी प्लास्टिक को उठाकर कूड़ेदान में डाली गई। खबर अमेठी जिले के तहसील तिलोई के जायस नगर पालिका क्षेत्र से हैं। जहां सरकार के आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जायस द्वारा बृहत जन जागरूकता अभियान के तहत बस स्टॉप से लेकर पूरे नगर जायस में रोड पटरी पर फल व सब्जियों की दुकान पर चेक करते हुए जिनके पास पन्नी मिलने पर नगर पालिका कर्मचारी द्वारा कस्बा जायस के चौराहों व बस स्टॉप से लेकर सभी दुकानदार की चेकिंग की गई पन्नी में सामान बेचने वाले दुकानदारों से पन्नी जप्त कर कूड़ेदान में डाली गई और सख्त हिदायत दी गई कि पॉलिथीन में समान न बेचे

# औरंगाबाद के दाउदनगर में सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, दो घायल

**दैनिक समाज जागरण केशव कुमार औरंगाबाद**

औरंगाबाद ,29 जून 2022:- एन एच 139 के दाउदनगर - औरंगाबाद मुख्य पथ पर एक निजी क्लीनिक के पास ट्रक और ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो लोग जख्मी हो गए. घटना बुधवार के अहले सुबह की है .घटना के संबंध में मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ऑटो सवार लोग अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर उतर कर ऑटो पर सवार होकर दाउदनगर आ रहे थे.तिवारी मुहल्ला व तरारी के बीच स्थित एक निजी क्लीनिक के पास विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक ने ऑटो में धक्का मार दिया. धक्का मारने के बाद ट्रक फरार हो गया, जबकि ऑटो चालक भी घायलों को छोड़कर भाग निकला.ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को अरविंद हॉस्पिटल लाया गया, जहां इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई. काफी देर बाद महिला की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरी निवासी के रूप में की गई है. जबकि दो लोगों का इलाज संवाद भेजे जाने तक अरविंद हॉस्पिटल में किया जा रहा है. एक की हालत गंभीर बताई जाती है. बताया जाता है कि मृतका चूड़ी व्यवसाय से जुड़ी हुई थी और राजस्थान के बीकानेर से वापस लौट रही थी .इसी दौरान यह हादसा हुआ है. विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है. घटना की सूचना मृतका एवं घायलों परिजनों को दे दी गई है.

# मौसम ने ली अंगड़ाई, झमझमा हुई बारिश, गर्मी और उमस से मिली राहत।

**समाज जागरण सूरज कुमार(नरकटियागंज)**

नरकटियागंज/महीनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से आज मौसम बदलने के कारण पूरे क्षेत्र में झमझमा बारिश हुई है जिसके कारण किसानों में खुशी की लहर है बता दें कि यह बारिश किसानों के लिए खुशी लेकर आई है, इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी लोगों को गर्मी और



उमस से राहत मिली है। इस भरी गर्मी और उमस से लोगों एवं सभी जीव प्राणी चैन की सांस ले रहे हैं !

# तरकुलवा नहर में डूबे बालक की तलाश में पहुँची एस डी आर एफ की टीम।

**समाज जागरण पश्चिम चंपारण(चौतरवा)**

बगहा एक प्रखंड के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंग्लिशिया पंचायत के तिरहुत गंडक नहर में तरकुलवा गांव निवासी पीताम्बर राम का पुत्र हिमांशु कुमार उर्फ थारू (18) के डूबने से मौत हो गई। बताते चले कि तरकुलवा गांव के पास तिरहुत गंडक नहर में कुछ बच्चे नहा रहे थे। वही हिमांशु नहर पुल पर से देख रहा था। अचानक पैर फिसलने से हिमांशु नहर में गिर गया। नहर का पानी की





धारा काफी तेज थी। नहा रहे बच्चों ने भी उसे बचाने का प्रयास किया । परंतु सफलता नहीं मिली। वही घटना की सूचना मिलते ही एस डी आर एफ की टीम पहुँच कर शव को ढूढने में जुट गई है।

# सड़क पर पानी से बोलेरो गिरा नाली में, नगर निगम पर विकास की सवालिया निशान।

**समाज जागरण समीर कुमार**

बेतिया नगर थाना रोड लिबर्टी सिनेमा के पास बारिश होने के कारण, रोड पर बारिश का पानी भर जाने से नाली का पता नहीं चला,जिसकी वजह से बोलेरो नाली में गिर गया। बोलेरो के नाली में गिरते ही गाड़ी के अंदर बैठे लोगों की हालत खराब हो गई। सभी लोग इस हताहत हो गए। इस स्थिति से नगर निगम पर सवालिया उंगलियां उठ रही हैं। लोगों का कहना है कि जब बरसात से पहले बारिश की झलकियों से ही रोड पर



मानो बाढ़ की स्थिति पैदा हो जा रही हैं और इससे बेवजह खतरे हो रहे हैं तो बरसात के आने पर क्या होगा।

हालांकि इस दुर्घटना में कोई बड़ी क्षति नही हुई है, गाड़ी में बैठे सभी लोग सुरक्षित हैं ।

# बगहा चौतरवा चौक पर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

चौतरवा थाना क्षेत्र के चौतरवा चौक वॉर्ड नम्बर 03 मे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों जमकर मारपीट हुई हैं, मारपीट की इस घटना मे 03 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, घायलों को उपचार के लिए अनुमंडलिय अस्पताल बगहा लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद



बेहतर इलाज के लिए ऋट्टउल्ठ बेतिया रेफर कर दिया गया घायलों मे बिर्जेश प्रसाद, संजय प्रसाद विशाल कुमार, संदीप कुमार निकेश प्रसाद शामिल हैं !

# गंडक नदी के जलस्तर मे वृद्धि शुरू बांधो के निगरानी मे तैनात किये गये कर्मी डिस्चार्ज हुआ 1 लाख 14 हजार क्यूसेक पानी

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

वाल्मीकिनगर गंडक नदी के जल स्तर में हो रही है लगातार वृद्धि। मॉनसून ने बदला अपना मिजाज जलस्तर में अत्यधिक बढ़ोतरी हो सकती है। नेपाल



के तराई क्षेत्रों में पिछले तीन-चार दिनों से लगातार बारिश होने के कारण गंडक नदी के जल स्तर में काफी वृद्धि हो रही है। मंगलवार की दोपहर 2 बजे के करीब में ली गई सिंचाई विभाग के अधिकारियों के द्वारा रीडिंग में मुख्य पश्चिमी नहर 11000, त्रिहूत मुख्य नहर 5800 सहित गंडक बराज से टोटल 1 लाख 14 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। जल स्तर में वृद्धि होने के कारण सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम में कार्य करने वाले सभी कर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है। बता दें कि गंडक के पानी में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए तटीय इलाके के लोगों की चिंताए बढ़ गई है।

# निजी क्लीनिक में बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने के एक सप्ताह बाद गंभीर हालत में सदर अस्पताल पहुँची महिला की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरोचीफ**

औरंगाबाद :- सदर अस्पताल औरंगाबाद में बीते कल एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और औरंगाबाद में उपलब्ध स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए । दरअसल औरंगाबाद सदर प्रखंड क्षेत्र के बड़की बेला निवासी हेमंती देवी ने गाँव के ही एक निजी क्लीनिक माँ नर्सिंग होम में बच्चेदानी का ऑपरेशन करवाया था । ऑपरेशन के एक सप्ताह बाद जब माँ नर्सिंग होम के डॉक्टर विकास यादव के पास पहुँची तो कोई प्रतिक्रिया नही मिली जिसके बाद गंभीर हालत में महिला को औरंगाबाद के सदर अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गई । परिजनों का आरोप है कि उचित समय पर इलाज मिलता तो महिला की जान बच सकती थी।

फर्जी तरीके से बोर्ड पर चिकित्सकों का नाम लिखकर हो रहा अवैध क्लीनिक का संचालन, सूत्र।

औरंगाबाद में फर्जी क्लीनिक और फर्जी डॉक्टरों का जमावड़ा इस कदर है कि इनके यहाँ बुखार से लेकर ऑपरेशन तक कि व्यवस्था होती है । औरंगाबाद में चल रहे तमाम फर्जी क्लीनिक में बच्चेदानी , बंध्याकरण , अपेंडिक्स , सिजेरियन डिलीवरी






तक कि ऑपरेशन की व्यवस्था होती है । ये ऑपरेशन किसी सर्जन के द्वारा नहीं किया जाता है बल्कि झोलाछाप सर्जन जो कभी कंपाउंडर हुआ करते थे उनके द्वारा किया जा रहा है ।अब इनमे से कई फर्जी क्लीनिक के मालिक है ।

सताते चलें कि औरंगाबाद में तमाम फर्जी क्लीनिक के बाहर किसी न किसी डॉक्टर के नाम का बोर्ड लगा होता है । ये अलग बात है कि बोर्ड पर जिन डॉक्टर का नाम लिखा होता है वे इन फर्जी क्लीनिक में नहीं बैठते बल्कि बोर्ड पर नाम लिखने के एवज में इनका भी महीना फिक्स है ।

औरंगाबाद में सदर अस्पताल के चारों ओर फैला है अवैध निजी क्लीनिक का जाल , निजी क्लीनिक में मरीजो को पहुंचाने के एवज में दलालों को मिलता है कमीशन

औरंगाबाद के सदर अस्पताल के चारो ओर अवैध निजी क्लीनिक का जाल बिछा हुआ है । सदर अस्पताल से भी मरीजो को बहला फुसला कर इलाज के नाम पर इन क्लीनिकों में पहुंचाया जाता है जहाँ बीमारी के हिसाब से मरीजों को पहुंचाने वाले दलालों को निजी क्लीनिक के द्वारा कमीशन दिया जाता है ।सूत्रों की माने तो एक मरीज पर एक हजार से लेकर तीन हजार तक का कमीशन दलालो को निजी क्लीनिक के संचालक के द्वारा दिया जाता है ।सूत्रों की माने तो इन निजी क्लीनिकों की स्वास्थ्य महकमे में अच्छी पैठ है जिसके कारण स्वास्थ्य महकमा इन्हें अनदेखा करता है ।

# प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पटखौली बगहा-2 के प्रांगण में आधा दर्जन पौधें लगाए गए।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा। नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में बुधवार को प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पटखौली बगहा-2 के प्रांगण में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीक्षा अध्यक्षा और महिला सामाजिक कार्यकर्ता उषा डंगवाल पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रही। वही भाजपा के आईटी सेल के नेता सोमेश पाण्डेय इस पुनीत कार्य के साक्षी बने।विद्यालय परिसर में जर्दा,महुआ, चंपा ,नारियल के आधे दर्जन पौधे लगाए गए। वहीं प्रधानाचार्य धीरेन्द्र पत तिवारी को अंगवस्त्र और चंपा के दो फूल देकर नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने संदीक्षा अध्यक्षा उषा डंगवाल और भाजपा नेता सोमेश पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।इसके अलावे विद्यालय के शिक्षक द्वय नागेंद्र कुमार सिंह, घनश्याम प्रसाद के लिए गंधराज और चंपा के फूल विद्यालय के प्रधानाचार्य को समर्पित किया गया।कोऑपरेटिव कोचिंग की छात्राओं जो इसी





विद्यालय की छात्र हैं। लगातार विगत 4 सालों से जिला में बेहतरीन स्थान ला रही हैं। जहां नैतिक जागरण वेलफेयर ट्रस्ट ने प्रधानाचार्य को सम्मानित किया। वही संदीक्षा अध्यक्षा उषा डंगवाल ने नैतिक जागरण मंच के कार्यों की सराहना की। अपितु स्वयं इस बरसात में उपस्थित होकर अपने श्रेष्ठ व्यक्तित्व का परिचय भी दी। नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू पाठक ने संदीक्षा अध्यक्षा उषा डंगवाल के साथ -साथ पत्रकार दिवाकर कुमार का भी आभार व्यक्त करते हुए कहां की भीषण बारिश में भी आप सभी उपस्थित होकर पर्यावरण के संरक्षण में अपनी सहभागिता को दर्ज कराएं हैं।इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद । संदीक्षा अध्यक्षा सह सामाजिक कार्यकर्ता उषा डंगवाल ने प्रधानाचार्य धीरेंद्र पत तिवारी से पौधों की रक्षा करने के लिए कहीं।जब भी मैं बगहा में आऊंगी ।इन पेड़ों को को देखने जरूर आऊंगी ।प्रधानाचार्य ने भी हर हाल में पेड़ों की रक्षा करने का वचन दिया।

# सिंघिया फिर से हुआ शर्मशार बाप बना हैवान

**समाज जागरण मुरारी झा**

समस्तीपुर जिला के सिंघिया थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव निवासी संतोष सिंह और उनके पत्नी ने चंद पैसो के लिए अपने ही बेटी के साथ करवाता था दुष्कर्म । मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित लड़की ने खुद के साथ हुए गलत कार्य का वीडियो बनाया।

और बताती है मेरी मम्मी शराब का कारोबार भी करती है औट्ट पिता का इलेक्ट्रिक दुकान है जो लोग शराब लेने या पीने आते थे वह लोग मेरे साथ दुष्कर्म करते है विरोध करने पर मम्मी मरती थी औट्ट जान से मार देने की धमकी देती रही और हम चुप रहे । लड़की ने बताया है कि सिंघिया पंचायत के पूर्व मुखिया निरंजन सिंह ने मेरे साथ गलत करने का बार बार कोशिश की जब डायल टोल फ्री नम्बर पर कॉल किया तो



भाग गया।।

लड़की ने आरोप लगाया है कि मेरे साथ सिंघिया थाना की एएसआई मनोज कुमार भी मेरे घर पर आ कर शराब पीते थे और मेरे साथ गलत हरतक करते है जिस लिए हम ने थाना में आवेदन नही दिया और विडियो बना कर पत्रकारों से मदद कि गुहार लगाई है ।।

वहीं पीड़ित लड़की ने नोट लिख कर बताया है कि में घुट घुट कर जी रही हूँ मेरे साथ कोई मदत करने वाला नही है में बहुत असहाय हु मेरी मदत किजिए नही तो मेरे मम्मी पापा मुझे जान से मार देगा ।

जहाँ अभी पीड़ित लड़की को अपने घर से निकाल कर गौरबौराम प्रखंड के गौरा भुसकोल गाँव मे नानी के घर मे बन्द करके रखी गई है ओर जान से मारनी कि बात चल रही है।।

# बाजार में उपलब्ध नहीं हो रही रसायनिक खाद असमंजस में है किसान

**समाज जागरण पश्चिम चंपारण(चौतरवा)**

चौतरवा थाना क्षेत्र हजारों किसानों को धान की रोपनी के लिए अभी तक रसायनिक खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बिना खाद के किसान धान के रोपनी कैसे करेंगे समझ नहीं पा रहे है।

खाद की किल्लत किसानों का गेहूं की खेती के समय से ही पीछा करता आ रहा है । गेहूं बुवाई के समय खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ा था और कई किसान बिना खाद के ही गेहूं की बुवाई करने को विवश रहे। खेत में खाद नहीं डालने के कारण किसानों की गेहूं की फसल काफी प्रभावित हो गई। किसान भारी नुकसान में रहे।नुकसान की भरपाई के लिए किसान धान की खेती पर आस लगाए बैठे हैं। अब जबकि धान की रोपनी शुरू हो गई है तो चौतरवा थाना क्षेत्र के अन्य जगहों पर कहीं भी रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं है। हद तो यह है कि इससे पूर्व धान की खेती का समय आने से काफी दिन पहले बाजार में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण हुआ करता था। लेकिन 26 जून






बीत जाने के बाद भी एक भी दुकानदार के यहां खाद नहीं है। धान के बिचड़ा में किसान यूरिया नहीं डाल पा रहे हैं जिससे उसकी प्रगति हो सके। चौतरवा क्षेत्र में दर्जनों दुकानदारों को रासायनिक खाद बेचने का लाइसेंस प्राप्त है।दुकानदार भी कुछ बताने को तैयार नहीं हो रहे हैं। खेती में रासायनिक खाद का उपयोग किसान करें कि नहीं करें इसको लेकर अब असमंजस की स्थिति बढ़ने लगी है।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ 2 बाइक एक कार के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बेतिया, 29जून ।गुप्त सूचना के धार पर पश्चिम चम्पारण के नौतन थाना की पुलिस ने छापेमारी दौरान भारी मात्रा में शराब, एक वैन समेत पांच तस्कर को गिरफ्तार की है। पश्चिम चम्पारण के पुलिस अधीक्षक के अनुसार प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त तरकरों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी हेतु एक टीम गठित गयी। गठित टीम के द्वारा त्वरित छापामारी करते हुए विदेशी शराब की तस्करी में संलिप्त कारोबारी 1. इस्तेयाक आलम, उम्र 22 वर्ष, पिता - जौवाद असारी, सा० - इस्लामपुर टिकैता, थाना- तुरकौलिया, 2. अमरजीत पासवान, उम्र 27 वर्ष, पिता - रामभरोस पासवान, सा० - मठ गरीब, थाना चकिया दोनो जिला पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, 3. राजेश यादव, उम्र 25 वर्ष, पिता- मुटी यादव, सा० राजवाही, थाना- यादोपुर, जिला






गोपालगंज, 4. नन्दन कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता- सुरेश ठाकुर, सा०- बभनौली, थाना- गोविन्दगंज, जिला- पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी एवं 5 जवाहीर शर्मा, उम्र 27 वर्ष, पिता- लालजी ठाकुर, सा० - दुधवलिया, थाना नौतन, जिला-पश्चिम चम्पारण बेतिया को 224 लीटर 640 एम०एल० विदेशी शराब 01 कार, 02 मोटरसाईकिल एवं 04 मोबाईल एवं के साथ गिरफ्तार किया गया, इस संबंध में नौतन थाना कांड सं०-360 / 2022, दिनांक- 29.06.2022 धारा-414 मा० द०वि० एवं 30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधि० 2016 दर्ज किया गया है।

# सत्याग्रह एक्सप्रैस ट्रेन के चपेट मे आने से युवक की कटी हाथ।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

गोरखपुर -नरकटियागंज रेल खंड के बालमिकीनगर रोड़ रेलवे स्टेशन के समीप सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट आने से एक 25 वर्षीय युवक का दाहिना हाथ कट गया, युवक की पहचान राजा कुमार राम पिता जगजीवन राम घर गोबरहिया नौकाटोला वॉर्ड नम्बर 02 लौकरिया थाना क्षेत्र के रूप मे हुई है,

बताया जा रहा हैं की राजा कुमार राम नमदनपुर माई स्थान से रेलवे लाइन के रास्ते अपने घर गोबरहिया जा रहा था, इसी दौरान गोरखपुर की ओर से आ रही सत्याग्रह एक्सप्रैस





को उसने देख लिया दरअसल वो भाप्सा नदी पुल पार कर रहा था, ट्रैन की चपेट से बचने के लिए वह भागते- भागते ट्रैक के नजदीक ही गिर पड़ा तब तक ट्रेन की चपेट मे आकर उसका दाहिना हाथ कट गया, मौके पर ंॠ सुबोध कुमार मंडल और कांस्टेबल हरिचंद्र यादव ने युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा ले गए जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ऋट्टउल्ठ बेतिया रेफर कर दिया गया!

# गौरा बौराम राजद कार्यकर्ता ने बांटा मिठाई एआईएमआईएम के विधायक का किया स्वागत

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

दरभंगा गौरा बौराम के राजद नेता व कार्यकर्ता ने बुधवार को अपने छेत्र में खुशी जाहिर किया है। इस मौके पर गौरा बौराम के प्रखंड अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य अजय यादव ने कहा बिहार में आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी हो गई है. बुधवार को तेजस्वी यादव ने खुद एलान किया कि असदुद्दीन ओवैसी के चार विधायकों ने आरजेडी का दामन थाम लिया है. ओवैसी के चार विधायकों को मिलाकर अब आरजेडी के पास 80 विधायक हो गए हैं. पहले आरजेडी के पास 76 विधायक थे. वही गौरा बौराम के सैकड़ों कार्यकर्ता ने चारो विधायक का स्वागत किया है।

मौके पर राजद नेता आसिफ



जमाल, प्रखंड प्रधान महासचिव महेश साहू , राजेश साहू, जिला परिषद सदस्य छेदी साहू , अजय कुमार , शुभंकर ठाकुर , राजबली यादव , सुजीत कुमार सुमन , अशोक पासवान , छन्नो कामती, राजकुमार चौपाल, विजय पासवान , मोहम्मद चांद, सहित अन्य राजद कार्यकर्ता ने अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिला कर जश्न मनाया।

# नदियों के जलस्तर, तटबंधों एवं निचले इलाकों में बसावटों की सतत निगरानी करने का निदेश।

## लगातार माइकिंग कराकर लोगों को करें सतर्क 29 जून को मध्याह्न 12 बजे तक गंडक बराज से छोड़ा गया दो लाख तीन हजार क्यूसेक पानी।

**समाज जागरण समीर कुमार**

आपदा प्रबंधन विभाग, भारत मौसम विज्ञान विभाग, पटना द्वारा जारी अत्यधिक भारी वर्षा एवं वज्रपात अलर्ट तथा बरसात मौसम के मद्देनजर जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा अत्यधिक भारी वर्षा, मेघ गर्जन, वज्रपात के प्रभाव से निपटने हेतु प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा कोषांग, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ को अलर्ट मोड में रहकर एहतियातन सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी अपने सूचना तंत्र को पूर्णतः क्रियाशील रखें ताकि आपदा से संबंधित सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। एसडीएम, बगहा वाल्मीकिनगर गंडक बराज के जलस्तर की प्रॉपर निगरानी एवं प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर पानी डिस्चार्ज से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि जरूरतमंदों के बीच पॉलीथिन शीट्स का वितरण अविलंब कराना सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने अंचलाधिकारियों को निदेश दिया कि अगर किसी गांव/पंचायत में ठनका गिरने से किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो इसकी सूचना अविलंब आपदा प्रबंधन शाखा को दें और निदेर्शानुसार मृत व्यक्ति के आश्रित को 24 घंटे के अंदर मुआवजा राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही वज्रपात (ठनका) की सूचना तुरंत पाने के लिए बिहार सरकार द्वारा डेवलप किये गये इन्द्रवज्र एप के बारे में आमजनों को अवगत करायें।

जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि आपदा प्रबंधन विभाग, मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी मौसम चेतावनी का प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से जिलेवासियों को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि आमजन सजग और सतर्क रहते हुए अत्यधिक भारी वर्षा एवं वज्रपात आदि से सुरक्षित रह सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखेंगे तथा तटबंधों की नियमित निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान के दौरान सड़कों पर पेड़ आदि गिर जाते हैं, जिससे आवागमन में बाधा पहुंचती है। सभी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि पेड़ गिरने की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाय तथा त्वरित गति से यातायात व्यवस्था सुचारू करने की कार्रवाई करेंगे।

सभी अंचलाधिकारियों को निदेश दिया गया कि माईकिंग के माध्यम से




आमजन को अत्यधिक भारी बारिश, तेज आँधी, वज्रपात से बचाव हेतु जागरूक करेंगे। किसानों एवं तटवर्ती इलाकों में निवास करने वाले लोगों को सुरक्षित स्थलों पर निवास करने, घरों में रहने आदि के संबंध में माइकिंग के माध्यम से जागरूक करने का निदेश दिया गया है। साथ ही सभी आश्रय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं अपडेट रखने हेतु निदेशित किया गया है।

उन्होंने कहा कि फ्लड फाइटिंग कार्य से संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता पूरी मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करें। गत वर्ष आयी बाढ़ आपदा के समय सभी ने अच्छा कार्य किया है। ऐसे ही संभावित बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए अपना बेस्ट दें।

फ्लड फाइटिंग टीम सभी आवश्यक संसाधनों के साथ हमेशा अलर्ट रहेगी तथा आवश्यकतानुसार फ्लड फाइटिंग कार्य सम्पन्न करायेगी।

जिला आपदा प्रभारी को निदेशित किया गया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी निदेश तथा संभावित बाढ़ के मद्देनजर एसडीआरएफ की टीम को सभी आवश्यक संसाधनों के साथ पूरी तरह अलर्ट मोड में रखना सुनिश्चित करेंगे ताकि विषम परिस्थिति में जान-माल की सुरक्षा की जा सके। साथ ही सभी अंचलाधिकारियों को नाव, नाविकों आदि की समुचित व्यवस्था करने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।

कार्यपालक पदाधिकारी, विद्युत विभाग को आंधी-तूफान के दौरान बिजली पोलों, तारों पर पैनी नजर बनायें रखने को कहा गया है। अगर कोई बिजली पोल या तार क्षतिग्रस्त होता है तो अविलंब उसकी मरम्मति कर बिजली आपूर्ति सुचारू करें। साथ ही टीम का गठन कर जिले के सभी बिजली तारों एवं पोलों का मुआयना करने का भी निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।

जिलेवासियों से अपील करते हुए जिलाधिकारी ने कहा है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अत्यधिक भारी बारिश, मेघ गर्जन, वज्रपात को लेकर जारी अलर्ट को अत्यंत ही गंभीरता से लें। जिलेवासी उचित सावधानी एवं सुरक्षा के उपाय बरतें। बिजली चमकने या गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई देने के बाद किसान तथा नागरिक पक्के घर में शरण लें। तटवर्ती इलाकों में निवास करने वाले व्यक्ति इस दौरान सुरक्षित स्थलों पर चले जाएं। नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने पर सभी ऊँचे स्थानों पर आ जाएं। घरों में रहें, अपने तथा अपने परिवार के बचाव हेतु सतर्क रहें। बारिश-तूफान के दौरान अपने बच्चों को घरों में रखें, उन्हें बाहर नहीं जाने दें। किसान अपने मवेशियों को खुले में नहीं बांधे, सुरक्षित स्थलों पर रखें।

बेतिया नगर निगम के नगर आयुक्त सहित सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि भारी बारिश, तेज आँधी, वज्रपात के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में सभी संसाधनों के साथ टीम तैयार रखेंगे। साथ ही भारी बारिश के आलोक में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करेंगे।

समीक्षा के क्रम में नगर आयुक्त के द्वारा बताया गया कि नगर निगम, बेतिया द्वारा शहर के विभिन्न नालों की बड़े मशीनों के माध्यम से सफाई/उड़ाही कर जल निकासी करायी जा रही है। साथ ही अंधेरी-चुनरी, चन्द्रावत सहित अन्य नदी जहाँ शहर का पानी निकलता है, वहाँ भी अच्छे तरीके से सफाई की जा रही है ताकि शहर में जमा पानी को जल्द से जल्द निकाला जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, श्री नदंकिशोर साह, अपर समाहर्ता-सह-जिला आपदा प्रभारी पदाधिकारी, श्री अनिल राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# झारखंड के बारिश से ककोलत में बाढ़ आने से मची अफरा-तफरी

**समाज जागरण नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादा जिले में बुधवार सुबह से ही लगातार बारिश हो रही है। इसके कारण गोविंदपुर प्रखंड के ककोलत जलप्रपात में अचानक बाढ़ आ गई है। स्नान करने पहुंचे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। किसी भी प्रकार की घटना नहीं घटी है। वहीं बाढ़ आने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। वहीं बारिश से जिले में जलजमाव की समस्या की सूचना सामने आ रही है। गोविंदपुरा में ककोलत जलप्रपात बिहार का छोटा कश्मीर कहा जाता है। यहां पर अचानक पहाड़ से तेज धारा गिरने लगता है। तेज बारिश के कारण ककोलत में बाढ़ आने के बाद लोगों से कहा गया है कि वहां स्नान नहीं करें।



जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण कई स्थानों पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। बिहार के कश्मीर कहे जाने वाले ककोलत में दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं और स्नान करते हैं। मानसून में भी ककोलत का आनंद लेने के लिए बिहार ही नहीं दूसरे राज्य से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं।

## नवादा : जिले में 6 बेड का अस्पताल वर्षों से है बंद, ग्रामीण सांसद चंदन सिंह से मांग रहे जवाब

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादा जिले के कटघरा गांव में 2012 में दिवंगत नवादा के पूर्व सांसद भोला बाबू के द्वारा 6 बेड का अस्पताल का उद्घाटन किया गया था। उसके बाद से कुछ दिनों तक अस्पताल का संचालन हुआ और उसके बाद वह बंद हो गया। जिसके बाद से आज तक अस्पताल में ताला लटका हुआ है। ग्रामीण कहते हैं कि इस मामले पर प्रभारी से बातचीत होती है तो वह बोलते हैं मेरे पास इसका कोई जानकारी नहीं है। हालांकि ग्रामीण यह भी कहते हैं कि 6 बेड का अस्पताल यह है लेकिन इससे 3 बेड प्रखंड मुख्यालय मेसकौर ले जाया जा चुका है।



वहीं ग्रामीण इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए वर्तमान सांसद चंदन सिंह से जवाब तलब कर रहे हैं और यह कह रहे हैं कि इनके कार्यकाल में कभी भी या अस्पताल चालू नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि इस अस्पताल को समय पर चालू करा दिया जाए तो कटघरा गांव के साथ-साथ आसपास के 10 से 12 गांव लाभान्वित होंगे।

## दो फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कोरमा गांव में मंगलवार की शाम वारिसलीगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल के नेतृत्व में छापेमारी कर फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। शराब मामले के आरोपित कोरमा गांव निवासी संदीप मांझी और फूलों यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

## हरी झंडी दिखाकर नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकारों को किया गया रवाना

**समाज जागरण**

नवादाः जिलाधिकारी उदिता सिंह नवादा के निर्देश के आलोक में बुधवार को समाहरणालय परिसर से अनुमंडल पदाधिकारी उमेश कुमार भारती,उपेंद्र प्रसाद एसडीपीओ नवादा और सत्येंद्र प्रसाद जिला सूचना एवं जनसंपर्क के द्वारा हरी झंडी दिखाकर नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकारों को रवाना किया गया।कलाकारों के द्वारा चयनित महादलित टोले में गीत ,संगीत नृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार के कल्याणकारी योजनाएं तथा, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा का महत्व, आंगनवाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली की दुकान समाज सुधार अभियान के अंतर्गत बाल विवाह, दहेज प्रथा और नशा मुक्त उन्मूलन के लिए स्थानीय लोगों को स्थानीय भाषा में अच्छी तरह समझाया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महादलित टोले में सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं समाज सुधार अभियान के बारे में अवगत कराया जा रहा है और साथ ही अंधविश्वास को दूर करने के लिए स्थानीय लोगों को उनकी भाषा में मोटिवेट किया जा रहा है। मौके पर उमेश कुमार भारती अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर,उपेंद्र प्रसाद एसडीपीओ और सत्येंद्र प्रसाद जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सर कटी युवती की शव का हुई पहचान, एक सप्ताह पहले घर से हुई थी लापता

**दैनिक समाज जागरण केशव कुमार औरंगाबाद**

जिले के बारुण थाना अंतर्गत घोरहा गांव के समीप पुनपुन नदी तट से मंगलवार की सुबह एक अज्ञात युवती का शव बरामद की गई थी। जिसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक युवती की हत्या का खबर से युवती की पहचान कर ली गई हैं। वैसे युवती रोहतास जिले के रोहतास थाना अंतर्गत बसकटिया गांव निवासी सुरेंद्र सिंह की 17 वर्षीय पुत्री ज्योति कुमारी बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक मृतिका मैट्रिक की छात्रा थी। वह 21 जून की सुबह अपने घर से लापता थी ।

काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट रोहतास थाना में दर्ज कराई थी और छानबीन की जा रही थी ।

लेकिन, आज सोशल मीडिया पर वायरल युवती के हत्या की खबर पर रोहतास थाना की पुलिस द्वारा बारुण थाना से संपर्क की गई जिसमें युवती की पहचान कर ली गई हैं। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव को बारुण पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है।वैसे युवती की हत्या किसने की हैं।पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई हैं।

## औरंगाबाद के ओबरा में वज्रपात से अधेड़ की मोत

**दैनिक समाज जागरण, केशव कुमार,औरंगाबाद**

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के डिहरा गांव में बुधवार की सुबह वज्रपात से एक अधेड़ की मौत हो गई. बताया जाता है कि डिहरा निवासी मजदूर 55 वर्षीय शंकर राजवंशी शौच कर वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में तेज बारिश होने लगी और ठनका गिरने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई.ग्रामीणों ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष को दी. थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है.

## आकाशीय बिजली गिरने से एक ब्यक्ति की मृत्यु के उपरांत आपदा राहत कोष से शीघ्र मुआवजा दिया जाय ----- सत्येन्द्र रंजन ।

**जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार**

अरवल जिला के सदर प्रखंड अरवल अंतर्गत ग्राम मल्हीपट्टी निवासी बिरेन्द्र कुमार चौधरी सोन नदी में मच्छली मारने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर अरवल जिला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने मृतक के शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना ब्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा के शांति प्रदान करे एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में साहस और धैर्य धारण करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करे ।जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने जिलापदधिकारी जे प्रियदर्शनी से मांग करते हुए कहा कि आपदा राहत कोष से मृतक के शोक संतप्त परिवार को आर्थिक मुआवजा शीघ्र दिया जाय एवं शोक संतप्त परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग राज्य सरकार से किया ,ताकि शोक संतप्त परिवार के सामने भरण पोषण की समस्या उत्पन्न नहीं हो ।

# नवादा मंडल कारा के पास इटढ जवान की मिली लाश, एसपी सहित अन्य अधिकारी जांच में जुटे

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो ( धर्म जीत सिन्हा)**

मंडल कारा नवादा के पास खेत से बीएमपी जवान की लाश पाई गई। बुधवार की दोपहर बाद शव की बरामदगी हुई। सूचना के बाद एसपी डॉ गौरव मंगला सहित अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। जवान झारखंड के निवासी बताए गए हैं। बताया गया कि मृतक जवान मंगलवार से ही लापता थे। फिलहाल शव को बरामद कर पुलिस लाइन ले जाया गया है। मृतक जवान संदीप तमग मंडल कारा में ही पदस्थापित थे। जवान की स्वाभाविक मौत है या हत्या की गई है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल अधिकारी कुछ बताने के पहले प्रारंभिक जांच पूरी कर लेना चाहते हैं। एसपी के साथ ही एसडीपीओ सदर उपेन्द्र प्रसाद, डीएसपी मुख्यालय अनिल कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे थे। जवान के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मेडिकल टीम गठित कर पोस्टमार्टम कराने की तैयारी है।









मृतक झारखंड की राजधानी रांची के गोरखा कॉलोनी रोड नंबर 3 सी मोर शिव मंदिर, हटिया के निवासी बताए गए हैं। फिलहाल नवादा जेल में इनकी ड्यूटी थी। पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। फिलहाल, जवान के परिजनों और उनके बटालियन के अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है।

## वज्रपात से महिला की मौत होने से मचा कोहराम

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादामानसून की बारिश शुरू होने के साथ ही नवादा में दर्दनाक मौतों का सिलसिला भी शुरू हो गया है. जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के मड़पो गांव में बुधवार को वज्रपात से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया. बताया जाता है कि मड़पो गांव निवासी गोरेलाल महतो की पत्नी शिवकुमारी देवी (40) खेत में काम कर घर लौट रही थी. इस बीच अचानक तेज बारिश शुरू हो गई।महिला बारिश से बचने के लिए पास के ही सामुदायिक भवन में जाकर छिपना चाही, तभी अचानक आकाशीय बिजली टूट पड़ा. बिजली की चपेट में आने से महिला बुरी तरह झुलस गई। परिजनों के सहयोग से वज्रपात से बुरी तरह झुलसी महिला को चिंताजनक हालत में कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया. हालांकि इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद कौआकोल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया. घटना के बाद स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना प्रदान किया है।



उन्होंने कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत पीड़ित परिवार के आश्रित को आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की बात कही. वहीं उन्होंने प्रशासन से राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं आपदा राहत कोष से मिलने वाली सहायता राशि शीघ्र प्रदान करने की मांग की है। बता दें कि बुधवार को सुबह से ही मौसम में पूरी तरह बदला है। नवादा के अधिकांश इलाके में जगह-जगह पर हल्की बारिश हो रही है।

## असमंजस की स्थिति में हैं मगध विश्वविद्यालय के कॉलेजों में नामांकित छात्र छात्राएं

### लंबित परीक्षाएं, फार्म, रजिस्ट्रेशन व नामांकन की तिथियों का कोई अतापता नहीं कॉलेज कर्मी बताने में असमर्थ 25 जून को आना था पार्ट वन और 2 का परीक्षा परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी मायूस

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-मगध विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में नामांकित हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य विश्वविद्यालय के अधिकारियों की शिथिलता के कारण अंधकारमय हो रहा है। लंबित परीक्षा, फार्म, रजिस्ट्रेशन व नामांकन आदि कब होगा कॉलेज प्रशासन बताने में असमर्थ है। जिस कारण विश्वविद्यालय क्षेत्र में पड़ने वाले कॉलेजों में नामांकन करवा चुके विद्यार्थी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

मगध विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त नवादा जिले में केएलएस कालेज, राजेंद्र मेमोरियल कालेज एवं वारिसलीगंज का एसएन सिन्हा कालेज, टीएस कॉलेज हिसुआ सहित करीब आधा दर्जन बिहार सरकार से सम्बद्धता प्राप्त कालेज जिले में संचालित है। इन सभी महाविद्यालयों में इंटर के साथ स्नातक तक की पढ़ाई की व्यवस्था है। जिसमें हजारों छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। जबकि कालेजो में मात्र गिनती के शिक्षक उपलब्ध हैं। बावजूद इन महाविद्यालय में हजारों छात्र छात्राओं का नामांकन प्रति वर्ष होता है। इन कॉलेजों में सिर्फ नामांकन, रजिस्ट्रेशन, फार्म भरने का कार्य होता है। शिक्षण कक्षाओं से कोई लेना देना नहीं होता है। सत्र लेट होने के कारण कुछ दिनों से छात्रों के आंदोलन के बाद 25 जून को पार्ट वन और टू का रिजल्ट देने की बात विश्वविद्यालय द्वारा की गई थी। लेकिन जून समाप्त होने को है और रिजल्ट का कोई अता-पता नहीं है। कब रिजल्ट आएगा और पुनः कब फार्म भरने की तिथि प्रकाशित की जाएगी इसकी जानकारी कॉलेज कर्मी भी बताने में असमर्थ हो रहे हैं। हलांकि जुलाई माह में दोनों सत्रों का परीक्षा आयोजित कर लिए जाने की बात की गई थी। लेकिन परीक्षा परिणाम और फार्म भरने की तिथि प्रकाशित नहीं होने के कारण परीक्षा समय पर हो जाएगा कह पाना मुश्किल है । जिस कारण इन कॉलेजों में नामांकित विद्यार्थियों में मायूसी और असमंजस की स्थिति देखी जा रही है। वही इंटर पास कर स्नातक में नामांकन कराने के लिए ऑनलाइन की तिथि प्रकाशित नहीं होने से हर रोज सैकड़ों छात्र-छात्राएं ऑनलाइन की तिथि की जानकारी के लिए साइबर कैफे और कॉलेज का चक्कर लगा रहे हैं।




**जिले के साथ-साथ बड़ी संख्या में दूसरे जिलों से पढ़ाई करने आते हैं विद्यार्थी**

बिना कक्षाएं किये आसानी से परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर पास करने की ललक से नवादा सहित जिले से सटे नालंदा, शेखपुरा, जमुई ,लखीसराय आदि जिले के सैकड़ों छात्र-छात्राएं नवादा के कालेजो में नामांकन लेते हैं। जिनको आने-जाने के लिए सड़क मार्ग के अलावे रेलवे की सुगम रास्ता संसाधन उपलब्ध है। सुगम रास्ता के साथ पिछले कुछ वर्षों से बिना मेहनत के आसानी से डिग्री मिल जाने के कारण नामांकन के समय जिले के कालेजो में नवादा समेत पड़ोसी जिलों के छात्र-छात्राओं का सर्वाधिक भीड़ लगती रही है। लेकिन अब ऐसे विद्यार्थी अपने आप को ठगा महशुस कर रहे हैं। सूचनाओं के अनुसार मगध विश्वविद्यालय के कुलपति के ऊपर कई प्रकार का आरोप है। वीसी गैरमौजूदगी में दूसरे विश्वविद्यालय के कुलपति और परीक्षा नियंत्रक सहित कई अधिकारी विश्वविद्यालय का कार्य देख रहे हैं। जिनकी शिथिलता के कारण किसी प्रकार का कार्य विश्वविद्यालय में संपन्न नहीं हो रही है।

### बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले में फर्जी क्लिनिक और फर्जी डॉक्टरों का बोलबाला

## सस्ती और सुलभ इलाज के नाम पर लूटे जाते हैं गरीबों के धन , जानकारी के अभाव मे फर्जी डॉक्टर मरीजों को लेते आ रहे हैं जान।

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरो चीफ**

औरंगाबाद( बिहार) 29 जून 2022:- बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले में फौजी डॉक्टरों की लापरवाही कारण होने वाले मौत अथवा मौत के बदले पैसों के लेन देन जब बिकराल रूप धारण कर लेते हैं तो बातें सड़कों एवं मीड़िया के बीच पहुँच जाते है और फजीवाड़े क्लिनिक संचालको का मनमानी सुर्खियों में होते है,जीसकी बोली महज चंद पैसो से बिचौलिए लगाते है और मौत के बदले चंद पैसो से मामले को दबा दिया जाता है और फिर वहीं होता है जो होते आ रहा है। हंगामे के बाद बिचोली की मध्यस्था और मौत के बदले चंद पैसों की लेनदेन

**औरंगाबाद में फर्जी क्लीनिक में गलत इलाज के कारण हो जाती है मरीजों की मौत।**

औरंगाबाद में फर्जी क्लीनिक में गलत इलाज के कारण कई मरीजो की मौत हो जाती है तो कई को इलाज के बाद कई तरह की अन्य शारीरिक बीमारियो का सामना करना पड़ता है कई ऐसे फर्जी क्लीनिक औरंगाबाद में है जहाँ मरीजो की मौत हुई है और परिजनों द्वारा हंगामा किया गया है । कुछ दिनों तक काम बंद होने के बाद पुनः क्लीनिक चालू हो जाता है ।




फर्जी क्लिनिक और फर्जी डॉक्टरों का बोलबाला पर औरंगाबाद जिले में स्वास्थ्य महकमा चुप है और जनता के चितकार के बाद भी फर्जी क्लिनिक पर डीएम साहब की तो नजर ही नहीं पड़ती ।ऐसी घटनाओं में जाँच के नाम पर मोटी रकम से जेब भर जाती है और जब जेब भर ही जाते हैं तो स्वास्थ्य महकमा का चुप रहना भी लाजिमी है क्योंकिलूटने और लूटाने वाले दोनो केवल जनता को लूटते है।

# ट्रेन चालक की सूझबूझ से केजी रेलखंड पर बड़ी दुर्घटना घटने से बची, कोई हताहत नहीं

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-ट्रेन चालक की सूझबूझ से केजी रेलखंड के वारिसलीगंज-बाघी बरडीहा रेलवे स्टेशन के बीच सफीगंज गांव के समीप अनाधिकृत रेल ट्रैक क्रासिंग पर बड़ी दुर्घटना होते होते बची। वारिसलीगंज से गया जाने को ले बुधवार की शाम पांच बजकर 10 मिंट पर खुली मेमू ट्रेन का चालक ने सफीगंज के पास ग्रामीणों द्वारा बनाया गया अनाधिकृत ट्रैक क्रासिंग को पार करने का प्रयास करते एक मैजिक पीकप को देख इमरजेंसी ब्रेक लगा सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन रोक दिया। फलतः आपातकालीन ब्रेक लगने के कारण ट्रेन मैजिक के पास पहुंचते ही रुक गई। फलतः ट्रैक पर खड़ी पीकप को मामूली नुकसान पहुंचा। किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। बाद में घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने किसी प्रकार से पीकप को ट्रैक से धकेल कर बाहर किया। तब ट्रेन गंतव्य को रवाना हुई। इस बीच करीब 15 से 20 मिंट ट्रेन घटना स्थल पर रुकी रही। जानकारी हो कि इससे पूर्व केजी रेलखंड के कई स्थानों पर बने अनाधिकृत खुला रेल क्रासिंग पर दुघर्टना घट चुकी है। जबकि 16 दिसंबर 2014 को सफीगंज गांव के पास खुले रेल क्रासिंग पर गया से किऊल कि ओर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक बोलेरो पर सवार छह बरती लोगो की जान चली गई थी। वही सफीगंज के अलावे अन्य कई खुले रेल क्रासिंग पर घटनाएं घट चुकी है।



कहां कहां घट चुकी है घटनाः- 16 दिसम्बर 14 की सुबह सफीगंज का प्रस्तावित रेलवे हाल्ट पर ट्रेन की चपेट में आने से छह लोगो की मौत हुई थी। जबकि 2015 के जून माह में उक्त रेलखंड में बोझावा गांव के समीप स्थित खुला रेल फाटक पर कियूल से गया जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में पटरी पार करते समय एक ट्रक चकनाचूर हो गया था। करीब दो बर्ष पहले बाघी बरडीहा रेलवे स्टेशन से उतर रात में रेल फाटक में फंसकर एक बालू लदा ट्रक गया से कियूल की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर पूरी तरह से बिखर गया जबकि ट्रैन का ईंजन भी क्षतिग्रस्त एवं चालक को चोट आई थी। करीब एक वर्ष पूर्व हाजीपुर पंचायत की मई गांव से बच्चे को लाने जा रही एक नई स्कूली ऑटो रिक्सा अहले सुबह खुला रेल पटरी पार करते गया कि ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आई और चकनाचूर हो कर इंजन में फस गई। जबकि दो सप्ताह पूर्व सोनवर्षा गांव के पास अनाधिकृत रेल क्रासिंग पर करते एक ऑटो ट्रेन से टकराकर चकनाचूर हो गई थी। तब उक्त ट्रेन के चालक ने यात्रियों की मदद से इंजिन में फस चुका औटो को निकालकर ट्रेन को गया ले जाया गया।

## अंचल कार्यालय में कर्मियों की कमी से प्रभावित हो रहो कार्य

### महज दो राजस्व कर्मी के सहारे प्रखंडे के 16 हलकों व एक नगर परिषद का चल रहा कार्य वारिसलीगंज अंचल के एक मात्र अमीन जिले के कई प्रखंडों में करते है मापी

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज अंचल कार्यालय में कर्मियों की कमी से कार्यालय के कार्यो के निष्पादन में काफी परेशानी होती है। करीब दो लाख से अधिक की आबादी का कार्य निष्पादन के लिए महज दो राजस्व कर्मचारी प्रखंड व नगर क्षेत्र के लिए कार्यरत हैं। जबकि अंचल कार्यालय में पदस्थापित अमीन को आवश्यकता अनुसार जिले कई अन्य प्रखंडों में जा कर मापी कार्य का निबटारा करना होता है। ऐसे में वारिसलीगंज प्रखंड एवं नगर क्षेत्र के लोगो को अपनी विवादित भूमि की मापी के लिए सरकारी राजस्व जमा करने के बाद भी कई महीनों तक प्रतीक्षा करने पड़ रहा है।

प्रखंड के कुल 16 पंचायतो एवं एक नगर परिषद की भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन को ले स्थानीय अंचल कार्यालय में मात्र दो राजस्व कर्मचारी नियुक्त है। इसी प्रकार 05 कार्यालय सहायक के बदले मात्र 03 सहायक, 17 हलको की जमीन नापी करने के लिए मात्र एक अमीन, जबकि अनुसेवक के सृजित 4 पदो के विरुद्ध एक भी अनुसेवक अंचल कार्यालय में नियुक्त नहीं है। इसी प्रकार प्रखंड क्षेत्र के लोगो के लिए जाति, आय, आवासीय व अन्य कार्यों का ऑनलाइन निपटारा के लिए तीन कार्यालय सहायक के विरुद्ध मात्र एक कार्यपालक सहायक नियुक्त है। कार्यालयों के साथ ही राजस्व कर्मियों की कमी से अंचल कार्यालय वारिसलीगंज में आवश्यक कार्यो का बोझ बढ़ता जा रहा है। इस संदर्भ की बात चीत में अंचल अधिकारी प्रेम कुमार ने कहा की कर्मियों खासकर राजस्व कर्मचारियों की कमी से कार्यालय का कार्य प्रभावित होता है। इसके लिए जिला के वरीय अधिकारियों से कर्मियों की मांग की गई है। जहां से कर्मियों की संख्या बढ़ाने का आश्वासन भी दिया गया है। बावजूद वारिसलीगंज अंचल कार्यालय द्वारा कार्य निष्पादन में जिले में दूसरे स्थान पर है। बता दें कि वारिसलीगंज नगर परिषद सहित प्रखंड के 16 हलकों की भूमि संबंधी कार्यो एवं राजस्व वसूली को ले 17 कि जगह मात्र दो राजस्व कर्मचारी नियुक्त हैं।




जबकि सरकार द्वारा जमीन संबंधी विवाद का त्वरित निपटारा का निर्देश दिया जाता है। ऐसे में कम कर्मियों के कारण कार्य निष्पादन में बेवजह विलम्ब होती है। आज के दौर में छात्रों के कई प्रकार का प्रमाणपत्र से लेकर अन्य कार्य के निष्पादन में राजस्व कर्मी के जांचे प्रतिवेदन की जरूरत होती है। लेकिन कर्मचारियों की कमी से आवश्यक कार्य भी करवाने में लोगो को बिलम्ब का सामना करना पड़ता है।

## प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में छायी वीरानगी।

**समाज जागरण**

नारदीगंज,नवादाः- बिना माई बाप के चल रहा है प्रखंड कार्यालय नारदीगंज। ऐसा पिछले 17 जून से हो रहा है। ऐसे में कर्मियों का बल्ले बल्ले हो रहें हैं, वही आम जनता को काम नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्र बताते हैं कि प्रखंड विकास पदाधिकारी की कुर्सी खाली है। ऐसा यहां के निवर्तमान बीडीओ को सस्पेंड कर देने से हालत बनी हुई है। उनके जाने के बाद किसी को प्रभार भी नहीं मिला है।और नहीं किसी को पदस्थापना हुई है।जिस कारण कल्याणकारी योजनाओं भी प्रभावित हो रहा है, साथ ही कामकाज को देखनहार भी कोई नहीं है। ऐसे में प्रखंड कार्यालय में वीरानगी छाई रहती है। आये दिन ग्रामीण अपने काम को निपटाने के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंचते हैं, तो मालूम होता है कि अभी बड़े साहब की पदस्थापना नहीं हुई है, ऐसे में लोग बिना काम हुए ही उल्टे पांव वापस लौट जाते हैं। प्रखंड आने वाले लोग जब कार्यरत कर्मी से बड़े साहब की आने की बात पूछते हैं, तो माकूल जबाव नहीं मिल पाता है। यह हालत कब तक होगा,यह सोचनीय विषय बनकर रह गया है। वही अंचल कार्यालय में सीओ को छुट्टी पर चले जाने से लोगों की समस्या को कोई भी देखनहार नहीं है। वे पिछले 25 जून से अवकाश में हैं।पंचायत राज कार्यालय में भी यही हाल है। बीपीआरओ के नहीं रहने से सरकार के कल्याणकारी योजनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बुधवार को भी इन सभी विभागों के पदाधिकारियों के नहीं रहने से आम समस्या बनी रही। स्थानीय लोगों ने व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग सरकार व जिला प्रशासन से किया है।




## धमौल पंचायत में मनरेगा योजनाओं में लूट की डीएम से की शिकायत

### लघु सिंचाई विभाग से कराए काम पर ही योजना का नाम बदलकर की जा रही निकासी

**समाज जागरण**

पकरीबरावां(नवादा) पकरीबरावां प्रखंड के धमौल पंचायत में मनरेगा योजनाओं में लूट मची है। पूर्व में कराए गए कार्यों पर ही योजनाओं का नाम बदलकर राशि की निकासी की जा रही है। पंचायत रोजगार सेवक, पीटीए, कनीय अभियंता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी की मिलीभगत से राशि की निकासी की जा रही है। कई जगहों पर जेसीबी मशीन के द्वारा मिट्टी का कार्य करा कर मास्टर रौल निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस बाबत ग्रामीण रंजीत कुमार उर्फ गया यादव, रामचंद्र यादव, मिथिलेश यादव, मोइन आलम, शंकर शर्मा के साथ ही वार्ड संख्या-12 के वार्ड सदस्य दशरथ राम, वार्ड संख्या- 7 के वार्ड सदस्य शंकर कुमार शर्मा, वार्ड संख्या- 4 के मो. एजाजुल, वार्ड संख्या- 3 के अफसाना खातून, वार्ड संख्या- 8 के गुंजा देवी एवं वार्ड संख्या- 2 के अनारकली देवी के हस्ताक्षर युक्त आवेदन डीएम समेत डीडीसी एवं लोकपाल नवादा को दी गई है। आवेदन के माध्यम से योजनाओं की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। दिए आवेदन में बताया गया कि धमौल पंचायत के धमौल, श्यामदेव एवं तुर्कबन के सभी आहर- पईन की सफाई वित्तीय वर्ष 2018-19 से लेकर वर्ष 2019-20 तक लघु सिंचाई विभाग से काम कराया गया है, जिसका प्रोजेक्ट यूनिक कोड BR-NWD-225 प्रखंड पकरीबरावां, जिला नवादा है। उसी कार्य को मनरेगा द्वारा योजना का नाम बदलकर महज खानापूर्ति करते हुए राशि की निकासी की जा रही है जबकि लघु सिंचाई विभाग से कोई एनओसी नहीं ली गई है। लोगों ने यह भी बताया कि जेसीबी मशीन से काम कराया जा रहा है। कार्यक्रम पदाधिकारी को सूचना दिए जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। 45 से 55 मजदूर प्रत्येक योजना पर कार्य करते हुए दिखाया गया है, लेकिन एक भी दिन मजदूर को कार्य पर नहीं लगाया गया है। इसी कारण से एनएमएमएस का प्रयोग नहीं किया गया है। एक ही योजना का नाम बदलकर ग्राम पंचायत धमौल के ग्राम तुर्कबन में तकिया पैन की सफाई कार्य संख्या IC/20401973 की गई है तथा ग्राम पंचायत बेलखुंडा के ग्राम पड़रिया में दुलारी तकिया से गुहिया पुल तक पईन की सफाई कार्य IC/20418645 की गई जबकि दुलारी तकिया बेलखुंडा पंचायत में पड़ता है।



लघु सिंचाई विभाग के योजनाओं एवं मनरेगा योजनाओं की जांच कर कार्रवाई की मांग ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने की है।

22 may 2022:Layout 1 6/30/2022 1:59 AM Page 10



## सर्जना निखार शिविर के समापन समारोह में 5 जुलाई को शामिल होंगी अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा इकाई द्वारा 5 जुलाई को होने वाले सर्जना निखार शिविर के समापन समारोह के संदर्भ में प्रेस वार्ता का आयोजन मिश्र टोला स्थित स्थानीय कार्यालय पर किया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश सह मंत्री पूजा कश्यप ने कहा कि विगत 15 वर्षों से पूरे भारत भर में दरभंगा इकाई के कार्यक्रम सर्जना निखार शिविर की चर्चा होती है। पूरे 1 महीने तक चलने वाले इस शिविर में छात्राओं के अंदर की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनको विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। कोरोना से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण पिछले 2 वर्ष में इस शिविर का आयोजन नहीं हो पाया था। पुनः शुरू हुए इस शिविर में सैकड़ों छात्राएं हिस्सा ले रही हैं।

विभाग संयोजक उत्सव परासर ने बताया कि 2 वर्षों के बाद आयोजित हो रहे इस शिविर में उत्साह पूर्ण ढंग से छात्राएं भाग ले रही हैं तथा इसके समापन समारोह में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी के आगमन की सूचना से जिले भर के कार्यकताओं में उत्साह की लहर है।




जिला संयोजक हरिओम झा ने कहा कि समापन समारोह में विविध विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राएं अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

नगर मंत्री सूरज ठाकुर ने कहा कि महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी का स्वागत नगर में बाइक जुलूस निकालकर किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में प्रदेश सह मंत्री पूजा कश्यप, विभाग संयोजक उत्सव परासर के साथ जिला संयोजक हरिओम झा तथा नगर मंत्री सूरज ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## बाढ़ आपदा से सम्बंधित विस्तृत रूप से विचार विमर्श हेतु प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित किया गया।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर प्रखंड परिसर स्थित सभा भवन में बाढ़ आपदा से सम्बंधित विस्तृत रूप से विचार विमर्श हेतु प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। वुधवार को बाढ़ आपदा को लेकर आरओ रविकांत के अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में आरओ ने मौजूद प्रतिनिधियों से बाढ़ आपदा को लेकर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया। जहां मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि नाव अधिग्रहण कर प्रभावित क्षेत्र में नाव परिचालन करने, बाढ़ आने पर पीड़ितों के ऊंचे स्थल पर रहने को लेकर चिन्हित टीले आदि पर चर्चा किया। वहीं कहा की कोसी के कटाव से कटे घर कट्टी को लेकर अभिलेख तैयार किया किया जा रहा है। ताकि लोगों को मिलने वाला लाभ दिया जा सके। साथ हीं यदि कहीं कोई परेशानी हो तो उसकी सूचना अविलम्ब दें ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके। वहीं आरओ को अवगत कराया गया कि गांव में घर कटने के बाद थरबिट्टा पुनर्वास में लोगों ने अपना घर बना लिया। लेकिन अब यहां भी लोगों के घरों में सीपेज एवं बारिश का पानी भरा हुआ है। वैसे लोगों को भी राहत मिलना चाहिए। मौजूद प्रतिनिधियों प्रभावित क्षेत्र में नौका परिचालन का भी मांग किया गया। उन लोगों ने कहा कि नाविक नाव इसलिए नहीं देने को तैयार हो रहा है की बड़ी नाव पर भी एक हीं नाविक दिया जा रहा है। जहां आरओ ने बताया कि जो लोग नाव देना चाह रहे हो उनसे बात कर उन्हें यहां परवाना बनवाने के लिए भेजे। ताकि समय से नाव का परिचालन हो सके। कुछ प्रतिनिधियों ने बताया की सड़क के टूटने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रहा है। इसलिए या तो सड़क का मरम्मती हो या उस जगह नाव का परिचालन करवाया जाए। जहां बताया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी को सड़क मरम्मती के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। मौजूद प्रतिनिधियों ने बताया कि कोसी में पानी बढ़ने के चलते लोगों को एक जगह से दूसरे जगह आने जाने के लिए नाव को आवश्यकता है। नाव के अभाव में लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी उठाना पर रहा है। जहां आरओ ने नाव के बारे एसडीओ से बात करने की बात कहे।



बैठक में प्रधान सहायक उमेश पासवान, नौआबाखर मुखिया मनोज साह, मौजहा के वार्ड नम्बर 4 से कमलदेव कुमार दास, वार्ड नम्बर 09 से सूर्यनारायण यादव, वार्ड तीन से विजय कांत झा, वार्ड 12 से राजेश कुमार, वार्ड 2 से सुरेंद्र साह, वार्ड 1 से दसरथ यादव, वार्ड 6 उमेश कुमार, वार्ड 5 के वार्ड सदस्य अरुण कुमार चौधरी, वार्ड 11 से उमेश कुमार, वार्ड 8 चंदेश्वरी कामत, वार्ड नम्बर 4 के सदस्य ललिता देवी, वार्ड 2 के सदस्य रंजू देवी मौजूद थे।

## जिलाधिकारी औरंगाबाद ने औरंगाबाद प्रखंड़ के ग्रामीण आवास सहायक श्री शिव प्रकाश मिश्रा को तत्काल सेवा से सेवा से बर्खास्त करने का उप विकास आयुक्त को दिया निर्देश

**दैनिक समाज जागरण औरंगाबाद से केशव कुमार का रिपोर्ट**

औरंगाबाद (बिहार)29 जून 2022:- जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय,समाहरणालय, औरंगाबाद द्वारा 29 जून 2022 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती कमला देवी, पति श्री गुप्ता पासवान, ग्राम झिकटीया, पंचायत मंझार, प्रखंड औरंगाबाद द्वारा जिला पदाधिकारी को शिकायत की गई थी कि श्री शिव प्रकाश मिश्रा, ग्रामीण आवास सहायक, ग्राम पंचायत मंझार द्वारा द्वितीय किस्त की राशि भेजने हेतु आवास का फोटो लेने के लिए ₹10000 रिश्वत की मांग की गई थी एवं श्री मिश्रा द्वारा बिना पैसे लिए आवास का फोटो नहीं लिया जा रहा था। यह मामला जिला पदाधिकारी के संज्ञान में आते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी कि माध्यम से जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि लाभुक का लिंटर स्तर का तक आवास का निर्माण हो चुका है परंतु द्वितीय किस्त के भुगतान हेतु अब तक फोटो नहीं लिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन में यह प्रतिवेदित किया गया है कि यदि आवास सहायक को कोई आपत्ति थी तो उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचित करना चाहिए था न कि दूसरी किस्त भेजने हेतु आवास का फोटो लेने के लिए रिश्वत की मांग करनी चाहिए थी। रिश्वत की मांग करना लोक सेवक के लिए अपराध की श्रेणी में आता है। जांच के क्रम में श्रीमती कमला देवी के बगल में एक अन्य लाभुक संध्या कुमारी पति अजय पासवान के द्वारा लिंटर स्तर तक आवास का निर्माण करने के बावजूद आवास सहायक के द्वारा द्वितीय किस्त का भुगतान हेतु आवास का फोटो अभी तक नहीं लिया गया है एवं रोशनी देवी, पति संजय पासवान के आवास की स्वीकृति होने के उपरांत अभी तक प्रथम किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के जांच में यह भी प्रतिवेदित किया गया है कि पूर्व में भी इनके विरुद्ध ग्राम पंचायत पडरावा में प्रधानमंत्री आवास योजना में अयोग्य लाभुकों का चयन करने, कार्यालय में गलत प्रतिवेदन देने एवं कार्य में मनमानी करने जैसी शिकायतें आई हैं।

उपरोक्त जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि श्री मिश्रा द्वारा जानबूझकर कार्य में लापरवाही बरती जा रही है एवं अवैध राशि की वसूली की जा रही है साथ ही कार्यालय में गलत प्रतिवेदन दिया जा रहा है एवं कार्य में मनमानी की जा रही है । प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रतिवेदन में आवास सहायक श्री शिवकुमार प्रकाश मिश्रा की संविदा रद्द करते हुए तत्काल विधि सम्मत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद को उपरोक्त ग्रामीण आवास सहायक, श्री शिव प्रकाश मिश्रा को तत्काल सेवा से बर्खास्त करने का निर्देश दिया गया है।

## जहानाबाद : फुटपाथ दुकानदार संघ का जिला प्रशासन पर बड़ा आरोप, अतिक्रमण हटाने में सिर्फ छोटे दुकानदारों को किया जा रहा परेशान

**समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद : फुटपाथ दुकानदार संघ ने जिला प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया है। संघ का कहना है कि अतिक्रमण हटाने में प्रशासन द्वारा पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। प्रशासन शहर के कुछ दबंग कॉर्पोरेट घराने एवं भू माफियाओं को संरक्षण देने के लिए पूरे शहर मैं अतिक्रमण के नाम पर सिर्फ और सिर्फ छोटे-छोटे दुकानदारों जैसे सब्जी बेचने वाले अंडा बेचने वाले एवं फास्ट फूड चाय एवं गोलगप्पा बेचने वाले अतिक्रमण के नाम पर नाहक परेशान कर रही है।

संघ का कहना है कि एक तरफ जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन निधि योजना के तहत आर्थिक रूप से छोटे छोटे दुकानदारों को सशक्त बनाने के लिए एवं पूर्ण रूप से व्यापार करने के लिए बैंकों के द्वारा लोन दिया जा रहा है। वही नगर परिषद के द्वारा वंडर्स कार्ड एवं वेंडिंग प्रमाण पत्र दिया जा रहा है ताकि निर्भीक होकर अपने व अपने परिवार का जीवन यापन कर सके। परंतु रोजगार करने के लिए स्थाई प्रबंध यानी ब्रांडिंग जॉन 5 साल बीतने के बाद भी अभी तक एनओसी नहीं देना कहीं ना कहीं कथनी और करनी में फर्क नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री का सपना खासकर फुटपाथ दुकानदारों को




आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का सपना कुछ सपने में नगर प्रशासन एवं जिला प्रशासन के कुछ अधिकारीगण ही कैद कर रहे हैं।

फुटपाथ दुकानदार संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने शहर के अंदर बनी नगर परिषद एवं जिला परिषद जो भी दुकान है। आवंटित की गई है। वह सभी के सभी लगभग वैसे लोगों का कब्जा है। जो दूर दूर तक खुद ना कर कर किराए पर एक मोटी रकम लेकर किराए पर दे रखा है। इन लोगों की जांच करने की वजह पूरी प्रशासन के तामझाम गरीबों को टांगो तबाह करने में तुली है यह जिला प्रशासन की नाकामी साफ झलकती है।

उन्होने कहा कि इस पर जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन को निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए पूरे जिले में अंधेर नगरी चौपट राजा वाला कानून चरितार्थ लंबे समय से हो रहा है।

## लाखो की हुई चोरी। चोरों का आतंक

**दैनिक समाज जागरण प्रतापगंज संवाददाता दीपक कुमार**

जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरजापुर पंचायत के वार्ड नंबर 14 में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने 3 घरों में चोरी कर लाखों का सामान एवं नगदी लेकर फरार हो गए। जांच में गए प्रतापगंज थाना से ए एस आई विजय कुमार पासवान ने बताया कि मंगलवार की रात अन्य दिनों की भांति पीड़ित परिवार के सदस्य खाना खाकर अपने अपने घरों में सो गए। जिस घर में चोरी हुई वह तीनों पीड़ित परिवार का घर सुना पड़ा था। पीड़ित परिवार ने लिखित आवेदन देकर जानकारी दिए की हम लोग अन्य दिनों की भांति खाना खाकर रात में अपने घरों में सो गए। जिस घर में चोरी हुआ उस घर में ताला बंद था। चोरी की घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब मैं सोकर उठा 4:00 बजे। तो देखा कि ताला तोड़ कर फेंका हुआ है और घर खुला हुआ है। परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया तो हमारी पत्नी ने देखी की जिस बक्से में किमती कपड़ा, 8 भरी चांदी का जेवर तथा चार हजार नगदी रखा हुआ था वह तोड़ के सब ले गया तथा बगल में हाफ एचपी का मोटर था वह भी ले गया ।घटना की शोरगुल सुनकर पड़ोस में बीना देवी पति विशुन देवदास तथा राजेश दास पिता जगदीश दास दोनों का घर पर परसा बिरबल वार्ड नंबर 14 में ही है। वह लोग भी अपने अपने जब घर देखें तो उनका भी घर का ताला टूटा था। बीना देवी ने बतलाई की मेरा बक्सा चोर घर से पश्चिम ले जाकर तोड़कर उसमें रखे 16भरी चांदी ,नगदी 10000 रखा था वह ले गया । इस तरह लगातार तीन घरो में एक ही रात में चोरी की घटना का अंजाम अज्ञात चोरों ने दिया। जिससे ग्रामीणों में काफी भय का माहौल बना हुआ है। भूमि दास ने आवेदन देकर चोरों का पता लगाकर समान दिलवाने का अनुरोध किया है ।घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष प्रभाकर भारती ने अपने सहयोगी विजय कुमार एवं सशस्त्र बल भेजकर जांच कर घटना की जानकारी प्राप्त किए और अनुसंधान में जुट गए।



## किशनपुर थाना से अलग हुए पंचायत चौरागढ़ थाना क्षेत्र में शामिल।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

सुपौल जिले के किशनपुर प्रखंड से अलग होने के बाद सरायगढ़ प्रखंड स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहा था। लेकिन सरायगढ़ प्रखंड के पांच पंचायत के कुछ गांव किशनपुर थाना के अधीन था। जहां विभाग के आदेशानुसार सरायगढ़ प्रखंड के पांचों पंचायत जो किशनपुर थाना के अधीन था। उसे विभागीय निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक के द्वारा पत्र निर्गत कर उक्त पंचायत को भपटियाही थाना के अधीन कर दिया गया। जिसके बाद अब उक्त पंचायत का सारा काम भपटियाही थाना के देख रेख में होगा। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सरकार के निदेश के बाद 27 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से निर्गत पत्र के अनुसार सरायगढ़ प्रखंड के पांच पंचायत में बनैनियां पंचायत के औराही, बनैनियां, सनपतहा, सरायगढ़ पंचायत के इटहरी, मुरली पंचायत के मुरली मिलिक, मुरली मिलिक, चांदपिपर पंचायत के चांदपिपर, कुलीपट्टी तथा लालगंज पंचायत के सुखासन( लालगंज,




बगेबा, टेंगराहा) किशनपुर थाना से अलग कर भपटियाही थाना में शामिल किया गया है।

## जहानाबाद : जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए कई सख्त निर्देश

**समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद : जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा जिले में चिकित्सा सुविधाओं के सुद्दढ़ीकरण तथा चिकित्सा व्यवस्था के सघन पर्यवेक्षण हेतु आज जहानाबाद सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया।

इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम चिकित्सकों की उपस्थित पंजी एवं डीयूटी रोस्टर का जाँच किया गया तथा सभी को स्पष्ट निदेश दिया गया कि वे अपने-अपने निर्धारित समय से रोस्टर के अनुसार अस्पताल में उपस्थित रहेंगे अन्यथा अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिला पदाधिकारी द्वारा सदर अस्पताल में साफ सफाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए चयनित एजेंसी कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परिसर को पूरी तरह साफ एवं स्वच्छ रखना सुनिश्चित करेंगे तथा सिविल सर्जन एवं अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि साफ सफाई का सघन अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया तथा सिविल सर्जन को साफ-सफाई, मरम्मती एवं रंग-रोगन कराने का निर्देश दिया गया। जिला



पदाधिकारी द्वारा सदर अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन 50 बेड का प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल का निरीक्षण किया गया एवं कार्य प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा बीएमएसआईसीएल के संबंधित पदाधिकारियों एवं संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कार्य में तेजी लाते हुए 15 अगस्त 2022 तक निर्माण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

सदर अस्पताल में संस्थापित एक्स-रे मशीन के क्रियान्वयन को सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सिविल सर्जन को निदेश दिया कि दवाओं की जैसे ही खपत होती है। तो उसके आपूर्ति हेतु मांग कर दिया जाए। सदर अस्पताल परिसर अवस्थित ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते समय जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ऑक्सीजन की आपूर्ति निर्बाध रखने हेतु अवश्य कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## जिला विधिक संघ औरंगाबाद में पुर्व सांसद सह वरिय अधिवक्ता रमेश प्रसाद सिंह की आज 42 वी पुण्यतिथि मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण केशव कुमार**

औरंगाबाद (बिहार) 29 जून 2022 :- रघुनंदन बार भवन केन्द्रीय कक्ष जिला विधिक संघ औरंगाबाद में जिला विधिक संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह की अध्यक्षता में जिले के पुर्व सांसद सह वरिय अधिवक्ता रमेश प्रसाद सिंह की पुन्य तिथि मनाई गई , सबसे पहले उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया, संचालन कोषाध्यक्ष अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने किया, अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि रमेश बाबू बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे बहुचर्चित और प्रतिभा सम्पन्न थे ,1945 में भी एल विधि परीक्षा, पटना विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गोरवान्वित किया था, अंग्रजों के खिलाफ 1942 के आंदोलन में पम्पलेट बांटते हुए गिरफ्तार होकर जेल गए थे, 1961




में लोकसभा सदस्य चुने गए थे, जिले के कृषि, शिक्षा,गरीबी,पिछड़ेपन और परिवहन के मुद्दे आम जनता के हित में सदैव सांसद में उठाते रहते थे,सेवा के जनभावना से ही जिले में लायंस क्लब की स्थापना की थी,वे व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के व्यस्ततम वरिय अधिवक्ता थे, उपस्थित स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह, महासचिव नागेंद्र सिंह, पुर्व अध्यक्ष रामाकिशोर शर्मा,नागेश्वर प्रसाद सिंह, राजनंदन सिंह, नवीन कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, बागिश्वरी प्रसाद, सतीश कुमार स्नेही, जगनरायण सिंह, अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार, अंजलि सिंह सरोज,राणा सरोज सिंह, सुजीत सिंह, संतोष कुमार, नंदकिशोर साव, ओमप्रकाश शर्मा, विनय सिंह, संग्राम सिंह, योगेन्द्र प्रसाद, कन्हैया प्रसाद सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे

## सूर्यगढ़ा थानाध्यक्ष को स्थानीय लोगों ने दी भावभीनी विदाई

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय थाना परिसर में निर्वत मान थानाध्यक्ष चंदन कुमार का तबादला लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के निर्देश पर किया गया तथा चंदन कुमार का तबादला लखीसराय जिले के बड़हिया थाना में किया गया तथा तबादले को लेकर स्थानीय सूर्यगढ़ा बाजार के व्यवसाय एवं कई संघों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया विदाई समारोह में सूर्यगढ़ा बाजार के गणमान्य लोगों के द्वारा थानाध्यक्ष चंदन कुमार के गले में फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने का काम किया गया विदाई समारोह में आए हुए सभी सूर्यगढ़ा बाजार के लोगों ने बताया कि थानाध्यक्ष चंदन कुमार के द्वारा बीते 3 वर्षों के कार्यकाल में इन्होंने बेहतर आम जनता की सेवा की है जबकि वहीं दूसरी ओर अपराधी वर्ग के लोगों को जेल के सलाखों के पीछे धकेलने का काम किया है कुल



मिलाकर इनके द्वारा 3 वर्षों में सूर्यगढ़ा थाना परिसर कोई एक नई पहचान मिली जबकि स्थानीय व्यवसाई वर्ग के लोगों के द्वारा बताया गया कि इनके बेहतर मधुर स्वभाव को लेकर पुलिस और पब्लिक के बीच आपसी तालमेल रहा जिससे कोई परेशानी नहीं हुई बीते 3 वर्षों में इनके द्वारा सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कई उपलब्धियां भी दी गई इसे सूर्यगढ़ा बाजार के लोग भुला नहीं पाएंगे विदाई समारोह में रामविलास लोक जनशक्ति पार्टी के सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रहे रविशंकर सिंह अशोक सूर्यगढ़ा चेंबर ऑफ कॉमर्स के आपात अध्यक्ष प्रवीण कुमार राठौर संकल्प सेवा संस्थान के संस्थापक कृष्ण कुमार केडिया समेत सूर्यगढ़ा बाजार के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे

## दो विभिन्न मामले में पुलिस ने 2 लोगों को भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण**

पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुआरा गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां एसएचओ शिशुपाल ने बताया कि सिंदुआरा गांव से सुजीत कुमार उर्फ संजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह पुलिस पर हमला करने के मामलें में आरोपी था। वहीं दूसरी ओर, मारपीट के मामलें में थालपोश गांव के परशुराम महतो को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मठगुलनी के हत्यारे पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

पकरीबरावां थाना क्षेत्र के मठगुलनी गांव के हत्यारोपी पति को बुधवार को पकरीबरावां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 48 घंटे के अंदर पुलिस को उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी मिल गई। इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां एसएचओ शिशुपाल ने बताया कि मठगुलनी गांव के सत्येंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। उस पर अपने ही पहली पत्नी आभा देवी की गला दबाकर हत्या का आरोप है। सोमवार को पुलिस ने उसके घर से उसकी पत्नी की लाश बरामद की थी। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया था। उसी आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। बुधवार को पुलिस को इसमें सफलता मिली। उन्होंने बताया कि उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि आरोपी सत्येंद्र यादव ने बेटा नहीं जनने पर पत्नी के होते हुए दूसरी शादी रचा ली थी। इसके बाद से पहली पत्नी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। अंततः उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद से घर वाले घर छोड़कर फरार हो गए थे।

## आग से बचाव को लेकर स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

राष्ट्रीय राजमार्ग सूर्यगढ़ा बाजार के समीप क्रिएटिव माइंड इंटरनेशनल स्कूल परिसर में बुधवार को लखीसराय फायर ऑफिसर देवेंद्र सिंह फायरमैन विजेंद्र कुमार फायरमैन ड्राइवर अविनाश कुमार और विकास कुमार के द्वारा विद्यालय में पढ़ रहे हैं स्कूली बच्चों एवं विद्यालय के शिक्षकों की मौजूदगी में आग



से बचाव एवं सावधानी को लेकर मॉक ड्रिल के माध्यम से स्कूली बच्चों को जागरूक करने का कार्य किया गया एवं साथ ही फायरमैन देवेंद्र सिंह के द्वारा स्कूली बच्चों को आग से बचाव एवं क्या इसकी सावधानी इन तमाम बातों को लेकर मौखिक रूप से भी जागरूक करने का कार्य किया गया उक्त कार्यक्रम को विद्यालय में पढ़ रहे स्कूली बच्चों ने काफी ध्यानपूर्वक देखा बता दें कि फायरमैन ऑफिसर देवेंद्र सिंह की मौजूदगी में सभी कर्मियों ने मॉकड्रिल के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन कर स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया

## प्रखंड संसाधन केंद्र में 70 लोगों ने यूपीआईडी का भरा फॉर्म

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित संसाधन केंद्र में सूर्यगढ़ा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र हेतु बुधवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत काफी संख्या में सभी वर्गों के दिव्यांगजन पहुंचे जहां उपस्थित चिकित्सकों की टीम में दवाई के दिवाकर डॉक्टर



आलोक कुमार एवं डॉ जितेंद्र कुमार के द्वारा आए हुए सभी दिव्यांग जनों का फॉर्म एवं शारीरिक जांच भी की गई दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को कुल 70 दिव्यांग जनों ने यूडीआईडी का फॉर्म भरा पूरे दिन संसाधन केंद्र परिसर में दिव्यांगजनों की काफी भीड़ देखी गई

## जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष का अपील,

**दैनिक समाज जागरण केशव कुमार**

औरंगाबाद (बिहार) 29 जून 2022 :- जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने आज जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं से अनुरोध किया है कि कल से जिला विधिक संघ औरंगाबाद और व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में



अधिवक्ता ड्रेस में आये तथा अपने अपने टेबुल पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक भीड़ जमा न होने दें, एवं मुवक्किलों को वाद की जानकारी निरंतर मोबाइल से प्रदान करते रहे, एवं 13 अगस्त को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में लगनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन में सहयोग के लिए प्रयासरत रहे,इस अवसर पर अधिवक्ता सियाराम पांडे, पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही उपस्थित थे

## पर्यावरण भारती द्वारा प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीयविद पी सी महालनोबिस के जन्म दिन पर वृक्षारोपण

**समाज जागरण लखीसराय**

पर्यावरण भारती द्वारा राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर देव वृक्ष पीपल, गूलर एवं महोगनी का वृक्षारोपण किया गया। भारत देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीयविद प्रो प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्म दिन, 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है पर्यावरण भारती के संस्थापक राम बिलास शान्डिल्य ने बताया कि भारत महापुरुषों का देश है। प्रशांत चंद्र महालनोबिस का जन्म 29 जून 2022 को बंगाल के कोलकता में हुआ था। इनके पिता प्रबोध चंद्र महालनोबिस एवं माता निरोदवसिनी थीं। पी सी महालनोबिस चाहते थे कि सांख्यिकी का उपयोग देश हित में हो। 17 दिसंबर 1931 को कोलकाता में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना हुई। आज देश में 10 शाखाएं और है।1957 में प्रशांत चंद्र महालनोबिस को अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया।

पी सी महालनोबिस का देहावसान 28 जून 1972 को हुआ था। ऐसे महानुभाव के जन्म दिन पर वृक्षारोपण मानव जीवन के लिए कल्याणकारी है। पर्यावरणविद ने शोध किया है कि विदेशी वृक्ष गुलमोहर एवं यूकेलिप्टश भारत देश के लिए हानिकारक है। ये वृक्ष धरती से अधिक पानी सोखते हैं। भारत देश में सड़क के किनारे 500 मी के अन्तर पर देव वृक्ष पीपल, बरगद, गूलर, पाकड एवं औषधीय पौधे नीम, करंज, पारिजात, फलदार वृक्ष आम, जामून, कटहल, अमरूद इत्यादि पौधे लगाने से पर्यावरण प्रदूषण मुक्त होगा। अभी बर्षा के समय वृक्षारोपण अभियान चलाकर समाज में जागरण करने की आवश्यकता है।

पर्यावरण भारती के वृक्षारोपण अभियान में राम चरित्र शर्मा, दयानंद शर्मा, राम गोविंद शर्मा, बुद्धदेव शर्मा, पीयूष कुमार, आशीष कुमार, मनीष कुमार, आयूष कुमार, रौशन कुमार, छोटू कुमार, अमरेन्द्र शर्मा, बिहारी,प्रीतम कुमार, प्रियाशू कुमार इत्यादि ने भाग लिए।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण मधुबनी जयनगर जयनगर नित्यानंद झा**

देवधा थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बाइक चोर देवधा थाना क्षेत्र के पिठवा टोल निवासी रामकुमार मुखिया और खजौली थाना क्षेत्र के बिरौल गांव निवासी मुकेश कुमार उर्फ अमित बताया जाता है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पिठवा टोल निवासी बाइक चोर रामकुमार मुखिया को उसके घर से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। रामकुमार मुखिया के निशानदेही पर उसके दूसरे साथी मुकेश कुमार उर्फ अमित को जयनगर पटना गद्दी चौक से गिरफ्तार किया गया। एस एच ओ देवधा ने कहा कि दोनों गिरफ्तार बाइक चोरों को न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में छः पियक्कड़ को भी देवधा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



## कोविड 19 टीकाकरण मेगा कैंप को ले बैठक।

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू**

प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ट में बुधवार को कोविड-19 टीकाकरण की मेगा कैंप को लेकर बीडीओ उमा भारती की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में टीकाकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जयनगर में मेगा कैंप में टीकाकरण को लेकर 20 केंद्र बनाया गया है। इनमें उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नीजी विद्यालय एवं कोचिंग सेंटरों में नामांकित 12 से 14 आयु वर्ष तक के बच्चों को कोविड-19 का टीका लगाया जायेगा। जिसमें संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/ सहायक शिक्षक को स्वास्थ्य विभाग के टीम को समुचित सहयोग करने का निदेश दिया गया है। विद्यालय में नामांकित एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एंव कर्मी तथा शिक्षा विभाग के कर्मी को लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण करने का निदेश दिया। बीडीओ उमा भारती ने कोविड की रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक करने की अपील की। मौके पर हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट, एसडीएच डॉ रविभूषण प्रसाद, बीआरपी हरिहर महरा, प्रवीण झा सहित हाई स्कूल एवं निजी विद्यालयों के शिक्षक मौजूद थे।



## बड़ी संख्या में 12 साल एवं उससे अधिक आयु वर्ग के बच्चों एवं बड़ो ने प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कार्यालय में कोरोनावायरस का टीका लगवाया।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/ बिहटा**

प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कार्यालय समनपुरा राजा बाजार में आज दिनांक

29-6- 2022 को डॉ एस पी विनायक पटना जिला युमिनाइजेशन ऑफिसर,स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोरोना से बचाव हेतु टीकाकरण एवं बूस्टर डोज का कैंप लगाया गया जिसका शुभारंभ एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में 12 वर्ष से ऊपर के बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों ने टीका लगवाया।



मुख्य रूप से नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव सैयद शाहजहां अहमद, सैयद इमरान अहमद, सैयद काजी अनवर, एसोसिएशन की राष्ट्रीय प्रधान कार्यालय सचिव फौजिया खान, जोगिंदर सिंह, नशरा अहमद, शोभा सिन्हा, सुमन सिन्हा, टून टून सिंह, सहित सैकड़ों लोगों ने टीका लगवाया । हेल्थ विभाग की ओर से इस कैंप मे प्रेम राज, बी एस सी नर्सिंग स्टाफ, चंदा कुमारी ए एन एम नर्सिंग स्टाफ राजा कुमार डाटा ऑपरेटर मौजूद थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने निजी विद्यालयों के ऐसे संचालकों एवं उनके कर्मियों जिन्होंने अभी तक कोरोनावायरस का टीका एवं बूस्टर डोज नहीं लगवाया है उन्हें को जल्द से जल्द टीकाकरण करवाने के लिए आह्वान किया। और आज जिन लोगों ने टीका लगवाया उन्हें धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दिया।

## पीरपैंती में मत्स्यजीवी सहयोग समिति में भिखो निषाद अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए।

**पीरपैंती:---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

मत्स्य जीवी सहयोग समिति मे भीखो निषाद अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए ।कुल 677 मत मिला जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप कुमार महलदार 489 मत प्राप्त किए। जबकि मंत्री पद पर अनुराग कुमार महलदार निर्वाचित हुए। उसने कुल 723 मत प्राप्त किए। अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अजय महलदार को 384 मत ही प्राप्त हुआ। इसके अलावा कुल 11 कार्यकारिणी सदस्यों में आठ महिला एवं तीन पुरुष कार्यकारिणी सदस्य चुने गए है। जिसमें 3 महिलाओं ने सामान्य कोटि से जीत दर्ज की है।मालूम हो कि महिला सदस्य के लिए पांच सीट सुरक्षित था। जबकि सामान्य कोटि के लिए छह सीट था। कार्यकारिण सदस्य में सामान्य सीट पर आनंद कुमार, सज्जन निषाद, सुलेखा देवी, रेखा देवी, शंकर निषाद एवं सरिता देवी तथा महिला कोटि में पूनम देवी, वीणा देवी, उषा देवी, पूनम कुमारी एवं जागेश्वरी देवी ने निर्वाचित हुई । निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ चंदन कुमार चक्रवर्ती ने सहायक निवार्ची पदाधिकारी दिलीप कुमार झा एवं दीपक कुमार के साथ निर्वाचित हुए अध्यक्ष, मंत्री एवं सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरण किया।



## गड्ढे मे सडक है या सडक मे गड्ढा पता ही नहीं चलता जानलेवा बना एन एच 80

**पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

रेलवे स्टेशन के पास बना गड्ढा जानलेवा साबित हो सकता है।आए दिन यात्री गिरकर घायल हो रहे है।दो गाड़ियां आज आमने सामने टक्कर होने से बाल बाल बची।चालक गुड्डू कुमार ,बहादुर कुमार दोनो बाहन के चालको ने कहा गड्ढे में पानी भरे होने से अंदाज ही नही लगता है कि सड़क किधर और गड्ढा किधर।कुछ बाइक चालको ने बताया कि कमर दर्द, सर दर्द से चालक लगातार पीड़ित हो रहे है।सुध लेने वाला कोई नहीं है।पुलिस प्रशासन अपने कामों में मस्त हैं।आखिर गुहार कहा लगाए आम जनता, जहा कोई सुने। स्थानीय लोगो ने बताया कि नाला भरा हुआ है जिससे पानी सड़क पर आ जाता है।लोग गिरकर घायल ही रहे है।गाड़ियों का एक्सल,सौकर, गुल्ला, टूट रहा है।स्कूल बस को गड्ढे में जाने से छोटे बच्चे चोटिल हो रहे है। एंबुलेंस चालको के लिए ये गड्ढे नासूर बने हुवे है।कुछ चालको ने नाम नही छापने के शर्त पर बताया कि हर कदम पर हिचकोले लेते हुवे एंबुलेंस शेरमारी बाजार,या चांदपुर से प्रवेश करते है तो मरीजों की धड़कन तेज हो जाती हैं। सांसद,विधायक,को समस्या नहीं दिखाई देता है ।विरोध होने पर स्टोन डस्ट डालकर गड्ढा भर दिया जाता है।फिर हालात जैसे का तैसे वाली हो जाती है।सरकार मेंटनेंस के नाम पर लाखों दावा कर ले लेकिन तस्वीर हकीकत व्यान कर रही है।मोटा मोटी कहा जा सकता हैं कि एन एच 80 कुछ लोगो के लिए कामधेनु गाय से कम नहीं है।

## जहानाबाद : बीजेपी जिला कार्यसमिति की बैठक बीजेपी कार्यालय से सिकरिया में हुई संपन्न, पीएम मोदी के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने पर दिया बल

**समाज जागरण**
**जहानाबाद से (वरुण कुमार)**

जहानाबाद : भारतीय जनता पार्टी जहानाबाद जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय से सिकरिया में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद माननीय राधा मोहन शर्मा शामिल हुए।

इस अवसर पर पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सिन्हा , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अजीत शर्मा , अजेंद्र शर्मा वरिष्ठ कार्यकर्ता जोहन राम ,राम प्रवेश शर्मा , रंजीत रंजन कार्यसमिति बैठक में शामिल थे। मंच का संचालन जिला महामंत्री निरंजन कुमार बबलू ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद राधा मोहन शर्मा ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्ष प्रकोष्ठ संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष के साथ बूथों पर प्रवास करें। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है । भारत का मान आज नरेंद्र मोदी जी के कारण विदेशों में बड़ा है। प्रधानमंत्री जी के द्वारा देश हित में कई ऐतिहासिक एवं जन कल्याणकारी कार्य किए गए हैं। हम सभी कार्यकर्ता उनके द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं।

जिला कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों से अपने अपने मंडल में कार्यसमिति बैठक की तिथि निर्धारित करने को कहा एवं 10 जुलाई के पहले सभी मंडलों में बैठक करने का निर्देश दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सभी मंडल प्रभारी अपने मंडल में प्रवास कर शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाएं । साथ ही नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों को गांव गांव जाकर आम जनों तक बताने का कार्य करें।



जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की मजबूती आप सभी के कंधों पर है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अग्निवीर योजना के बारे में विपक्षी पार्टियों के द्वारा भ्रामक एवं तथ्यहिन प्रचार युवाओं के बीच में किया जा रहा है। आप सभी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं कार्य समिति के सभी सम्मानित सदस्य युवाओं एवं आम जनता के बीच जाकर जन संवाद स्थापित करें एवं अग्निवीर योजना के बारे में आगामी होने वाले लाभ के बारे में बताएं। जिला कार्यसमिति बैठक में कांग्रेस शासित राज राजस्थान के उदयपुर में घटित घटना की कड़ी निंदा की गई एवं कांग्रेश शासित राज्य के द्वारा किए जा रहे तुष्टीकरण पर कड़ा प्रहार किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अजीत शर्मा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अजीत शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में 8 वर्षों के शासनकाल में कई ऐतिहासिक एवं जन कल्याणकारी कार्य किए गए हैं। केंद्र सरकार के द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना काल से अभी तक सभी गरीब परिवारों को 5 किलो अनाज प्रति व्यक्ति मुफ्त में दिया जा रहा है ।साथ ही कोरोना महामारी से बचाव के लिए देश के सभी नागरिकों को कोरोना वैक्सीन मुफ्त में दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के द्वारा ऐतिहासिक निर्णय जैसे धारा 370 तीन तलाक एवं अयोध्या में भव्य श्री राम जी का मंदिर निर्माण कार्य प्रमुख है। आज काशी विश्वनाथ समेत कई प्रमुख धर्म स्थलों का प्रधानमंत्री जी के द्वारा कायाकल्प किया गया है।

आज के बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव चुनाव सेल के जिला संयोजक सतीश कुमार के द्वारा रखा गया जिसका समर्थन जिला के महामंत्री रवि रंजन एवं जिला उपाध्यक्ष विमल कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर कौशिक मंजू कुमारी दामोदर प्रसाद समेत सभी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्ष प्रकोष्ठ संयोजक जिला कार्य समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला मे महज 15 दिन शेष ,प्रशासनिक तैयारी धिमी।

**भागलपुर :--- समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में महज 15 दिन शेष ।जिला प्रशासन ने विभाग के तमाम अधिकारीयों को 7 जुलाई तक सभी कार्य पुर्ण कर लेने का निर्देश दिये गए है।इसके बाबजुद कच्ची कांवरिया पथ मे तैयारी धिमी गतियों से चलते हुए दिखाई दे रहे हैं।वहीं स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कच्ची कांवरिया पथ मे सफेद बालु का बिछाव अबतक नहीं हो पाया हैं।साथ ही चापाकल एंव बिजली की मरम्मती अबतक पुर्ण नहीं हो पाई हैं।कार्य बहुत ही धिमी चल रही हैं।सफेद बालु से कांवरियों को चलने में भी काफी कठनाई होगी।और हम लोग अपने अपने दुकानों कि तैयारी जोर शोर से कर रहे हैं पता नहीं इस बार श्रावणी मेला लगेगा या नहीं अगर श्रावणी मेला नहीं लगेगा तो हमलोगों का लाखों रुपये का नुकसान हो जाएगा।ऐसे भी दो वर्षों से कोरोना महामारी होने के कारण श्रावणी मेला नहीं लगने से दुकान नहीं खोल पाए थे।कर्ज लेकर किसी तरह अपनी अपनी दुकान खोल रहे हैं।कोरोना महामारी के समय भी हमलोगों को कोई भी सरकारी सहायता नहीं मिल पाया था।



## जिला राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर ने सदस्यता अभियान शहरी क्षेत्र मे चलाना शुरू किया।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय ।**

सदस्यता अभियान कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने भागलपुर जिले के अलग अलग प्रखंड एवं महानगर से 70 volume सदस्यता रसीद शुल्क सहित प्राप्त किए।

महानगर अध्यक्ष मोहम्मद साहब उद्दीन जी ने24 volume सदस्यता रसीद शुल्क सहित जमा किए।

व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला प्रधान महासचिव सह जिला परिषद सदस्य सुल्तानगंज श्री मति आशा जयसवाल जी ने 25 volumeसदस्यता रसीद शुल्क सहित जमा किए।

युवा नेता पीरपैंती जांनिसार असलम जी ने 70 volume सदस्यता रसीद शुल्क सहित जमा किए। एवं युवा महानगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार जी ने 11 volumeसदस्यता रसीद शुल्क सहित राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी के पास जमा किए।

इसके साथ ही राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने भागलपुर जिले के जितने भी पदाधिकारी गण, प्रखंड अध्यक्ष गण, एवं सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गण जिसके पास सदस्यता रसीद है वो कल 30 जून 2022 दिन गुरुवार संध्या तक जमा करें।



साथ में विनोद जयसवाल, अरविंद यादव, नियाज जफर, एवं जिला मिडिया प्रभारी मणजीत ठाकुर आदि मौजूद थे।सबों ने इस अभियान को और जोर-शोर से चलाने का निर्णय लिया है ।

## स्वक्षता कि ओर बड़ते कदम। पंचायत को साफ और स्वच्छ रखने के लिए डस्टबीन का वितरण।

**पीरपैंती:---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

पंचायत को गंदगी मुक्त बनाने के लिए सरकार की पहल अब धरातल पर धीरे-धीरे दिखने लगी है। प्रखंड के मानिकपुर पंचायत में पहला पंचायत बना जहां घर-घर डस्टबिन का वितरण और डस्टबिन से कूड़ा उठाने के लिए घर-घर गाड़ी पहुंचेगी। बुधवार को बीडीओ चंदन कुमार चक्रवर्ती ,मानिकपुर के मुखिया अरविंद साह, सरपंच संघ के अध्यक्ष वरुण गोस्वामी ,पूर्व मुखिया उषा देवी ने घर-घर डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का फीता काट उद्घाटन किया ।बीडीओ ने बताया कि पंचायत में हर घर में डस्टबिन लगाया जाएगा। रोज कूड़ा को उठाने के लिए बैटरीयुक्त हाइड्रोलिक रिक्सा पंचायत में भ्रमणसील रहेगी । रोज कूड़ा का उठाव होगा इसके लिए पंचायत स्तर पर सफाई कर्मी नियुक्त हो चुकी है। कूड़ा को उठाकर निर्धारित जगह पर गांव से बाहर प्रबंधन स्थल पर कूड़ा डंप किया जाएगा। हर पंचायत में कूड़ा प्रबंधन टैंक बनेगा। शहर के तरह पंचायत को साफ रखना सरकार का महत्वाकांक्षी योजना में एक है। पंचायत के लोगों का भी कर्तव्य है कि पंचायत को साफ रखने में प्रशासन और पंचायत की मदद करें। मुखिया अरबिंद साह ने कहा कि इस योजना से पहले रोज मै अकेला झाड़ू से सफाई एक वार्ड कर पाता था। अब इस योजना से पंचायत को गन्दगीमुक्त कर पाऊंगा।



## अगुवानी पुल के अप्रोच पथ पर रैयत किसानों ने मुवाब्जे की मांग को लेकर कार्य को कराया बंद, हुवा पथराव, पुलिसकर्मियों ने की लाठी चार्ज, रैयत किसानों सहित पुलिसकर्मी हुए घायल।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

सुलतानगंज अगुवानी पुल के अप्रोच पथ में जमीन अधिग्रहण के मामले को लेकर कसीमपुर वार्ड 8 के ग्रामीणों ने मुवाबजे की मांग को लेकर पुल में हो रहे कार्य को बंद कराने पर डीसीएलआर गिरिजेश कुमार सीओ शंभू शरण राय वीडिओ मनोज कुमार मुर्मू थाना अध्यक्ष लाल बहादुर दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचने पर अगुवानी पुल भूमि अधिग्रहण के रैयत किसान से बातचीत के दौरान ईट पत्थर चलने पर बीएमपी के जवान श्याम चरण के सिर में चोट लगने पर घायल होने पर सभी पुलिसकर्मियों ने लाठी डंडे से प्रहार करते हुए काशिमपुर के कई ग्रामीणों को घायल कर दिए है। वही ग्रामीणों ने बताया की हमलोग मुवाबजे की मांग को लेकर काम को बंद करा रहे थे तभी पुलिसकर्मियों ने हमारे ऊपर हमला कर दिया जिसमे हमारे घर के कई सदस्य व ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गए है । और हमलोगो का मोबाइल भी वीडियो बनाने के दरमियान मोबाइल को चकना चूर कर दिया और मोबाइल को छीन लिया गया है ।साथ ही बीएमपी के जवान श्याम चरण ने बताया की अगुवानी पुल के कार्य को बंद कराने पर रैयत किसानों को हटाने गए थे जिसके बाद पथराव होने लगा जिसमे की मेरे सिर में पत्थर लगने से मैं घायल हो गया वही। इस घटना में एसपी सिगला कंट्रेकशन का एक पोपलेन भी छतिग्रस्त हो गया है।इस घटना की जानकारी स्थानीय पदाधिकारियों के द्वारा जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन को देने पर घटना पर जल्द पहुंचने की बात सामने आ रही है । और आगे की कार्यवाही के लिए पूरे अधिकारी। अलर्ट मूड में दिख रही है। इस दौरान तमाम पुलिस कर्मी एवम ग्रामीण मौजूद थे।



## लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) का औरंगाबाद में संपन्न हुआ जिला समीक्षा बैठक

**दैनिक समाज जागरण**

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) मंगलवार को मुख्यालय स्थित आई0एम0ए0 हॉल में लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) का जिला समीक्षा बैठक संपन्न हो गया, जिसमें पार्टी के केंद्र व राज्य - स्तरीय पदाधिकारियों ने भी भाग लिया! कार्यक्रम में सर्वप्रथम केंद्र व राज्य - स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों को माला पहनाकर अंग वस्त्र देकर भी सम्मानित किया गया! हालांकि कार्यक्रम में केंद्र व राज्य - स्तरीय पार्टी पदाधिकारी विलंब से पहुंचे! इसी वजह से निर्धारित समयानुसार कार्यक्रम की शुरूआत होने के बजाय विलंब भी हुआ! मगर दूर - दराज गांवों से भी चलकर मुख्यालय पहुंचने वाले पार्टी कार्यकर्ता अपने वरीय पार्टी पदाधिकारियों के संबोधन सुनने व राजनीति में नई चीजें सीखने के उद्देश्य से कार्यक्रम समाप्ति तक डटे ही रहे! लेकिन कार्यक्रम के दौरान यह भी देखा गया कि मंच से संबोधन के दौरान ही संगठन महामंत्री, रणधीर कुमार सिंह ने अपने ही पार्टी के जिलाध्यक्ष, अनूप कुमार ठाकुर पर विरोध करते हुए कहा कि इनके द्वारा कभी भी किसी प्रोग्राम की जानकारी नहीं दी जाती है, जिसकी वजह से पार्टी के काफी कार्यकर्ता इनसे नाराज है! जब पार्टी में किसी पुराने कार्यकर्ता को भी सम्मान ही नहीं मिलेगा, तो फिर पार्टी में रहने का मतलब ही क्या है? तब लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधान - पार्षद, औरंगाबाद के प्रत्याशी रह चुके अनूप कुमार ठाकुर ने भी आवेश में ही आते हुए कहा कि मैं प्रत्येक कार्यक्रमों की जानकारी सभी कार्यकताओं को दे देता हूं! तब पुनः संगठन महामंत्री, रणधीर कुमार सिंह ने भी भरी सभा में ही कहा कि यह झूठ बोल रहे हैं! इनके द्वारा किसी भी कार्यक्रम की जानकारी बहुत कार्यकताओं को नहीं दी जाती है! तब इसी बात पर लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के जिलाध्यक्ष, अनूप कुमार ठाकुर ने मंच पर ही रोते हुए अफसोस जाहिर कर कहा कि किसी भी प्रोग्राम के लिए हम ही सिर्फ फूल - माला व्यवस्था के लिए नहीं है! लोग कहते हैं कि पार्टी हमारी मां है! लेकिन दुःख तो तब होता है! जब लोग अपनी मां से ही पार्टी में छल करते हैं, तो वैसे लोगों को मैं भी बर्दाश्त नहीं करूंगा! चाहे हम आगे पार्टी में जिलाध्यक्ष के पद पर रहे या न रहे! लेकिन मुझे माननीय, चिराग पासवान जी पर इतना गर्व जरूर है कि एक गरीब का बेटा होने के बावजूद भी विगत संपन्न विधान - पार्षद चुनाव में अपने पार्टी का सिंबल देकर मुझे औरंगाबाद सीट से चुनाव लड़ाया! जहां सिर्फ धन - बल वाले हीं चुनाव में उम्मीदवार थे! इसलिए मैं लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) को कदापि नहीं भूल सकता! एक ईमानदार सदस्य के रूप में ही रहकर मैं लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) का काम करूंगा! तब इसके बाद इन दोनों की लड़ाई में लोक जनशक्ति पार्टी के स्थापना काल से पार्टी संस्थापक, स्वर्गीय रामविलास पासवान के साथ रहकर दलित सेना का केंद्रीय नेतृत्व कर चुके डॉक्टर सत्यानंद शर्मा ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि अपने ही घर में टीका - टिप्पणी न करें! यह मेरे पास नहीं चलेगा! पार्टी से बड़ा कुछ भी नहीं है! इसे मैं भी बर्दाश्त नहीं करूंगा! आप लोग पार्टी हित में ईमानदारी पूर्वक काम करें! संगठन से ही हमारे नेता की पहचान होती है! यदि आप संतुष्ट नहीं है, तो प्रभारी या प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर जानकारी दे दीजिएगा! आप ही लोग संगठन का आईना है! राजनीति में किसी से भी कोई नाराजगी नहीं होती है! इसी का नाम राजनीति है! इसके बाद प्रदेश - महासचिव व कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रह चुके सरुण पासवान ने भी लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के समर्थन में खड़ा होकर पक्ष लेते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष के कौन - कौन नाराज हैं! जरा हाथ उठवा दीजिए! तब पुनः पार्टी पदाधिकारियों ने हस्तक्षेप करते हुए इस मामला को शांत कराया! वही चिकित्सा प्रकोष्ठ के औरंगाबाद जिलाध्यक्ष, डॉक्टर रामविलास पासवान ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में आपसी टकराव पर मनन करने की जरूरत है! मैं जब पार्टी संस्थापक, स्वर्गीय रामविलास पासवान जी का जीवनी पढ़ा, तो देखा कि उनसे मीडिया पूछ रहे थे कि आपने पार्टी क्यों बनाया है! तब कहा था कि एक गरीब दलित को पीटा जा रहा था! पार्टी में सिर्फ माला पहनने से क्या होगा? पार्टी दलित का है! साथ ही यह पार्टी जात की नहीं, जमात की है! भाईचारा मिलना चाहिए! इसके बाद प्रदेश - सचिव व रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रह चुके मनोज कुमार सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि माननीय,



चिराग पासवान के संगठनात्मक बैठक में आज जिस उद्देश्य से पार्टी में संगठन विस्तार हेतु बैठक हो रही है, और विस्तार की जरूरत है! यह बैठक जिला के बजाय प्रखंड में भी होना चाहिए, क्योंकि दूर - दराज के सभी लोग यहां औरंगाबाद जिला मुख्यालय में नहीं पहुंच पायेंगे! स्थानीय स्तर पर बैठक से ही पार्टी का विस्तार होगा! जहां कमजोरी हो! वहां विस्तार हो! मगर पार्टी के पुराने लोगों को देखते हुए ही होना चाहिए! लेकिन यहां तो अब पुराने लोगों को पद मुक्त ही कर दिया गया है! ऐसा नहीं है कि पार्टी में पद की कोई कमी है! पार्टी के लोगों को सजाना, संवारना होगा! निकट भविष्य में भी चुनाव हो सकती है! हमारे नेता बताते हैं! इसके प्रदेश - सचिव, मनोज कुमार सिंह ने पार्टी में केंद्रीय नेतृत्व कर चुके डॉक्टर सत्यानंद शर्मा का भी तारीफ करते हुए कहा कि जहां ये चलते हैं! एक मिनिस्टर से कम नहीं होती है! औरंगाबाद जिला मजबूत है! इसलिए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को भी चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए! तत्पश्चात प्रदेश - सचिव व नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रह चुके विजय कुमार सिंह उर्फ विजय यादव ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि नकारात्मक बातें अकेले में सोचना चाहिए! सकारात्मक बातें पदाधिकारी के पास रखें! मैं बारुण में भी कार्यक्रम करना चाहूंगा! पूर्व में जब मैं विधानसभा का चुनाव लड़ रहा था, तो लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के प्रखंड अध्यक्ष ही राष्ट्रीय जनता दल वोट की बात कर रहे था! तब मैं अपने गाड़ी से भगा दिया था! वह व्यक्ति सिर्फ हमसे खर्चा का ही बात करता था! इसके बाद बिहार - सरकार पर भी प्रहार करते हुए कहा कि और बिहार में गूंगी, बहरी सरकार है! लेकिन सिर्फ चिराग पासवान ही एक ऐसे नेता है! जो बिहार - सरकार के खिलाफ कहीं पर भी बात उठा रहे हैं! एक माह के अंदर ही हम अपना प्रखंड कमेटी बना कर भी पूरा कर देंगे! वहीं सोनू सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में सारे समकक्ष है! पार्टी में वक्ता बनने से अच्छा लगता है, कार्यकर्ता बनना! पार्टी के हम सच्चे सिपाही हैं! हम पार्टी की राय से प्रेरित होकर ही पार्टी में शामिल हुए हैं! पार्टी में सब लोग अपने आपको चिराग बनकर काम कीजिए! पार्टी में अनुशासन की कमी देखा! इसलिए अनुशासनहीनता मुझे कतई बर्दाश्त नहीं है! पार्टी में यदि कुछ खटपट भी है, तो कुछ अच्छाई भी है! मैं कुछ दिनों में ही बहुत कुछ सीख लिया हूं! धीरे - धीरे मैं भी कुछ बोलूंगा! इसके बाद प्रदेश - उपाध्यक्ष व औरंगाबाद जिला प्रभारी, राकेश कुमार सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि जो हम लोग झेले हैं! आप लोग जिला में टीका - टिप्पणी कर रहे हैं! हम लोग नीचे उतर गए! आप लोग काम कीजिए! जिलाध्यक्ष को भी सलाह देते हुए कहा कि समाज में, मीडिया वगैरह के सामने टीका - टिप्पणी नहीं कीजिए! इसके बाद प्रदेश - सचिव व रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी, मनोज कुमार सिंह को भी सलाह देते हुए कहा कि आपको भी पता है कि टीका - टिप्पणी को छोड़कर पार्टी में पुराने लोगों को बुलाईए! आपका भी जिम्मेवारी बनता है! सिर्फ टीका - टिप्पणी को छोड़कर हमको आज तक कोई फोन नहीं किया, कि हमारे प्रखंड में कार्यक्रम नहीं किए! जिलाध्यक्ष को भी कहा कि कौन कार्यक्रम में रहते हैं, या नहीं! उसका मुझे लिस्ट दे दीजिए! यदि कोई भी पार्टी से गद्दारी करते है, तो दूसरा जगह पकड़ लीजिए! आपका भी कर्तव्य बनता है कि चेक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी को जोड़ें! लेकिन सिर्फ टीका - टिप्पणी कर रहे हैं! उसमें सभी लोग ग्रुप से हमको भी जोड़ें! टीका - टिप्पणी मुझे बर्दाश्त नहीं! हम लोग का एक ही मिशन है कि चिराग पासवान को बिहार में मुखिया के रूप में देखना! आप लोग अपने - अपने क्षेत्र में पार्टी मजबूत करें! बोलने के क्रम में ही प्रदेश - सचिव व रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी, मनोज कुमार सिंह को भी सलाह देते हुए कहा कि आप भी पैरलर में आइए! हम भी 15 सालों से सभी पार्टी से जुड़े हुए हैं! इसके बाद बोलने से क्रम में हीं कार्यक्रम में बैठे सभी लोगों को इशारा करते हुए कहा कि यदि आप कहीं भी जाइएगा! कहिएगा कि हम चिराग पासवान के साथ हैं, तो लोग कहेंगे कि अच्छा पार्टी के साथ है! यदि औरंगाबाद जिलाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर अच्छे नहीं है, तो आप लोग भी काम करके दिखाइए! दूसरा जिलाध्यक्ष खड़ा करके दिखाइए! पार्टी में हम लोग को भी रास्ता खोजने में देर नहीं लगेगा! आप ही लोग सोचिए कि जो पूर्व में लोक जनशक्ति पार्टी से चुनाव लड़े! उन्हें भी गलानी नहीं हुई होगी, कि किसी बूथ पर बूथ एजेंट भी नहीं मिले होंगे! आज पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है! सदस्यता शुल्क लग रहा है! जहां तक आप लोगों ने जो आज के कार्यक्रम में मुद्दा उठाया कि पार्टी में कार्य करने वाले सभी लोगों को पहचान पत्र अवश्य बनना चाहिए, ताकि रात - विरात में भी वापस लौटते वाले पार्टी कार्यकताओं को प्रशासन तंग न कर सके! इसलिए मैं भी आप लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि आप लोग दो फोटो दीजिएगा! प्रदेश से परिचय पत्र बनकर आएगा! पार्टी में पीछे जो कुछ भी हुआ! उसको आप लोग भूल कर आगे चुनाव लड़े! इसके बाद अंत में संबोधन के दौरान जिलाध्यक्ष को भी चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिन के बजाय हम 20 दिन का समय देते हैं! प्रत्येक प्रखंडों में पूरा कमेटी बनवाईए! नहीं तो आप क्या? हम भूल जाएंगे! ध्यातव्य हो कि इस कार्यक्रम में ओबरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रह चुके डॉक्टर प्रकाश चंद्रा तथा दलित सेना औरंगाबाद जिलाध्यक्ष, जितेंद्र पासवान का भी मुद्दा पुरजोर तरीके से उठा, कि आज इस कार्यक्रम से दोनों अनुपस्थित हैं! तब पार्टी के हीं कुछ लोगों ने ओबरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी, डॉक्टर प्रकाश चंद्रा के संबंध में बाहर से आए पदाधिकारियों को कहा कि वह बाहर गए हुए हैं! इसलिए आज इस कार्यक्रम से अनुपस्थित है! जो हम लोगों को भी जानकारी दी गई है! परंतु दलित सेना जिलाध्यक्ष, जितेंद्र पासवान के संबंध में पार्टी के हीं लोगों ने विरोध करते हुए कहा कि वे कभी भी पार्टी के किसी कार्यक्रम में नहीं आते है, जबकि औरंगाबाद शहर में ही नगर थाना के पास अपना मकान है! इसके अलावे मंगलवार की कार्यक्रम में हम पार्टी छोड़कर संत शर्मा, जनता दल यूनाइटेड पार्टी छोड़कर विवेक कुमार तथा जनता दल यूनाइटेड को ही छोड़कर विनोद ठाकुर ने भी लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) का दामन थाम लिया! साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने भी अपना - अपना पक्ष रखा!

22 may 2022:Layout 1 6/30/2022 1:59 AM Page 12



# झारखंड संक्षिप्त खबरें

## कलेक्ट्रेट में कराया गया दो जोडों का विवाह

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी शिवगोविंद मरकाम ने 28 जून को कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट में दो जोडो का विवाह सम्पन्न कराया और विवाहित जोडों के गवाहो के समक्ष उन्हें विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया।



वारासिवनी तहसील के ग्राम कोस्ते निवासी 24 वर्षीय जितेन्द्र पटले एवं गोंदिया (महा.) तहसील सालेकसा ग्राम नान्व्हा पोस्ट धनोली निवासी 20 वर्षीय तुलसी राणे और बालाघाट देवटोला वार्ड नं-04 देवनगर निवासी 51 वर्षीय राजेन्द्र कुमार वाघाडे (विधुर) एवं बालाघाट बूढी वार्ड नं-12 निवासी 38 वर्षीय वर्षा सहारे तलाकशुदा ने विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाह कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था।

28 जून को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बगैर तामझाम के सादगी से हुई इस सरकारी शादी में अपर कलेक्टर बालाघाट एवं विशेष विवाह अधिकारी शिवगोविंद मरकाम और गवाहों के समक्ष वर और वधु ने वनमाला पहनाकर एक दूजे का मुंह मीठा कराया और जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। विशेष विवाह अधिकारी शिवगोविंद मरकाम ने नवविवाहित जोडों को लंबे एवं सुखी वैवाहिक जीवन के लिए बधाई व शुभकामनायें दी।

## असम करीमगंज जिले के ब्राह्मण शासन की छात्रा सुहादा के लिए एमएसएफ का स्वागत किया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः करीमगंज जिले के उत्तर करीमगंज निर्वाचन क्षेत्र के सुदूर क्षेत्र ब्राह्मण शासन जीपी के लामा बाहादुरपुर सीनियर सेकेंडारी स्कूल की छात्रा सुहादा बेगम ने इस साल की हायर सेकेंडरी की परीक्षा कला वर्ग में 83 प्रतिशत अंकों के साथ सफलतापूर्वक पास की है. तो कल मुस्लिम छात्र संघ की असम राज्य समिति के महासचिव दाहार उद्दीन खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सुहादा और सुहादा के पिता का स्वागत करने के लिए सुहादा के घर आया और उसे कुछ पैसे दिए बधाई दें ।एमएसएफ प्रतिनिधिमंडल ने सुहादार के परिवार से बात की और पता चला कि सुहादार ने अपनी खराब वित्तीय स्थिति के बावजूद यह हासिल किया है। इसलिए एमएसएफ के प्रतिनिधिमंडल ने सुहादार के परिवार को आश्वासन दिया कि सुहादार की पढ़ाई के लिए एमएसएफ हमेशा सुहादार के साथ रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में मुस्लिम छात्र संघ की करीमगंज जिला समिति के पूर्व मीडिया प्रभारी जहरुल तालुकदार, एमएसएफ कार्यकर्ता सामीम आहमद, ब्राह्मण शासन के प्रमुख शिक्षाविद् आब्दुल माणिक, प्रमुख व्यवसायी अब्दुल खालेक और अन्य शामिल थे.




## बदरपुर निर्वाचन क्षेत्र के एंगलार बाजार गांव पंचायत के अंतर्गत पूर्वी दत्तपुर गांव के रबीदास समाज के सात परिवार सरकारी विकास से वंचित है .

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :

वर्तमान सरकार के विकास की बात सुनने के बावजूद सांसद कृपानाथ माला और विधायक अब्दुल आजीज समेत किसी जनप्रतिनिधि ने सात रविदास परिवारों के बारे में पूछताछ नहीं की. नई खबर के संदर्भ में, एंगलार बाजार के प्रतिनिधि ने पुरुषों और महिलाओं, किशोरों के परिवारों से शिकायतों के पहाड़ इस बारे में सीधे सुना संवाददाता ने। उनके दुख की कहानी सुनकर आंखों में आंसू आ जाएंगे। जीने का मतलब दिन में दो बार खाना खाने है लेकिन परिवारों को भूखा मरने के अलावा कोई चारा नहीं है उन लोगों का। लिविंग हाउस एक छोटा सा घर है। बारिश के पानी में संकट एक परिवार बाढ़ में बह गया और बाकी घर क्षतिग्रस्त हो गया। चंदन रबीदास नाम का एक मछुआरा बाढ़ में डूब गया और उसे 50,000 हाजार रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ। करीमगंज सांसद कृपानाथ माला ने मीडिया के जरिए जमीन की जांच कर रबीदास समाज के सात परिवारों के विकास की ओर ध्यान खींचा इन रविदास परिवार के सभी लोगों ने.




## लापता व्यक्ति धलाई समूह के आराधनपुर फेरी टर्मिनल पर डूब गया।

एसडीआरएफ टीम के प्रयासों के बावजूद उसका शव बरामद नहीं किया जा सका। ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग की।

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :**

धलाई विधानसभा क्षेत्र के श्योरारतल ग्राम पंचायत क्षेत्र के आराधनपुर गांव के रहने वाले समीरन दास (45) रुकनी नदी में लापता हो गए. निजी काम के सिलसिले में चान्नीघाट भान्गनी फेरी घाट पार करते समय वह रुकनी नदी में डूब गया। नदी में पानी की मात्रा अधिक होने के कारण समीरन किनारे तक नहीं पहुंच सका, वह तुरंत पानी में डूब गया। घटना की खबर मिलते ही लायलापुर पुलिस चौकी के प्रभारी सहित पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए. इस दौरान भारतीय जनता पार्टी काछाड़ जिला समिति सदस्य भूषण पाल, नरसिंहपुर संभाग महासचिव प्रीतिश चंद्र दास, श्योरारतल ग्राम पंचायत अध्यक्ष सुनेंद्र चंद्र बर्मन और चान्नीघाट ग्राम पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि दिलीप कुमार राय मौके पर पहुंच गए. दिन भर इंतजार के बाद शाम करीब चार बजे एसडीआरएफ की फोर्स पहुंची। काफी तलाश के बाद भी समीरन दास का शव नहीं मिला। डूबने की घटना पर केंद्रित लोगों की भीड़ देखी गई। अंत में, जीपी अध्यक्ष सुनेंद्र चंद्र बर्मन और समूह के सदस्य अमित दास ने कहा कि वे कई वर्षों से लोगों की आवाजाही की सुविधा के लिए एक पुल के निर्माण की मांग कर रहे थे, लेकिन अभी तक कोई परिणाम नहीं आया है। डूबने से मौत का सिलसिला जारी है। इसलिए वे फिर से भंगनी फेरी टर्मिनल पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। समीरन दास एक दिहाड़ी मजदूर थे, उनके परिवार में एक पत्नी और एक बेटा, साथ ही कई रिश्तेदार भी थे। उनके निधन से परिवार पूरी तरह से असहाय हो गया है।



मौके पर धलाई थाना प्रभारी कपिल देव नाथ, लायलापुर चौकी प्रभारी अंजन कुमार मालाकार, शीला रॉय, कर्मयन संस्था के अध्यक्ष कुटन दे , महासचिव विवेकानन्द दास और पत्रकार आमिर हुसैन लस्कर मौजूद थे.

## शराबी ऑटो चालकों से यात्रियों को जान का खतरा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट। शहर मे दौडते बेकाबू ऑटो के चालक नशे की हालत मे वाहन को फरार्टे से चला रहे है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। ऐसे ऑटो चालक दुर्घटनाओं को आमंत्रण देकर स्वयं को नुकसान पहुंचाने के साथ ही दुसरों को भी नुकसान पहुंचा रहे है। एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जब एक सवारी को भरवेली लेकर जा रहा आटो आंवलाझरी पुलिया के पास अनियंत्रित होकर पलट गया है, जिसमें ऑटो चालक को गंभीर चोटें आई वहीं यात्री को भी चोट आई जिसका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है, वहीं आज एक बार फिर से नशे की हालत में एक आटो दुर्घटना का शिकार हो गया है। 28 जून की सुबह करीब 11.30 बजे बालाघाट की ओर से निकला एक सवारी आटो बैहर चौकी मार्ग पर अचानक की बेकाबू हो गया और यह आटो विपरीत दिशा में जाकर एक पक्के मकान के उपर चढ़ गया है। इस सड़क दुर्घटना में आटो ने मकान के सामने की खडे एक दोपहिया वाहन को भी चपेट में ले लिया जिससे वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि जिस वक्त ये सड़क दुर्घटना हुई उससे कुछ समय पहले की वाहन को एक बालिका ने घर के सामने ही खड़ा किया था जिससे जनहानि होने से बच गई है, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार आटो चालक सतीश नगपुरे वार्ड क्रमांक 10 निवासी अपने एक साथी जिसकों वह परिचालक बता रहा था के साथ बस स्टैंड से बैहर चौकी के तरफ जा रहा था अभी वह वार्ड क्रमांक 07 से गुजर ही रहा था कि आटो अचानक बेकाबू हो गया और बैहर मार्ग के तरफ जाने बजाय बालाघाट की ओर अनियंत्रत होकर वार्ड क्रमांक 7 निवासी गणेश कुमार मदनकर के घर के ऊपर चढ़ गया है। इस दौरान आटो ने घर के सामने खड़े दोपहिया वाहन को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस सड़क दुर्घटना से आटो में सवार चालक-परिचालक दूर छिटक कर सड़क पर गिर पड़े जिससे परिचालक बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पड़ा था वहीं, चालक को चोट आने के बाद भी वह नशे की हालत में लोगों से बात करता रहा। बैहर चौकी मार्ग पर सड़क दुर्घटना की जानकारी लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई है जिसने इसकी सूचना 100 डायल पुलिस को दी और सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाकर आवागमन को सुचारु किया है और घायल पड़े चालक-परिचालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और मकान मालिक की शिकायत पर मामले को विवेचना में लिया है ।वही ऐसे ऑटो चालकों पर आरटीओ विभाग को सख्त होकर कार्यवाही करने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।



## बाल विवाह एवं पति से प्रताड़ित वधु को मिलेगी पढ़ाई के लिए छात्रावास की सुविधा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।बाल विवाह होने के बाद पति की प्रताड़ना से पीड़ित बालिका द्वारा अपने जीवन को सुरक्षित रखने एवं भविष्य को उल्लवल बनाने के लिए संघर्ष किया जा रहा है। यह बालिका 28 जून को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के पास मदद की आस लेकर आयी थी। इस बालिका के जज्बे को देखकर कलेक्टर डॉ मिश्रा बहुत प्रभावित हुए और उसे आगे की पढ़ाई के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही अन्य आवश्यकताओं के लिए मदद का आश्वासन दिया। बालिका सोनाली (परिवर्तित नाम) के पिता के द्वारा बालिका की माता को बालिका के जन्म के समय ही छोड़ दिया गया था। उसके पश्चात बालिका अपनी माता के साथ नाना-नानी के गांव में रहने लगी थी। बालिका जब कक्षा ग्यारहवी में अध्यनरत थी तब उसकी माता के द्वारा बालिका का बाल-विवाह 17 वर्ष की उम्र में करा दिया गया था। बालिका के ससुराल में बालिका को पति के द्वारा प्रताड़ित (शराब पीकर मारपीट) किया जा रहा था। 04 माह ससुराल में रहने के पश्चात बालिका पति का घर छोड़कर गोंदिया आ गई। चाईल्ड लाईन की टीम द्वारा बालिका को वन स्टॉप सेन्टर गोंदिया में 12 दिन के लिये आश्रय प्रदान किया गया। तत्पश्चात बालिका को 24 दिसंबर 2021 को बाल कल्याण समिति बालाघाट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालिका को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक के लिये सावित्री ज्योति बालिका गृह बालाघाट में आश्रय दिया गया। बालिका गृह में प्रवेश के एक माह पश्चात ही बालिका की माता की मृत्यु हो गई। बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो जाने के उपरांत बालिका का कोई आश्रय नहीं होने के कारण जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मनीषा लूम्बा के निदेर्शानुसार महिला स्वाधार गृह बालाघाट में आश्रय दिया जा रहा है। अब बालिका 18 वर्ष की हो चुकी है एवं अपने बेहतर भविष्य के लिए वह 28 जून को आवेदन लेकर कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा से मिलने आयी थी। इस दौरान बालिका ने कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया एवं शिक्षा, हॉस्टल, आदि सुविधा प्रदान करने की मांग की । कलेक्टर डॉ मिश्रा बालिका से अत्यंत प्रभावित हुए एवं उन्होंने बालिका के साहस की प्रशंसा की व उसे अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्सहित किया। कलेक्टर द्वारा बालिका के आवेदन को संज्ञान में लेने के पश्चात बालिका को आश्वासन दिया गया कि उसे उचित शिक्षा हेतु कक्षा 12 वीं में प्रवेश एवं रहने के लिये हॉस्टल की व्यवस्था की जावेगी एवं बालिका के उज्जवल भविष्य के लिये यथासंभव सहायता एवं अन्य जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति का ध्यान रखा जायेगा।

## असम करीमगंज जिले के ब्राह्मण शासन की छात्रा सुहादा के लिए एमएसएफ का स्वागत किया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः करीमगंज जिले के उत्तर करीमगंज निर्वाचन क्षेत्र के सुदूर क्षेत्र ब्राह्मण शासन जीपी के लामा बाहादुरपुर सीनियर सेकेंडारी स्कूल की छात्रा सुहादा बेगम ने इस साल की हायर सेकेंडरी की परीक्षा कला वर्ग में 83 प्रतिशत अंकों के साथ सफलतापूर्वक पास की है. तो कल मुस्लिम छात्र संघ की असम राज्य समिति के महासचिव दाहार उद्दीन खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सुहादा और सुहादा के पिता का स्वागत करने के लिए सुहादा के घर आया और उसे कुछ पैसे दिए बधाई दें ।एमएसएफ प्रतिनिधिमंडल ने सुहादार के परिवार से बात की और पता चला कि सुहादार ने अपनी खराब वित्तीय स्थिति के बावजूद यह हासिल किया है। इसलिए एमएसएफ के प्रतिनिधिमंडल ने सुहादार के परिवार को आश्वासन दिया कि सुहादार की पढ़ाई के लिए एमएसएफ हमेशा सुहादार के साथ रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में मुस्लिम छात्र संघ की करीमगंज जिला समिति के पूर्व मीडिया प्रभारी जहरुल तालुकदार, एमएसएफ कार्यकर्ता सामीम आहमद, ब्राह्मण शासन के प्रमुख शिक्षाविद् आब्दुल माणिक, प्रमुख व्यवसायी अब्दुल खालेक और अन्य शामिल थे.




## काछाड़ जिले के सिलचर कस्बे में आई बाढ़ से कई लोगों के घर जलमग्न हो गए हैं.

### इस बाढ़ के कारण लोगों के जीवन में अत्यधिक खतरा सामना करना पड़ रहा है ।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः प्रशासन की ओर से डटकर मुकाबला की तैयारी की जा रही है ताकि लोगों को कोई दिक्कत का सामना करना ना पढ़ रहा है. स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. मालूम हो कि बाढ़ से कई लोग प्रभावित हुए हैं. जैसे सिलचर नेशनल हाईवे रोड चेनकुड़ी रोड, सोनाई रोड, कनकपुर मानलिबिल, आश्रम रोड, बगतपुर। सिलचर में कई लोग अभी भी पानी के नीचे हैं। इसलिए आज सिलचर नेशनल हाईवे आउट पोस्ट प्रभारी मनोज पाठक और सुसेन दासेर और एसडीआरएफ टीम ने आज



बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए पीने का पानी व्यवस्था की सिलचर आश्रम रोड, बगतपुर, रामगर, चेनकुड़ी रोड पर कई लोगों के लिए पानी व्यवस्था की है और आगे भी कोशिश जारी रहेगी.।

## राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मालब दीक्षांत समारोह में पहुंचे जिला उपायुक्त अजय कुमार

मालब गांव के मौजिज लोगों समेत कॉलेज स्टाफ ने उपायुक्त महोदय का किया फूल मालाओं से स्वागत।

**नूंह जुबैर खान** नूंह मेवात जिले के मालब गांव स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में जिला उपायुक्त अजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। कॉलेज के प्राचार्य रईस अहमद ने बताया कि कॉलेज में प्रतिवर्ष 360 बच्चों का दाखिला होता है। वही पॉलिटेक्निक कॉलेज मालब में मैकेनिकल इंजीनियर,कंप्यूटर इंजीनियर, सिविल इंजीनियर,ऑटो इंजीनियर डी फामेर्सी इत्यादि ट्रेड चल रही हैं। कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में जिला उपायुक्त अजय कुमार द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों को सर्टिफिकेट वितरण किए गए। वही उपायुक्त द्वारा तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहन देने की बात कही गई उन्होंने कहा कि बच्चों को नौकरी दिलाने का भी हर संभव प्रयास किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य श्री रहीस अहमद द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 56 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट हो चुकी है। इस मौके पर मालब गांव के मौजिज लोगो साथ-साथ पंच- सरपंच छात्रों सहित संस्था के प्राचार्य व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।



## जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16 के उम्मीदवार शिवा दित्य नेताम को मिल रहा है भारी जनसमर्थन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बिरसा/बालाघाट ।जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का पहला चरण शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो चुका है जिसमे महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।बिरसा जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16 के युवा उम्मीदवार शिवादित्य नेताम को मिलते भारी जनसमर्थन से कार्यकर्ताओ में भारी जोश है ।बता दे बीजेपी समर्थित उम्मीदवार शिवादित्य नेताम बैहर विधानसभा के पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनुपमा नेताम के सुपुत्र है जिनको राजनीतिक समझ विरासत में मिली है जिसका लाभ जनता के रूझान से पता चल रहा है ।बीजेपी कार्यकर्ता ताम्रध्वज डहरवाल ने बताया कि शिवादित्य नेताम के समर्थन में युवा से लेकर महिला पुरूष ने कमर कस लिया है जिससे शिवादित्य की जीत निश्चित है ।बता दे सालेटेकरी,मछुरदा, लालपुर और रघोली ग्रामपंचायत को मिला कर क्षेत्र क्रमांक 16 बना है जहाँ के लोग शिवादित्य को सर आंखों पर बैठाने के लिए आतुर दिख रहे है ।शिवादित्य के साथ चारो ग्रामपंचायत की जनता है जो शिवादित्य को भारी समर्थन कर रही है ।इससे बीजेपी कार्यकताओं में खासा जोश है।





जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 25 से मिल रहा है लोगो का आशीर्वाद

वर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनुपमा नेताम अपने क्षेत्र क्रमांक 25 से बीजेपी उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा है ।जहाँ से श्रीमती नेताम को जनता अपना स्नेह व आशीर्वाद दे रही है जिसको अनुपमा नेताम ने भी सर आंखों पर लेकर जनसंपर्क कर रही है ।कार्यकर्ताओ का कहना है कि एक बार फिर जनता अनुपमा नेताम को चुनने का मन बना लिया है ।दमोह निवासी अनुपमा नेताम अपने कार्यकाल में लोगो के सुख दुख में शामिल होकर लोगो का आशीर्वाद प्राप्त किया है जिसका लाभ दिख रहा है ।जिससे क्षेत्रीय कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह है।

## DAV स्कूल वेद परसदा मे शासकीय कर्मचारी के बच्चे का RTE में दाखिला, शिक्षा अधिकारी से हुआ शिकायत

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। विकासखंड के डीएवी पब्लिक स्कूल वेद परसदा में शिक्षा के अधिकार के तहत डीएवी स्कूल के नोडल अधिकारी व पालकों की मिलीभगत से शासन को गुमराह कर फर्जी व गलत दस्तावेज जमा कर शासकीय कर्मचारियों के बच्चे को शिक्षा के अधिकार के तहत दाखिला लिया गया है। यह जानकारी जैसे ही अन्य पालकों को हुआ तो नोडल अधिकारी के ऊपर शासकीय कर्मचारी और नोडल अधिकारी के सांठगांठ होने की बात कह ते हूऐ दूसरे अन्य पालकों ने जिला शिक्षा अधिकारी के पास डीएवी के नोडल अधिकारी के नाम से नियमविरुद्ध शासकीय कर्मचारियों के बच्चे का दाखिला करने को लेकर शिकायत किए हैं। शिकायतकर्ता के बताए अनुसार डीएवी स्कूल वेद परसदा में दो से तीन शासकीय कर्मचारी के बच्चों का दाखिला किया गया है। डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल श्वेता श्रीवास्तव का कहना है कि शिक्षा के अधिकार के तहत नोडल अधिकारी नियुक्त हुए हैं ,वही पूरी छानबीन कर हमें लिस्ट भेजते हैं उसी के हिसाब से हम बच्चे का दाखिला लेते हैं इसके बारे में हमें जानकारी नहीं है। डीएवी स्कूल के नोडल अधिकारी शासकीय हाई स्कूल वेद परसदा के प्रिंसिपल सीमा चंदेल है उनका कहना है कि जो भी फार्म शिक्षा के अधिकार के तहत हमारे पास आए हैं सभी फोटो कॉपी में ही प्राप्त हुए थे , जिसे हमने डीएवी स्कूल को भेज दिए थे, और उसमें यह बात का उल्लेख भी लिखे थे की मूल प्रति के जांच करने के उपरांत ही दाखिला करें ।हमारे हिसाब से सभी दाखिला नियम अनुसार ही हुआ है। वहीं इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी डीके कौशिक का कहना है कि इस विषय में शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है शिकायत की जांच करवाया जाएगा ,झूठी दस्तावेज पाए जाने पर दोषियों पर उचित करवाई किया जाएगा।




## GDPCF ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने के लिए राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार और पाथारकान्दी विधायक कृष्णेंदु पाल को धन्यवाद ज्ञापन किया

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार और पाथारकान्दी विधायक कृष्णेंदु पाल ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने के लिए धन्यवाद दिया, खासकर करीमगंज जिले के शनबिल क्षेत्र और अन्य स्थानों में। दुल्लभछड़ा (जीडीपीसीएफ) के अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से विधायक सरकारी सहायता और अपने स्वयं के धन से विभिन्न राहत सामग्री के साथ बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़े थे, वह वास्तव में सराहनीय। जिस तरह से वे आगे आए हैं। आसपास के जिले और आसपास के जिला मुख्यालय सिलचर में बाढ़ पीड़ितों की मदद करना उनके पूरे जीवन के लिए एक ऐतिहासिक उदाहरण होगा। अंशुमान पाल ने असम के मुख्यमंत्री डॉ हीमंत विश्व शर्मा जिस तरहा बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए सामने आई और 1 जुलाई को फिर से आने का वादा किया और जिस तरह से बाढ़ पीड़ितों को पर्याप्त राहत और पानी सुनिश्चित करने के लिए सिलचर में राज्य के विभिन्न जिला प्रशासन और जिला प्रशासन के संपर्क में रहे हैं वह भी सराहनीय और एक ऐतिहासिक है।

## करीमगंज जिला रुद्रराज ब्राह्मण सम्मिलानी करीमगंज जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सेवा कर रहे है।

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः**

करीमगंज जिले के रुद्रराज ब्राह्मण सम्मिलानी की पहल पर सुप्राकांडी दुल्लभपुर गांव में राहत वितरण किया गया. उनके साथ बाबलू नाथ धर्मगुरु सुदीप नाथजी, करीमगंज जिले के अध्यक्ष रुद्रराज ब्राह्मण सम्मिलानी, के सह संपादक मुन्ना देव नाथ, पुरोहित लिटन नाथ थे.

धर्मगुरु सुदीप नाथजी ने कहा सेवा ही उत्तम कर्म है, सेवा ही परम धर्म है। सम्मिलानी के अध्यक्ष बाबलू नाथ ने कहा, "करीमगंज जिला रुद्रराज ब्राह्मण सम्मिलानी की ओर से, हम आज 50 बाढ़ प्रभावित परिवारों के परिवारों से मिलते हैं। हमने उनकी जितनी हो सके आपने तोरफ से मदद की है, दुखों को देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ। धर्मगुरु सुदीप नाथजी, करीमगंज जिला रुद्रराज ब्राह्मण सम्मिलानी अध्यक्ष बाबलू नाथ, संपादक संतोष



नाथ, सह-संपादक मुन्ना देव नाथ, सुमित नाथ, शैलेंद्र नाथ, अरबिंदु नाथ मौजूद थे,

## 66 आंगनवाड़ी कार्यकताओं को एसआरएफ फाउंडेशन के द्वारा दिया गया शैक्षणिक प्रशिक्षण

**नूंह जुबैर खान**

एस आर एफ फाउंडेशन नूह खंड के 18 गांवो में पिछले एक साल से 66 आंगनवाड़ी को मॉडल आगनवाड़ी बनाने पर कार्य कर रही है जिसमे से अभी 24 आंगनवाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनवाड़ी के रुप में परिवर्तित किया है। जिसमे उन्होंने सभी आगनवाड़ी की रिपेयरिंग, पेंट,किचन गार्डन, टॉयल्ट और बाला पेंटिंग आदि का कार्य कर दिया है और सभी बच्चों को बैठने के लिए टेबल,कुर्सी, दरी व अलमारी दी गई ताकि बच्चें अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके इसी के चलते हुए उन्होंने आगनवाड़ी वर्कर और सुपरवाइजर को वॉश, दूषित पानी से होने वाली बीमारी, और शौच व सफाई रखने के लिए दो दिन की ट्रैनिंग भी करवाई जा चुकी हैं।




3-6 साल के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके इसके लिए 66 आंगनवाड़ी कार्यकताओं को 3 समूह में विभाजित कर उनको दो - दो दिन का शैक्षणिक प्रशिक्षण आयोजन किया गया।

एस आर एफ फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी देवेंदर रोजाना केंद्र पर जाकर आगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर को नई नई गतिविधि कराकर अवगत कराता है जिससे बच्चें खेल खेले में पढ़ाई कर सके और उनको कविता जैसे छुक छुक रेल चली, आलू कचालू कहा गए थे, बेगन बड़े मजेदार आदि के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जाता है जिससे बच्चें बड़े आनंद लेकर पढ़ाई कर रहे और रोजाना सैंटर पर आते है और इसके आलावा गांव में जाकर माता पिता को बता जाता है अपने छोटे बच्चों को सैंटर पर भेजे।

सभी वर्कर, को एसआरएफ फाउंडेशन नूह के ऑफिस में 18 गांव की 66 आंगनवाड़ी वर्कर को 3 बैच में विभाजित करके दो-दो दिन का शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सभी आंगनवाड़ी वर्कर ने भाग लिया। शैक्षणिक प्रशिक्षण शीतल मदान मैडम के द्वारा दिया गया जिसमें मैडम ने आंगनवाड़ी मैनेजमेंट, आंगनवाड़ी के उद्देश्य, समय सारणी विभिन्न प्रकार के रजिस्टर रिकॉर्ड, हैंड्स ऑन हैंड्स एक्टिविटी करवाना, सर्किल टाइम एक्टिविटी करवाना, विभिन्न प्रकार की चार्ट पेपर पर गतिविधि करवाना और विभिन्न प्रकार के फ्लैश कार्ड आदि बनाना सिखाया। साथ ही ट्रेनिंग की शुरूआत में सभी आंगनवाड़ी वर्कर से प्री

एसेसमेंट टेस्ट और पोस्ट एसेसमेंट टेस्ट भी लिया गया। साथ ही सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को हैंड बुक, बच्चो के लिए 30 अभ्यास पुस्तिका, और फ्लैश कार्ड एवं टीएलएम आदि सामान वितरित किया।